THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 9 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) चैत्र शु.9 2082 रविवार, 6 अप्रैल-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये

रक्षा मंत्री ने किया नौसेना की परियोजनाओं का उद्घाटन

कारवार, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कर्नाटक के कारवार नौसैनिक अड्डे पर नौसेना की तमाम परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने हिंद महासागर पोत आईओएस सागर को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आईएनएस सुनयना से जुड़े इस जहाज में नौ देशों की नौसेनाओं के 44 कर्मी सवार हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हिंद महासागर पोत आईओएस सागर की यात्रा की शुरूआत पर ढेर सारी बधाई। मैं भारतीय नौसेना और हिंद महासागर क्षेत्र के हमारे सभी हितधारकों की सराहना करता हूं। आपके अथक प्रयासों और मेहनत से ही यह संभव हो पाया है। सभी मित्र देश जो सागर की यात्रा में विशेषज्ञता और अनुभव साझा करने आए हैं, उनका भी आभार।

86 नक्सलियों ने हथियार डाले

आत्मसमर्पण करने वालों में 20 महिलाएं

हैदराबाद, 5 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। गृह मंत्री अमित शाह के बस्तर दौरे के बीच, तेलंगाना में 86 नक्सलियों ने हथियार डाल दिए। छत्तीसगढ़ में प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) के कुल 86 सदस्य शनिवार को तेलंगाना के भद्रादी कोत्तागुडेम जिले में हेमचंद्रपुरम पुलिस मुख्यालय पहुंचे, जहां पर उन्होंने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वालों में 20 महिलाएं शामिल हैं।

चार एरिया कमेटी सदस्यों (एसीएम) सहित 86 माओवादियों ने नक्सलवाद के हिंसक रास्ते को छोड़ने का फैसला किया है, क्योंकि वह अपने परिवार के साथ शांतिपूर्ण जीवन जीना चाहते हैं। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, नक्सलियों ने मल्टी जोन-1 के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) एस चंद्रशेखर रेड्डी के सामने आत्मसमर्पण किया है। विज्ञप्ति के अनुसार, आत्मसमर्पण करने वालों को तत्काल सहायता के रूप में 25 हजार रुपये दिए गए।

चारों एरिया कमेटी सदस्यों पर था चार-चार लाख रुपये इनाम

भद्रादी कोत्तागुडेम जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) बी रोहित राजू ने बताया कि चारों एरिया कमेटी सदस्यों (एसीएम) पर चार-चार लाख रुपये का इनाम था। उन्होंने बताया कि नक्सलियों ने 'ऑपरेशन चेयुथा' के तहत आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने बताया कि सभी नक्सलियों ने आदिवासी समुदायों के लिए किए जा रहे विकास और कल्याणकारी पहलों के बारे में जानने के बाद आत्मसमर्पण करने का फैसला किया।

इस वर्ष 224 नक्सली कर चुके आत्मसमर्पण :

पुलिस के अनुसार, इस वर्ष अब तक विभिन्न कैडर के 224 नक्सली पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिबंधित सीपीआई(एम) पुरानी विचारधारा पर काम कर रहा है। आदिवासियों के बीच विश्वास और समर्थन खोने के बाद उग्रवादियों ने मुख्यधारा में शामिल होने का फैसला किया।

आपदा प्रबंधन के लिए केंद्र सरकार ने 1280 करोड़ रुपये की दी मंजूरी

नई दिल्ली, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता वाली एक उच्च स्तरीय समिति ने बिहार, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु और पुडुचेरी के लिए 1280.35 करोड़ रुपये की आर्थिक मदद को मंजूरी दी है।

साल 2024 में इन राज्यों में आई बाढ़, बादल फटने, भूस्खलन और चक्रवाती तूफान जैसी घटनाओं में मदद के लिए इस अतिरिक्त केंद्रीय मदद की मंजूरी दी गई है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि कुल 1280.35 करोड़ रुपये में से बिहार के लिए 588.73 करोड़ रुपये, हिमाचल प्रदेश के लिए 136.22 करोड़ रुपये, तमिलनाडु के लिए 522.34 करोड़ रुपये और पुडुचेरी के लिए 33.06 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। यह सहायता केंद्र द्वारा राज्यों को राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) और केंद्र शासित प्रदेश आपदा प्रतिक्रिया कोष (यूटीडीआरएफ) में जारी की गई धनराशि के अतिरिक्त दी गई है। बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार बिहार, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है, जिन्होंने पिछले साल प्राकृतिक आपदाओं का सामना किया था।

'श्रीलंका से मछुआरों की रिहाई की मांग'

> तमिलों को पूरा अधिकार देने को कहा, विदेशियों को मिलने वाला सबसे बड़ा अवॉर्ड मिला

कोलंबो, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रीलंका के तीन दिन के दौरे पर हैं। यहां पीएम मोदी और श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के बीच द्विपक्षीय बातचीत हुई। इस दौरान मोदी ने भारतीय मछुआरों की गिरफ्तारी पर चर्चा की।

मोदी ने कहा कि यह मछुआरों की आजीविका का मुद्दा है। हमने मछुआरों को तुरंत रिहा करने और उनकी नावों को छोड़ने पर बात की है। हम सहमत हैं कि हमें इस मामले में इंसानियत के साथ आगे बढ़ना चाहिए। तमिल मुद्दे पर मोदी ने कहा कि उन्हें यकीन है कि श्रीलंका सरकार तमिलों की उम्मीदों को पूरा करेगी और श्रीलंका के संविधान के तहत मिले पूरे अधिकारों को लागू करेगी। वहीं, राष्ट्रपति दिसानायके ने कहा- मैंने पीएम मोदी से कहा कि जरूरत के समय भारत की मदद हमारे लिए बेहद अहम रही है। मैंने उन्हें कहा है कि श्रीलंका अपने इलाके का इस्तेमाल भारत के सुरक्षा हितों के खिलाफ नहीं होने देगा। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मित्र विभूषण अवॉर्ड दिया। मित्र भूषण अवॉर्ड श्रीलंका का गैर-नागरिकों के लिए सर्वोच्च सम्मान है। मोदी ने कहा कि यह सम्मान केवल मेरा सम्मान नहीं, बल्कि यह 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। यह भारत और श्रीलंका के लोगों के बीच ऐतिहासिक संबंधों और गहरी मित्रता का सम्मान है। पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति दिसानायके ने अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए भारत को चुना था और उनके पहला विदेशी मेहमान बनने का सौभाग्य मुझे मिला। यह हमारे विदेशी संबंधों की गहराई का प्रतीक है।

आरएसएस का ध्यान अब चर्च की जमीनों पर : राहुल

नई दिल्ली, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। वक्फ संशोधन विधेयक भले ही संसद के दोनों सदनों से पास हो गया हो, पर इस पर विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। तमाम राजनीतिक दल इस विधेयक को लेकर विरोध जता रहे हैं। इस बीच राहुल गांधी ने वक्फ बिल को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए सवाल खड़े किए हैं। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक खबर शेयर करते हुए लिखा कि मैंने कहा था कि वक्फ विधेयक अभी मुसलमानों पर हमला करता है।

'हैदराबाद यूनिवर्सिटी को दूसरी जगह शिफ्ट करने पर हो रहा विचार'

सीएम को प्रस्ताव मिलने का दावा

हैदराबाद, 5 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना में कांचा गाच्चीबाउली गांव में 400 एकड़ इलाके में फैले जंगल की कटाई का मामला गरमाया हुआ है, इसके विरोध में हैदराबाद यूनिवर्सिटी के छात्र कई दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं। इस विवाद के बीच दावा किया जा रहा है कि तेलंगान के सीएम रेवंत रेड्डी के एक प्रस्ताव मिला है, जिसमें हैदराबाद यूनिवर्सिटी को दूसरी जगह स्थानांतरित कर उसकी मौजूदा जगह पर 2000 एकड़ जमीन पर इको पार्क विकसित करने का सुझाव दिया गया है। हालांकि प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने इसे मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश करार देकर खारिज कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, तेलंगाना सरकार के अधिकारियों ने यह दावा किया है कि सीएम को मिले प्रस्ताव में सुझाव दिया गया है कि यूनिवर्सिटी की जमीन सहित कुल 2000 एकड़ जमीन पर इको पार्क विकसित किया जाए। इस पार्क में दुनिया का सबसे ऊंचा वॉच टावर बनाने का भी सुझाव दिया गया है। इसके तहत यूनिवर्सिटी को किसी अन्य जगह पर स्थानांतरित किया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार जमीन और फंड आवंटित करेगी।

एमपी में लू का अलर्ट: 7-8 अप्रैल को उज्जैन-ग्वालियर में हीट वेव चलेगी; भोपाल-इंदौर में तेज गर्मी

भोपाल, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। गर्मी के इस सीजन में पहली बार मध्यप्रदेश में हीट वेव यानी, लू का अलर्ट है। मौसम विभाग ने 7 और 8 अप्रैल को उज्जैन, ग्वालियर और चंबल संभाग के 10 जिलों में लू चलने की संभावना जताई है। वहीं, भोपाल, इंदौर, जबलपुर-सागर संभाग में भी तेज गर्मी पड़ने का अनुमान है। इसके बाद गर्मी का असर बढ़ेगा। जिससे तापमान में भी बढ़ोतरी होगी। अगले 3 से 4 दिन तक दिन का तापमान बढ़ सकता है। वहीं, 7-8 अप्रैल को हीट वेव यानी, गर्म हवा चलने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, 7 अप्रैल को नीमच, मंदसौर, ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड और दतिया में लू चल सकती है। 8 अप्रैल को नीमच, मंदसौर, श्योपुर, मुरैना, ग्वालियर, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना और अशोकनगर में हीट वेव का असर रहेगा।

सावधान ! यूपी-दिल्ली-पंजाब में झुलसाएगी गर्मी, आईएमडी ने जारी कर दी चेतावनी

नई दिल्ली, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। अभी तक दिल्ली-एनसीआर से लेकर उत्तर और उत्तर पूर्वी राज्यों में काफी हद तक गर्मी से काफी राहत थी। मगर, आप सावधान हो जाएं, क्योंकि भीषण गर्मी का अलर्ट जारी हो चुका है। मौसम विभाग ने आज शनिवार के लिए चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली सहित आसपास के राज्यों में भीषण गर्मी यानी कि 9 अप्रैल तक हीट वेव की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली, पंजाब, उत्तर प्रदेश, गुजरात, पश्चिम और पूर्वी राजस्थान औलर मध्य प्रदेश में 10 अप्रैल तक हीट वेव यानी कि लू चलेगी। हालांकि, मौसम विभाग ने जमीन पर मध्य प्रदेश, अंडमान निकोबार और अरब सागर में एक साथ बन रहे

साइक्लोनिक सर्कुलेशन की भी बात की है। मौसम विभाग के अनुसार, इनके प्रभाव क्षेत्र में आने वाले हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ-साथ तेज हवाओं और गर्जन के साथ बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने प्रायद्वीपीय भारत, अंडमान निकोबार, ओडिशा और नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में बारिश की संभावना जताई है। साथ ही पश्चिम बंगाल के दक्षिणी हिस्सों जो कि गंगा का भाग है वहां पर भी बारिश की संभावना है।

दक्षिण में बारिश

वहीं, मौसम विभाग ने दक्षिण भारत के राज्यों के लिए भी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, इसे प्री-मानसून भी कह सकते हैं। आज और कल केरल, माहे, असम, मेघालय, तामिलनाडु, साउथ इंटेरियर कर्नाटक, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर और त्रिपुरा में बारिश हो सकती है।

चक्रवाती हवाओं का आसर

स्काईमेट वेदर के अनुसार, उत्तर कर्नाटक पर बने चक्रवाती हवाओं से दक्षिणी भारत अब प्री-मानसूनी गतिविधियों की चपेट में आया है। आने वाले करीब एक हफ्ते तक कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में तेज बारिश और गरज-चमक देखने को मिलेगी। हालांकि, बारिश की तीव्रता और स्थान में अंतर रहेगा। दक्षिण भारत के पश्चिमी हिस्सों में ज्यादा बारिश, तेज हवाएं और गरज-चमक का असर रहेगा। दक्षिण आंतरिक कर्नाटक जिसमें बेंगलुरु, मैसूर, मंड्या, कोलार, तुमकुर, हसन और चामराजनगर शामिल हैं।

आधे अप्रैल के बाद से बढ़ेगी गर्मी

मार्च के महीने में खासकर 10 से 15 मार्च के बीच तापमान में जबरदस्त उछाल देखा गया था। गुजरात और राजस्थान के कई हिस्सों में लू से लेकर भीषण लू जैसी स्थिति बन गई थी। मार्च के दूसरे हिस्से में मौसम ने थोड़ी राहत दी, लेकिन अप्रैल ने धधकती गर्मी के साथ दस्तक दी है।

कई शहरों में 40 पार

स्काईमेट वेदर के अनुसार, गुजरात के राजकोट, सुरेंद्रनगर, भुज, अमरेली, अहमदाबाद और डीसा जैसे शहरों में पारा पहले ही 40 से ऊपर दर्ज किया जा चुका है। वहीं, राजस्थान के जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर, बीकानेर और कोटा जैसे इलाकों में भी यही स्थिति बनी हुई है, जहां तापमान 40 के करीब पहुंच चुका है।

'दिल्ली के स्कूलों में फीस में इजाफा' आतिशी ने गिनाए नाम, बीजेपी की सरकार पर आप का निशाना

नई दिल्ली, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही निजी स्कूलों के संचालक बेलगाम हो गए हैं। निजी स्कूलों के संचालक मनमाने तरीके से फीस बढ़ाकर उसकी वसूली अभिभावकों से कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष आतिशी इस मसले को पिछले कई दिनों से सोशल मीडिया पर उठा रही हैं। इसके बावजूद बीजेपी सरकार द्वारा इस मुद्दे पर न देने पर उन्होंने चिंता जताई है।

ग्रेटर कैलाश से विधायक आतिशी और पूर्व सीएम आतिशी ने एक्स पर लिखा, दिल्ली में जब तक आदमी पार्टी पार्टी की सरकार थी, किसी भी स्कूल संचालकों की फीस बढ़ाने की हिम्मत नहीं हुई। एक दौर था जब दिल्ली के प्राइवेट स्कूलों को पैरेंट्स से वसूली गई बढ़ी हुई फीस तक लौटानी पड़ी थी। क्योंकि तब दिल्ली में शिक्षा पर काम करने वाली सरकार थी। अब बीजेपी की सरकार है और निजी स्कूल वाले मनमाने तरीके से फीस में बढ़ोतरी कर रहे हैं।

आतिशी ने अपने पोस्ट में दावा किया है कि इसकी शिकायत बीजेपी के पदाधिकारी भी कर रहे हैं। क्या उनको भी जेल भेजा जाएगा? क्या फीस बढ़ोतरी की सोशल मीडिया पर शिकायत करने वालों को भी बीजेपी मीडिया सेल वाले जेल में डालने की धमकी देंगे? उन्होंने कहा है कि अरविंद केजरीवाल की सरकार ने 10 साल तक प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर लगाम लगाई थी। जैसे ही दिल्ली में विपदा सरकार आई वो अपने साथ मिडिल क्लास के लिए तबाही ले आई। दिल्ली में सिर्फ 2 महीने में शिक्षा माफिया फिर से हावी हो गया है। दिल्ली के प्राइवेट स्कूलों ने 20 से 80 प्रतिशत तक फीस बढ़ा दी है।

बुजुर्ग और गंभीर रूप से बीमार कैदियों की रिहाई की मांग, एससी में याचिका

नई दिल्ली, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। नालसा ने बुजुर्ग और गंभीर रूप से बीमार कैदियों की रिहाई के लिए सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। याचिका में दयापूर्ण रिहाई के मांग करते हुए वृद्ध दोषियों की गरिमा को बनाए रखने के लिए तत्काल कानूनी हस्तक्षेप का आग्रह किया गया है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की ओर से शुरू किए गए विशेष अभियान के तहत देश भर में बुजुर्ग और गंभीर रूप से बीमार दोषियों की रिहाई की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका में इस बात पर जोर दिया गया है कि न्याय प्रणाली गंभीर रूप से बीमार या वृद्ध कैदियों के साथ किस तरह पेश आती है, इसमें तत्काल सुधार की आवश्यकता है। याचिका में तर्क दिया गया है कि ऐसे व्यक्तियों को लगातार कैद में रखना, जिनमें से कई लोगों के पास सही तरीके से डॉक्टरों की देखभाल, दवाइयां तक पहुंच नहीं है। संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 के तहत उनके अधिकारों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सिद्धांतों का उल्लंघन करता है। जनहित याचिका में नालसा के बुजुर्ग कैदियों और असाध्य रूप से बीमार कैदियों के लिए विशेष अभियान का समर्थन किया गया है, जिसे 10 दिसंबर, 2024 (मानवाधिकार दिवस) को न्यायमूर्ति बीआर गवई के मार्गदर्शन में शुरू किया गया था, जो नालसा के कार्यकारी अध्यक्ष हैं। अभियान का उद्देश्य ऐसे कैदियों की पहचान करना, कानूनी सहायता के माध्यम से उनकी रिहाई की सुविधा प्रदान करना और समाज में उनके फिर से एकीकरण का समर्थन करना है। राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (नालसा) का गठन कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत किया गया, जिसमें समाज के कमजोर वर्गों को फ्री में कानूनी सेवाएं प्रदान करने की बात कही गई है। साथ ही विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए लोक अदालतों का आयोजन करने के लिए भी नालसा का गठन किया गया है। हर जिले में, जिले में कानूनी सेवा कार्यक्रमों को लागू करने के लिए जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण का भी गठन किया गया है।

मंदसौर में लोगों ने शराब की दुकान से फेकीं बोतलें कई वाहनों के तोड़े शीशे सीएसपी ने दी ये चेतावनी

मंदसौर, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले के जग्गा खेड़ी में शराब की दुकान हटाने की मांग को लेकर स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। मामला बेकाबू होने के बाद लोगों को आक्रोश फूट पड़ा और उन्होंने देर शाम को महिला और पुरुषों के हुजूम ने शराब के ठेके पर हमला बोल दिया। नाराज लोगों ने वाहनों और दुकान में तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को समझा बुझाकर संभाला। अब इस मामले को लेकर मंदसौर के सीएसपी सतनाम सिंह ने कहा, शराब की दुकान में तोड़फोड़ की गई है। पुलिस मौके पर मौजूद है। पुलिस इस मामले में मुकदमा दर्ज

वक्फ बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे अरविंद केजरीवाल की पार्टी के एमएलए अमानतुल्लाह खान, कर दी ये मांग

नई दिल्ली, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ आम आदमी पार्टी के ओखला से विधायक अमानतुल्लाह खान ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। उन्होंने याचिका दायर कर संशोधन को असंवैधानिक करार देने की मांग की है। साथ ही उन्होंने बदला हुआ कानून लागू करने पर रोक की भी मांग की है। अमानतुल्लाह खान ने संशोधित कानून को मुसलमानों के मौलिक अधिकारों के खिलाफ बताया है। उन्होंने कहा है कि यह विधेयक मुसलमानों की धार्मिक और सांस्कृतिक स्वायत्तता को कम करता है, मनमाने कार्यकारी हस्तक्षेप को सक्षम बनाता है और अपने धार्मिक और धर्मार्थ संस्थानों का प्रबंधन करने के अल्पसंख्यकों के अधिकारों को कमजोर करता है।

मोहम्मद जावेद और असदुद्दीन ओवैसी ने भी दी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

बता दें कि इससे पहले कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद और एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 की वैधता को चुनौती दी और कहा कि यह संवैधानिक प्रावधानों के खिलाफ है। मोहम्मद जावेद की याचिका में आरोप लगाया गया है कि विधेयक में वक्फ संपत्तियों और उनके प्रबंधन पर 'मनमाने प्रतिबंध' लगाने के प्रावधान किए गए हैं, जिससे मुस्लिम समुदाय की धार्मिक स्वायत्तता कमजोर होगी। अधिवक्ता अनस तनवीर के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है कि विधेयक में मुस्लिम समुदाय से भेदभाव किया गया है, क्योंकि इसमें 'ऐसे प्रतिबंध लगाए गए हैं, जो अन्य धार्मिक बंदोबस्तों में मौजूद नहीं हैं।' वहीं असदुद्दीन ओवैसी की याचिका वकील लजफीर अहमद ने दायर की। याचिका में कहा गया है कि वक्फ को दी गई सुरक्षा को कम करना जबकि अन्य धर्मों के धार्मिक व धर्मार्थ बंदोबस्तों का संरक्षण बरकरार रखना मुसलमानों के खिलाफ शत्रुतापूर्ण भेदभाव है और यह संविधान के अनुच्छेद 14 और 15 का उल्लंघन है, जिसमें धर्म के आधार पर भेदभाव पर रोक है। गौरतलब है कि राज्यसभा में 128 सदस्यों ने विधेयक के पक्ष में जबकि 95 ने विरोध में मतदान किया, जिसके बाद इसे पारित कर दिया गया। लोकसभा ने तीन अप्रैल को विधेयक को मंजूरी दे दी थी। लोकसभा में 288 सदस्यों ने विधेयक का समर्थन, जबकि 232 ने विरोध किया।

कांग्रेस विधायक और उनके समर्थकों ने किया पुलिस पर पथराव, एफआईआर दर्ज

सोमनाथ, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। गुजरात के गिर सोमनाथ जिले के वेरावल कस्बे में हिंसा करने और ड्यूटी पर तैनात तीन पुलिसकर्मियों को घायल करने का आरोप कांग्रेस विधायक विमल चुडासमा पर लगा है। इसके लिए विमल चुडासमा और उनके 39 समर्थकों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। ये जानकारी पुलिस ने साझा की है। सोमनाथ सीट से विधायक और 39 अन्य लोगों ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रभास पाटन इलाके में एक तोड़फोड़ अभियान को रोकने की कोशिश की। जब पुलिस ने मौके पर एकत्र भीड़ को तितर-बितर करने का प्रयास किया तो भीड़ और उनके समर्थकों ने पथराव किया। पुलिस ने बताया कि कांग्रेस विधायक सहित 15 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया और बाद में उन्हें रिहा कर दिया गया। जिला पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह जडेजा ने बताया कि राजस्व अधिकारी अनिल भगत की शिकायत के आधार पर प्रभास पाटन पुलिस ने चुडासमा और 39 अन्य के खिलाफ दंगा करने, अवैध रूप से एकत्र होने और सरकारी कर्मचारियों को उनके कर्तव्यों का पालन करने से रोकने और उन्हें चोट पहुंचाने के आरोप में मामला दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शुक्रवार सुबह जब स्थानीय प्रशासन प्रभास पाटन में अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर रहा था तो चुडासमा और 39 अन्य लोग मौके पर पहुंचे और अधिकारियों को काम करने से रोकने की कोशिश की। उन्होंने तोड़फोड़ अभियान का विरोध किया और उनपर पथराव किया।

वक्फ संशोधन: राहुल-प्रियंका से नाराज इंडियन मुस्लिम लीग कांग्रेस सांसद के इस कदम को बताया 'काला धब्बा'

कोच्चि, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने वायनाड सांसद और कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी की लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल पर चर्चा के दौरान अनुपस्थिति पर असंतोष व्यक्त किया है। समस्त केरल जेम-इयथुल उलमा के मुखपत्र सुप्रभातम् ने 4 अप्रैल को प्रियंका गांधी की अनुपस्थिति को काला धब्बा बताया और सवाल उठाया कि जब बीजेपी इस बिल को बढ़ा रही थी, तो प्रियंका गांधी कहां थीं।

राहुल गांधी की चुप्पी पर भी सवाल

सुप्रभातम् ने राहुल गांधी की चुप्पी पर भी सवाल उठाया और कहा कि विपक्ष का यह कर्तव्य था कि वह इस बिल पर बोलते। इसके साथ ही, लेख में विपक्षी दलों, खासकर कांग्रेस, टीएमसी और वामपंथी दलों की भारत गठबंधन के तहत एकजुटता की सराहना की गई। इन दलों ने संसद में इस बिल के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया था।

वक्फ संशोधन बिल पर विपक्ष का विरोध

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद सैयद नसीर हुसैन ने इस बिल को असंवैधानिक और अन्यायपूर्ण बताया। उन्होंने कहा, यह एक संवैधानिक समस्या है, यह बिल असंवैधानिक और अन्यायपूर्ण है। यह लक्षित विधेयक है। दोनों सदनों में बहस बहुत अच्छी रही, लेकिन सरकार अपने फैसले पर अड़ी रही। इसके बाद, संसद ने मध्यरात्रि के बाद इस बिल को पास किया। वक्फ संशोधन बिल 2025 का उद्देश्य 1995 के वक्फ अधिनियम में सुधार करना है ताकि वक्फ संपत्तियों के प्रशासन और प्रबंधन में सुधार हो सके। इस बिल में पहले से मौजूद अधिनियम की खामियों को दूर करने का प्रयास किया गया है और वक्फ बोर्ड की कार्यक्षमता को बढ़ाने के लिए पंजीकरण प्रक्रिया और प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जाएगा।

7-13 अप्रैल के बीच बीजेपी नेता करेंगे बूथों पर प्रवास

बूथ पर 8 घंटे बिताना जरूरी, अंबेडकर जयंती के लिए 34 मंडलों की बैठक संपन्न

इंदौर, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर इंदौर जिला मुख्यालय पर एवं सभी कार्यकर्ताओं के घर पर भारतीय जनता पार्टी का झंडा फहराया जाएगा। जिसके साथ सेल्फी लेकर विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कार्यकर्ताओं को भाजपा4विकितभारत हैश टैग के साथ पोस्ट करना होगा। साथ ही कार्यालय पर प्रदर्शनी लगाकर मिठाई वितरण भी किया जाएगा। वहीं 7 से 13 अप्रैल के बीच बीजेपी नेता बूथों पर प्रवास भी करेंगे। जावरा कंपाउंड स्थित भाजपा कार्यालय पर नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह जानकारी दी। मिश्रा ने बताया कि 6 और 7 अप्रैल को मंडल स्तर पर भारतीय जनता पार्टी के प्राथमिक सदस्यों के साथ पार्टी का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। 8 और 9 अप्रैल को विधानसभा स्तर पर एक बड़ा सम्मेलन आयोजित करेंगे। जिसमें सक्रिय सदस्य एवं सभी कार्यकर्ताओं को शामिल किया जाएगा।

साथ ही प्रदेश स्तर पर भी अतिथियों को आमंत्रित किया जाएगा सम्मेलन में अलग-अलग तीन विषयों पर बात रखने के लिए तीन वक्ता नगर या फिर प्रदेश स्तर से भेजे जाएंगे। पहला विषय- बीजेपी की चुनावी सफलता एवं संगठनात्मक विस्तार, दूसरा विषय- भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाया गया परिवर्तन एवं तीसरा विषय- प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के साथ पिछले 11 वर्षों में विकसित भारत की यात्रा है।

वक्फ बिल को लेकर संजय राउत का बड़ा दावा

'बीजेपी के बड़े नेता हमारे संपर्क में थे कि हम बिल का समर्थन करें '

मुंबई, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा और राज्यसभा से वक्फ संशोधन बिल पास होने के बाद शिवसेना-यूबीटी के सांसद संजय राउत ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि इस बिल का हिंदुत्व से कोई संबंध नहीं है। ये अपने अवैध काम को वैध बनाने के लिए बिल लाए हैं। उन्होंने दावा किया कि बीजेपी के बड़े नेता हमारे संपर्क में थे कि हम बिल का समर्थन करें। उन्होंने कहा कि हमारे कुछ लोग बाहर थे नहीं तो उनका भी वोट विरोध में डाले जाते। इस दौरान संजय राउत ने शिवसेना एकनाथ शिंद गुट पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि शिंदे गुट के लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के चेले हैं और ये लोग डरते हैं। यही नहीं उन्होंने पीएम मोदी के थाईलैंड दौरे पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि बैंकॉक में उनके मन का मसाज चल रहा है। वहां जाकर लोगों के मन और दिमाग का मसाज होता है। अमेरिका का ट्रेड वार बहुत बड़ा खतरा है। चीन ने वापस जवाब दिया। लेकिन, हमारे प्रधानमंत्री थाईलैंड में घुम रहे हैं।

संसद में क्या बोले थे संजय राउत?

इसस पहले वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक 2025 पर चर्चा के दौरान शिवसेना-यूबीटी के सांसद संजय राउत ने कहा था कि दो दिन से संसद के दोनों सदनों में गरीब मुसलमान की काफी चिंता हो रही है। अचानक इतनी चिंता होने लगी है कि मुझे डर लगने लगा है, मुसलमान भी डरे हैं और हिंदू भी डरे हैं कि गरीब मुसलमान की इतनी चिंता क्यों हो रही है। उन्होंने कहा था कि मुसलमानों की इतनी चिंता तो बैरिस्टर मोहम्मद अली जिन्ना भी नहीं करते थे। संजय राउत ने कहा कि हमें पहले लगता था कि हम सब मिलकर एक हिंदू राष्ट्र बना रहे हैं। उन्होंने सत्ता पक्ष से कहा, लेकिन यह सब, आपका भाषण देखकर मुझे लगता है कि आप एक हिंदू पाकिस्तान बनाने जा रहे हैं। राउत ने कहा था कि यह बिल जो आप लेकर आए हैं, वह लोगों का ध्यान भटकाने के लिए है। राउत ने कहा था कि कल ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 26 फीसदी ड्यूटी का आक्रमण किया। ध्यान भटकाने के लिए उसी दिन आप यह बिल लेकर आए। चर्चा तो यह होनी चाहिए थी कि ट्रंप ने जो टैक्स लगाया, उससे हमारे देश पर क्या प्रभाव पड़ेगा। हमारी अर्थव्यवस्था गिरेगी, हमारा रुपया गिरकर मर जाएगा। जनता इन सब बातों को सोच रही थी, लेकिन आपने उनका ध्यान भटका दिया और हिंदू-मुसलमान के मुद्दे पर ले आए।

नाले में पलटी स्कूल वैन, सवार थे 30 बच्चे चक्का खुल जाने के कारण हुआ हादसा

फिरोजपुर, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। फिरोजपुर के कच्चा जीरा रोड स्थित गुरु रामदास पब्लिक स्कूल रामपुरा की स्कूल वैन शनिवार सुबह एक नाले में पलट गई। वैन का चालक विभिन्न गांव से बच्चों को लेकर स्कूल जा रहा था। वैन में लगभग 30 बच्चे सवार थे। सभी बच्चों को हल्की चोट लगी है। चालक जग्गा सिंह ने बताया कि उसकी वैन में 30 बच्चे सवार थे। सुबह 7:00 बजे वह विभिन्न गांव से बच्चों को लेकर स्कूल जा रहा था। जैसे ही नाले के पुल के ऊपर पहुंचा तो वैन का चक्का खुल गया और वैन सीधा पुल से नाले में जाकर गिरी। बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। बच्चों को हल्की चोट लगी है। चालक ने कहा कि वह वैन को बहुत धीरे-धीरे चल रहा था इसलिए काफी बचाव हुआ है। वहीं हादसे पर सीएम मान ने शोक जताया है।

मणिपुर में शांति की पहल, केंद्र सरकार ने मैतेई और कुकी समुदायों के साथ की महत्वपूर्ण बैठक

इंफाल, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। मणिपुर में फैली अशांति ने पूरे देशभर की सियासत को गर्म कर रखा है। आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति तो हिंसा शुरू होने के साथ से ही अपने चरम पर है। इसी बीच इस हिंसा पर विराम लगाने के लिए केंद्र सरकार अब एक्शन में आती हुई नजर आ रही है। शनिवार को केंद्र ने मणिपुर में विवादित मैतेई और कुकी समुदायों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और दोनों समुदायों के बीच सुलह कराने पर भी जोर दिया गया। बता दें कि यह बैठक मई 2023 से शुरू हुए दोनों समुदायों के बीच चल रहे संघर्ष का समाधान खोजने के लिए आयोजित की गई थी। सूत्रों के अनुसार, इस बैठक का मुख्य उद्देश्य मैतेई और कुकी समुदायों के बीच विश्वास और सहयोग बढ़ाना था, ताकि मणिपुर में शांति और सामान्य स्थिति बहाल की जा सके।

बैठक में शामिल हुए दोनों समदुयों के प्रतिनिधिनमंडल

इस बैठक में ऑल मणिपुर यूनाइटेड क्लब्स ऑर्गनाइजेशन (एएमयूसीओ) और फेडरेशन ऑफ सिविल सोसाइटी ऑर्गनाइजेशन (एफओसीएस) के प्रतिनिधियों वाला छह

सदस्यीय मैतेई प्रतिनिधिमंडल और करीब नौ प्रतिनिधियों वाला कुकी समुदाय का प्रतिनिधिमंडल शामिल हुआ। साथ ही इस बैठक में केंद्र सरकार के वार्ताकारों में इंटेलिजेंस ब्यूरो के सेवानिवृत्त विशेष निदेशक एके मिश्रा भी शामिल थे। 3 जनवरी को मणिपुर के राज्यपाल का पदभार संभालने वाले अजय कुमार भल्ला अब तक लोगों से मिलकर राज्य में सामान्य स्थिति वापस लाने के लिए फीडबैक ले रहे हैं। ज्ञातो हो कि पूर्व केंद्रीय गृह सचिव भल्ला कोकेंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने खुद चुना था। उन्हें मणिपुर जैसे अशांत राज्य में शांति बहाल करने का काम सौंपा गया था। इसके सात ही राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद राज्यपाल ने शांति बहाल करने और सामान्य स्थिति वापस लाने के लिए कई कदम उठाए हैं। इनमें सुरक्षा बलों से हथियार लूटने वालों से आत्मसमर्पण करने की अपील भी शामिल है। इससे पहले गुरुवार को लोकसभा में मणिपुर पर हुई बहस के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक बार फिर अपना पक्ष रखा था। उन्होंने कहा था कि गृह मंत्रालय ने पहले भी मणिपुर के मैतेई और कुकी समुदायों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की है। उन्होंने बताया कि दोनों समुदायों के विभिन्न संगठनों के साथ अलग-अलग बैठकें भी की गई हैं। साथ ही इस बहस का जवाब देते हुए शाह ने कहा था कि गृह मंत्रालय जल्द ही एक संयुक्त बैठक बुलाएगा। उन्होंने ये भी कहा कि सरकार हिंसा को समाप्त करने के लिए काम कर रही है, लेकिन उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता राज्य में शांति स्थापित करना है। गौरतलब है कि मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद 13 फरवरी को राष्ट्रपति शासन लगाया गया था। सीएम के इस्तीफे के साथ ही राज्य विधानसभा को निलंबित कर दिया गया है, जिसका कार्यकाल 2027 तक था। अब बात अगर पूरे घटना क्रम पर करें तो मई 2023 में इम्फाल घाटी में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जातीय हिंसा भड़कने के बाद अब तक करीब 260 लोगों की जान जा चुकी है।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

मेरा हैदराबाद

रविवार, 6 अप्रैल 2025

सुविचार

जब कोई कार्य प्रेमभाव से किया जाता है तो उसमें तत्काल सफलता जरूर मिलती है

पवन कल्याण के लिए प्रशंसक का अनोखा उपहार चर्चा का विषय बना

प्रशंसक ने अपने खून से बना चित्र किया भेंट



हैदराबाद, 5 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। पवन कल्याण के लिए एक युवा प्रशंसक द्वारा दिया गया विशेष उपहार सभी का ध्यान आकर्षित कर रहा है और अब वायरल हो रहा है। आश्चर्य केवल उसके हाव-भाव में नहीं था, बल्कि उसने इसे कैसे बनाया, इसमें भी था।

हाल ही में राजमुंदरी में एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान, मंत्री कंडुला दुर्गेश, डिप्टी स्पीकर रघुराम और विधायक अदिरेड्डी पवन कल्याण की एक आकर्षक तस्वीर पकड़े हुए देखे गए। कई लोगों ने मान लिया था कि पावर स्टार खुद अमरावती चित्रकला वीथी कार्यक्रम में शामिल होंगे लेकिन उनकी अनुपस्थिति में भी, एक युवा प्रशंसक की श्रद्धांजलि मुख्य आकर्षण बन गई। वह प्रशंसक वेंकट हरिचरण है, जो पश्चिम गोदावरी के तनुकु मंडल के दुव्वा गांव का एक इंटरमीडिएट छात्र है। पवन कल्याण के कट्टर प्रशंसक हरिचरण ने पेंट से कहीं ज़्यादा अपने खून का इस्तेमाल करके अपने हीरो का चित्र बनाया। उन्होंने कहा कि उन्होंने अभिनेता के जन्मदिन पर रक्तदान करने के बाद यह चित्र बनाया था।

सोशल मीडिया पर लोग अब प्रशंसक के समर्पण और प्यार की प्रशंसा कर रहे हैं। हालाँकि पवन कल्याण के प्रशंसक उम्मीद कर रहे थे कि वे इस कार्यक्रम में शामिल होंगे, लेकिन यह भावपूर्ण श्रद्धांजलि कार्यक्रम का भावनात्मक केंद्र बन गई। आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के रूप में राजनीति में कदम रखने के बावजूद पवन कल्याण का क्रेज बरकरार है। प्रशंसक अभी भी उनसे मिलने का सपना देखते हैं और इस तरह के पल दिखाते हैं कि कुछ लोग अपनी प्रशंसा व्यक्त करने के लिए किस हद तक जाने को तैयार हैं।

श्रीधर बाबू ने लैटिन अमेरिकी, कैरेबियाई देशों से तेलंगाना में निवेश करने की अपील की

हैदराबाद, 5 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। आईटी और उद्योग मंत्री दुदिल्ला श्रीधर बाबू ने लैटिन अमेरिकी और कैरेबियाई देशों के आधिकारिक प्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि वे अपने स्थानीय उद्योगपतियों को उद्योग स्थापित करने के लिए राज्य के अनुकूल वातावरण पर प्रकाश डालकर तेलंगाना में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करें। ग्लोबल इंडिया बिजनेस फोरम (जीआईबीएफ) द्वारा शनिवार को यहां बंजारा हिल्स में आयोजित भारत-लैटिन अमेरिका और कैरेबियाई देशों के बिजनेस कॉन्क्लेव के दूसरे संस्करण में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए, मंत्री ने निवेश के लाभों और राज्य सरकार द्वारा उद्योगपतियों को दिए जाने वाले विभिन्न प्रोत्साहनों को रेखांकित किया।

उन्होंने कहा कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अपनाई गई व्यापार नीतियां, विशेष रूप से विभिन्न देशों के सामानों पर टैरिफ लगाना, कुछ मायनों में भारत के लिए फायदेमंद साबित हुई हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में, निवेश के अवसरों की तलाश करने वाले कई उद्योगपति तेजी से भारत की ओर अपना ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि तेलंगाना इन विकासों को भुनाने और अधिक से अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है।

उन्होंने भविष्यवाणी की कि तेलंगाना भारतीय अर्थव्यवस्था के भविष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तेलंगाना में एमएसएमई को सशक्त बनाने के लिए एक विशेष नीति भी शुरू की गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार तेलंगाना में निवेश करने के इच्छुक सभी उद्योगपतियों को व्यापक समर्थन देगी। मंत्री ने यह भी खुलासा किया कि जहीराबाद में एनआईएमजेड (राष्ट्रीय निवेश और विनिर्माण क्षेत्र) में निवेश करने के लिए तीन कोरियाई कंपनियों सहित छह अंतरराष्ट्रीय कंपनियां आगे आई हैं। सरकार राज्य भर में टियर-2 और टियर-3 शहरों में उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहित कर रही है।

उन्होंने कहा कि किसानों को सफल उद्यमी बनाने के लिए कृषि प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। श्रीधर बाबू ने तेलंगाना और लैटिन अमेरिकी और कैरेबियाई देशों के बीच कई सांस्कृतिक और आर्थिक समानताओं पर प्रकाश डाला और इन देशों के साथ मिलकर काम करने का निमंत्रण दिया। इस कार्यक्रम में जोशी, चक्रवर्ती और डॉ. सीताराम सहित जीआईबीएफ के प्रतिनिधि शामिल हुए।

तेलंगाना भवन में बाबू जगजीवन राम को जयंती पर अर्पित की गई श्रद्धांजलि

हैदराबाद, 5 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। समाज सुधारक और स्वतंत्रता सेनानी बाबू जगजीवन राम की जयंती के अवसर पर शनिवार को तेलंगाना भवन में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। विधान परिषद में विपक्ष के नेता मधुसूदन चारी और एससी/एसटी आयोग के पूर्व अध्यक्ष एरोला श्रीनिवास और पार्टी के अन्य नेता भी इस समारोह में शामिल हुए। एरोला श्रीनिवास ने इस बात पर जोर दिया कि बाबू जगजीवन राम सिर्फ एक समुदाय के नेता नहीं थे। बाबू जगजीवन राम एक राष्ट्रीय नेता हैं। उन्होंने राष्ट्र के लिए उनके योगदान पर प्रकाश डाला, जिसमें उनके स्कूली दिनों के दौरान अस्पृश्यता के खिलाफ उनके शुरुआती विरोध भी शामिल हैं। वक्ताओं ने मांग की कि बाबू जगजीवन राम को देश के प्रति उनकी अद्वितीय सेवा के सम्मान में मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया जाए। उन्होंने तेलंगाना में कांग्रेस सरकार की एससी/एसटी समुदायों के कल्याण की कथित रूप से उपेक्षा करने के लिए आलोचना की। उन्होंने कांग्रेस पर चेवेल्ला घोषणा की अवहेलना करने और हाशिए पर पड़े समूहों से किए गए वादों को पूरा करने में विफल रहने का आरोप लगाया।

तेलंगाना प्रवासियों ने मस्कट में मनाई उगादी

दुबई, 5 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। ओमान में रहने वाले तेलंगाना एनआरआई समुदाय ने शुक्रवार को मस्कट में धूमधाम और आध्यात्मिक उत्साह के साथ उगादी का त्यौहार मनाया। सल्तनत में तेलंगाना प्रवासी समुदाय संगठन ओमान तेलंगाना समिति ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें पूरे ओमान से प्रतिभागियों ने भाग लिया। मस्कट स्थित प्रसिद्ध तेलंगाना पुजारी विजया पंतुलु द्वारा ज्योतिषीय पंचांगम से भविष्यवाणियां पढ़ी गईं। महिलाओं द्वारा पारंपरिक पकवान पचड़ी तैयार किया गया और प्रतिभागियों को वितरित किया गया। महिलाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। तेलंगाना समिति के संयोजक गुंडेती गणेश ने कहा कि हम तेलंगाना के अलग राज्य बनने के बाद से ही उगादी और अन्य प्रमुख तेलुगु त्योहारों का आयोजन करते आ रहे हैं। उन्होंने सहिष्णुता की भावना के साथ जातीय विविधता और सांस्कृतिक गतिविधियों की अनुमति देने और उनका समर्थन करने के लिए सुल्तान के प्रति आभार व्यक्त किया। गणेश ने सांस्कृतिक और सामुदायिक कल्याण मोर्चों पर तेलंगाना समिति की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

एआईसीसी ने क्षति नियंत्रण के लिए उठाया कदम

सरकार को करना पड़ रहा आलोचनाओं का सामना

हैदराबाद, 5 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। कांचा गच्चीबावली भूमि मुद्दे पर कांग्रेस सरकार को सर्वोच्च न्यायालय सहित सभी ओर से आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है, जिसके बाद अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) क्षति नियंत्रण के लिए आगे आ रही है। विभिन्न वर्गों के लोगों ने हैदराबाद विश्वविद्यालय के छात्रों पर लाठीचार्ज, प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मामले दर्ज करने और समृद्ध जैव विविधता के बावजूद भूमि की नीलामी करने की कोशिश करने पर कांग्रेस पार्टी के दोहरे मानदंडों पर सवाल उठाए। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भी 100 एकड़ भूमि के विनाश और वनों की कटाई से जुड़े पूरे विवाद पर चुप्पी के लिए आलोचना की गई। अब, एआईसीसी तेलंगाना प्रभारी मीनाक्षी नटराजन शनिवार को राज्य सरकार द्वारा गठित तीन मंत्रियों की समिति के साथ बैठक करेंगी।

समिति में उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क, उद्योग मंत्री डी श्रीधर बाबू और राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी शामिल हैं। एआईसीसी प्रभारी मंत्रियों से मिलकर इस मुद्दे पर चर्चा करेंगे। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने 16 अप्रैल से पहले रिपोर्ट मांगी थी। राज्य सरकार भूमि पर स्वामित्व का दावा कर रही है। हालांकि, हैदराबाद विश्वविद्यालय इस दावे का विरोध कर रहा है और कह रहा है कि विवादित भूमि की पहचान के लिए कोई सर्वेक्षण नहीं किया गया। शुरुआत में राज्य सरकार ने ज़मीन की नीलामी करके राजस्व जुटाने और आईटी पार्क बनाने की योजना बनाई थी।

इसके अनुसार, बुलडोजर चलाए गए और करीब 100 एकड़ में पेड़ काटे गए। तेलंगाना उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार ने सुप्रीम कोर्ट को सौंपी गई अंतरिम रिपोर्ट में इसका उल्लेख किया है। इसके बाद सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को अगले आदेश तक भूमि पर गतिविधियां रोकने के निर्देश जारी किए। बाद में नटराजन गांधी भवन में एनएसयूआई नेताओं के साथ बैठक भी कर सकते हैं। गौरतलब है कि एनएसयूआई नेताओं ने विवादित भूमि पर वनों की कटाई की गतिविधियों का भी विरोध किया था।

हैदराबाद में कार्यालय स्थान के पट्टे में गिरावट

केटीआर ने कार्रवाई का किया आह्वान

हैदराबाद, 5 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद में कार्यालय स्थान के अवशोषण में खतरनाक गिरावट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामा राव ने चिंता व्यक्त की है और चाहते हैं कि राज्य सरकार इस मुद्दे के समाधान के लिए तत्काल सुधारात्मक उपाय करे। हैदराबाद में पहली तिमाही के दौरान कार्यालय स्थान अवशोषण में 41% की तीव्र गिरावट देखी गई, जैसा कि कोलियर्स की हालिया रिपोर्ट में बताया गया है। एक कड़े शब्दों में उन्होंने कहा कि यह एक राष्ट्रव्यापी प्रवृत्ति नहीं है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि नए आईटी पार्कों की योजना बनाने से पहले तेलंगाना के मुख्यमंत्री को कार्यालय स्थान के उपयोग में आ रही गिरावट पर ध्यान देना चाहिए।

उन्होंने बताया कि बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली-एनसीआर, मुंबई और पुणे जैसे शहरों में कार्यालय पट्टे पर देने की गतिविधि में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। उन्होंने कहा कि हैदराबाद अपने पतन की ओर अग्रसर है, तथा कार्यालय स्थान अवशोषण में अग्रणी शहर के रूप में अपनी एक समय की प्रमुख स्थिति से शहर के पतन पर दुख व्यक्त किया। रामा राव ने आत्मनिरीक्षण और नीतियों के पुनर्मूल्यांकन का आह्वान किया तथा सरकार से एक समर्पित समिति बनाने और बाजार में घटते विश्वास के पीछे के कारणों को समझने के लिए प्रमुख हितधारकों के साथ बातचीत करने का आग्रह किया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि विनाश से विनाश ही पैदा होता है, इससे पहले कि क्षति अपरिवर्तनीय हो जाए, कार्रवाई करें।

राजेंद्रनगर में हिस्ट्रीशीटर पर हमला

हैदराबाद, 5 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। राजेंद्रनगर में शुक्रवार रात एक उपद्रवी व्यक्ति पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, राजेंद्रनगर थाने में भरत के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। उसने कथित तौर पर एक छोटी सी बात पर बहस की और ठेला विक्रेताओं पर हमला कर दिया तथा उनकी दुकानों को नष्ट कर दिया।

उसने गाली-गलौज की और कम से कम 10 लोगों पर हमला किया। ठेला-खोमचा वालों ने उसके खिलाफ मोर्चा खोल दिया और उसकी पिटाई कर दी। हमले में भरत गंभीर रूप से घायल हो गया और वहीं गिर पड़ा। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया और उसका इलाज किया जा रहा है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। राजेंद्रनगर पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

CLASSIFIEDS

SHOP FOR SALE

MAIN ROAD SHOP AT BADI-CHOWDI BESIDE SRI MURUGAN GHEE STORE FOR SALE CONT: 9246298398 AND 200 SQ.YDS, INDE-PENDENT HOUSE FOR SALE AT CHAP-PAL BAZAR, KACHIGUDA, LANE BESIDE CHAPPAL BAZAR, BIG GANESH MANDAPAM. CONT: 9246298398.

सावधान

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

8 अंतरराष्ट्रीय ड्रग रैकेट का भंडाफोड़

दो नाइजीरियाई और विदेशी मुद्रा एजेंट गिरफ्तार

हैदराबाद, 5 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना एंटी-नारकोटिक्स ब्यूरो (टीजीएएनबी) ने साइबराबाद पुलिस के साथ मिलकर शनिवार को उप्परपल्ली में एक ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ किया और मनी ट्रेल को तोड़कर और ड्रग मनी के मनी लॉन्ड्रिंग को रोककर दो नाइजीरियाई और एक विदेशी मुद्रा एजेंट को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने 15 ग्राम कोकीन, 50 ग्राम एमडीएमए और 45,000 रुपये नकद जब्त किए। गिरफ्तार किए गए लोगों में उग्वु इकेचुकु उर्फ एम्मा, चुकु ओगबोना उर्फ बिग जो शामिल हैं।

दोनों नाइजीरिया के ड्रग तस्कर हैं और हैदराबाद में रहते हैं। मोहम्मद मतीन सिद्दीकी हैदराबाद का मनी ट्रांसफर एजेंट है।

फरार संदिग्धों में डिवाइन इबुका सुजी, एजोनीली फ्रैंकलिन उचेन्ना, सैयद सोहेल अब्दुल अजीज, सैयद नसीर अहमद, मोहम्मद अवैज, मोहम्मद मतीन, सैयद यूसुफ हक, आनंद जैन, शांतिलाल सुरेश कुमार जैन और उत्तम जैन हैं। टीजीएएनबी अधिकारियों के अनुसार, इस रैकेट का सरगना इबुका सूजी पहले पर्यटक वीजा पर भारत आया था और उसने अपने भाई की मदद से हैदराबाद और बेंगलुरु में ड्रग्स की आपूर्ति का अपना आधार विकसित किया था।

इस अवधि के दौरान, वह अन्य संदिग्धों के संपर्क में आया और भारत और अमेरिका में ड्रग का कारोबार जारी रखा।

टीजीएएनबी के निदेशक संदीप शांडिल्य ने कहा कि अमेरिकी ग्राहकों द्वारा किए गए भुगतान को वापस पाने के लिए, एबुका सूजी के निर्देश पर, एम्मा ने अमेरिका की अकेली महिलाओं को फंसाया और उनके बैंक खाते और क्रेडिट कार्ड नंबर लेकर उन्हें अमेरिकी ग्राहकों को दे दिया,

जो उनके खातों में दवा खरीद के लिए पैसे जमा करते थे। बाद में, मतीन ने अमेरिका में रह रहे भारतीयों के कुछ बैंक खाते उपलब्ध कराए और उनमें धनराशि स्थानांतरित कर दी गई।

हरीश राव ने सरकार से सूरजमुखी खरीद केंद्र फिर से खोलने का किया अनुरोध

सिद्दीपेट, 5 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री टी हरीश राव ने कृषि मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव से जिले में सूरजमुखी खरीद केंद्र फिर से खोलने का अनुरोध किया। जब चिन्नाकोदुर के किसानों ने इस संबंध में उनसे संपर्क किया, तो राव ने कृषि मंत्री को फोन करके खरीद जारी रखने को कहा। उन्होंने कहा कि चिन्नाकोदुर के किसानों ने इस साल 18,000 क्विंटल में से केवल 7,000 क्विंटल उपज बेची है। उपज बहुत ज़्यादा बची हुई थी, इसलिए उन्होंने मांग की कि राज्य सरकार खरीद केंद्रों को तब तक खोले जब तक कि उपज का आखिरी दाना भी न खरीद लिया जाए। 20 दिनों तक खरीद करने के बाद 21 मार्च को खरीद केंद्र बंद कर दिए गए। जिले भर के किसान भी सरकार से खरीद केन्द्रों को पुनः खोलने की मांग कर रहे हैं।

बीआरएस नेताओं ने पार्टी के रजत जयंती समारोह से पहले की तैयारी बैठक

हैदराबाद, 5 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने शनिवार को अपने एर्रावेली आवास पर पार्टी के रजत जयंती समारोह से पहले पार्टी नेताओं के साथ एक तैयारी बैठक की। बैठक में खम्मम, महबूबनगर और नलगोंडा जिलों के प्रमुख नेताओं ने भाग लिया। इस सत्र में बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव (केटीआर) और कई प्रमुख नेताओं ने भाग लिया। बैठक में आगामी समारोहों के लिए रणनीति बनाने और तेलंगाना में पार्टी की उपस्थिति को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। नेताओं ने रजत जयंती समारोह को एक बड़ी सफलता बनाने के लिए एकता और सामूहिक प्रयासों के महत्व पर जोर दिया।

महबूबनगर से पूर्व मंत्री सीएच लक्ष्मा रेड्डी, एस. निरंजन रेड्डी और श्रीनिवास गौड़ के साथ-साथ एमएलसी नवीन कुमार रेड्डी, विधायक विजय और पूर्व विधायक अंजैया यादव, चित्तम राममोहन रेड्डी, पटनम नरेंद्र रेड्डी और अन्य शामिल थे। बीरम हर्षवर्द्धन रेड्डी, मैरी जनार्दन रेड्डी, गुव्वाला बलाराजू और जयपाल यादव जैसे वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे। खम्मम से, पूर्व मंत्री पुव्वाडा अजय, सांसद वद्दीराजू रविचंद्र, और पूर्व विधायक कंडाला उपेंदर रेड्डी, सैंड्रा वेंकट वीरैया, बनोथ मदन लाल, बनोथ हरिप्रिया नाइक, रेगा कंथा राव और अन्य ने भाग लिया। मेचा नागेश्वर राव, वनम वेंकटेश्वर राव और लिंगला कमल राज जैसे नेता भी उपस्थित थे। नलगोंडा जिले के नेताओं में पूर्व मंत्री और विधायक जी.जगदीश रेड्डी, एमएलसी कोटि रेड्डी, पूर्व विधायक रामवत रवींद्र कुमार, नोमुला भगत, कुसुकुंतला प्रभाकर रेड्डी, चिरुमरथी लिंगैया और अन्य शामिल थे।

संगारेड्डी में अपने ही जाल में उलझकर मछुआरा डूबा

संगारेड्डी, 5 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। कोडकांची में शुक्रवार को एक मछुआरे की झील में डूबकर मौत हो गई, जब उसका पैर मछली पकड़ने के जाल में फंस गया। कंचनपल्ली अंजनेयुलु (49) अपने मछली पकड़ने के जाल के साथ नल्ला चेरुवु जलाशय में गहरे पानी में उतर गया था। हालाँकि, वह वापस किनारे पर नहीं आ सका क्योंकि उसके पैर जाल में उलझ गए थे। जब तक साथी मछुआरे उसे बचाने के लिए मौके पर पहुँचे, तब तक वह पानी में गायब हो गया। शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए पाटनचेरू के क्षेत्रीय अस्पताल में भेज दिया गया है।

'सुधार की दिशा में सही कदम'

वक्फ बिल पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान का ताजा बयान, गरीबों को मिलेगा लाभ

पटना, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने वक्फ संशोधन बिल पर ताजा बयान में कहा कि वक्फ बोर्ड में सुधार की काफी जरूरत थी और वक्फ संशोधन बिल संसद से पास होने के बाद नए कानून का रूप लेने जा रहा है, यह सुधार की दिशा में सही कदम है। उन्होंने मीडियाकर्मियों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि पटना में भी कई वक्फ प्रॉपर्टी है लेकिन इसके जरिए कितने अस्पताल और स्कूल या अनाथालय बनवाए गए, जरा नाम बता दीजिए?

गरीब और निर्धनों को लाभ मिलना चाहिए

आरिफ मोहम्मद खान ने कुरान की आयतों को जिक्र करते हुए वक्फ का मतलब समझाया। उन्होंने कहा कि वक्फ प्रॉपर्टी का इस्तेमाल केवल मुस्लिमों के कल्याण के लिए नहीं है। यह हर उस शख्स के लिए है जो गरीब है, निर्धन है, जिसे सहारे की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जब मैं यूपी में मंत्री था, तो मैंने कुछ समय के लिए वक्फ विभाग संभाला था। हर समय मुझे ऐसे लोगों से मिलना पड़ता था, जिनके संपत्ति के मामले चल रहे थे।

वक्फ प्रॉपर्टी का सही उपयोग होना चाहिए

उन्होंने आग कहा-वक्फ प्रॉपर्टी लोगों के कल्याण के लिए थीं। लेकिन क्या लोगों का कल्याण हो रहा था? आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि पटना में कई वक्फ संपत्तियां हैं, लेकिन पटना में वक्फ के तहत कोई एक अस्पताल या अनाथालय का नाम बताइए? वहां केवल मामले दर्ज किए जा रहे हैं। इसलिए इसमें बहुत सुधार की जरूरत थी। और यह वक्फ संशोधन विधेयक इसी दिशा में एक कदम है जो जल्द ही कानून बनने जा रहा है।

लोकसभा और राज्यसभा से बिल पास

बता दें कि संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा से वक्फ संशोधन विधेयक 2025 को मंजूरी मिल चुकी है। अब राष्ट्रपति का हस्ताक्षर होते ही यह बिल कानून का रूप ले लेगा। दोनों सदनों में इस बिल पर लंबी चर्चा हुई। राज्यसभा में इस बिल के समर्थन में कुल 128 वोट पड़े जबकि विरोध में 95 वोट पड़े। वहीं इससे पहले लोकसभा में भी इस बिल पर लंबी चर्चा चली। लोकसभा में इस बिल के समर्थन में 288 वोट पड़े जबकि इसके विरोध में 232 वोट पड़े।

अल्पसंख्यकों के लिए भारत सबसे सुरक्षित-सरकार

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि अल्पसंख्यकों के लिए दुनिया में भारत से सुरक्षित कोई स्थान नहीं है और इस देश के बहुसंख्यक लोग खुद को धर्मनिरपेक्ष मानते हैं। रिजिजू ने सरकार के इस कदम को मुस्लिम विरोधी बताने के कई विपक्षी सदस्यों के दावों को खारिज करते हुए कहा कि इस विधेयक को मुसलमानों को बांटने वाला बताया जा रहा है, जबकि सरकार इसके जरिए शिया, सुन्नी समेत समुदाय के सभी वर्गों को एक साथ ला रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार तो देश में सबसे छोटे अल्पसंख्यक समुदाय पारसी को भी बचाने के लिए प्रयास कर रही है।

वक्फ बिल को आरएलडी ने दिया समर्थन

नाराज शाहजेब रिजवी ने दिया इस्तीफा बोले-'अभी और लोग भागेंगे'

पटना, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। संसद में वक्फ बिल का आरएलडी ने समर्थन किया था जिसपर असहमति जताते हुए उत्तर प्रदेश के पार्टी महासचिव शाहजेब रिजवी ने अपने पद और पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। बता दें कि राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए सरकार में शामिल है और पार्टी ने वक्फ बिल पर एनडीए का साथ दिया है। पीटीआई से अपने इस्तीफे की पुष्टि करते हुए, शाहजेब रिजवी ने कहा कि वह वक्फ बिल का समर्थन करने के (रालोद) राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के फैसले से नाराज हैं और इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि आने वाले दिनों में कई और नेता पार्टी छोड़ देंगे। शाहजेब रिजवी ने अभी तक अपना भविष्य तय नहीं किया है, उन्होंने संकेत दिया कि वह कोई भी निर्णय लेने से पहले अपने समर्थकों से सलाह लेंगे। उन्होंने दावा किया कि 2,000 से अधिक रालोद कार्यकर्ता उनके साथ इस्तीफा देंगे। रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी पर मुस्लिम मतदाताओं की भावनाओं की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए रिजवी ने कहा, अगर आज पश्चिमी उत्तर प्रदेश में रालोद के 10 विधायक हैं, तो इसमें मुसलमानों का बहुत बड़ा योगदान है। विधेयक का समर्थन करने के निर्णय पर निराशा व्यक्त करते हुए उन्होंने तर्क दिया कि जयंत चौधरी चौधरी चरण सिंह द्वारा दिखाए गए मार्ग से भटक गए हैं,

ऑनलाइन गेम में डेढ़ लाख हारा, छात्र ने की आत्महत्या

पूर्णिया, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। पूर्णिया में पॉलिटेक्निक के छात्र ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। वो किराए के मकान में रहता था। उसे ऑनलाइन गेमिंग की बुरी लत लगी थी। डेढ़ साल से वो इसमें पैसे लगा रहा था। करीब डेढ़ लाख रुपए हार चुका था। दूसरी तरफ पिछले साल पॉलिटेक्निक थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा में 4 विषयों में फेल हो गया था। इस साल भी जून में एग्जाम होना था। घरवालों को कहा था- 'इस बार पास करूंगा।' ऐसे में उसे अच्छे नंबर लाने का भी टेंशन था। मृतक दिलीप साह का बेटा पारस कुमार (22) है, जो सहरसा का रहने वाला था। उसने गुरुवार को आखिरी बार अपने पिता से बात की थी। कॉल पर कहा था- 'सिलेंडर खत्म हो गया है।' जिसके बाद पिता ने उसे 5 हजार रुपए अकाउंट में भेजे थे। पिता के मुताबिक, पारस ने 4500 रुपए रॉकी नाम के दोस्त को देने की बात कही थी।

मुश्किल में फंसे करजा थानाध्यक्ष

बालू माफिया से कर रहे थे सांठ-गांठ; डिप्टी सीएम ने दिए कार्रवाई के आदेश

मुजफ्फरपुर, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। खनन विभाग के अधिकारी द्वारा ओवरलोड बालू लदे ट्रक को जब्त कर करजा थाने के हवाले कर आवेदन दिए जाने के बावजूद करजा थानाध्यक्ष द्वारा एक माह तक प्राथमिकी नहीं करने की शिकायत उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा के पास पहुंच गई है। इसे गंभीरता से लेते हुए उपमुख्यमंत्री ने वरीय पुलिस अधिकारियों को कार्रवाई के लिए कहा है

8 फरवरी को जब्त हुआ ट्रक

दरअसल, खान निरीक्षक द्वारा आठ फरवरी को ओवरलोड बालू लदे पश्चिम बंगाल नंबर के एक ट्रक को जब्त किया गया था। ट्रक को खान निरीक्षक द्वारा आठ फरवरी को करजा थाना परिसर में खड़ा कर थाना को सुपुर्द किया था। उसी दिन केस दर्ज करने के लिए थाने में आवेदन भी दिया गया था, जिसे ओडी ड्यूटी में तैनात पदाधिकारी ने रिसीव किया था, लेकिन करजा थानाध्यक्ष द्वारा एक माह तक केस दर्ज नहीं किया गया।

बालू माफिया से सौदेबाजी की कोशिश

आरोप है कि बालू लदे ट्रक को मुक्त करने के लिए थानाध्यक्ष द्वारा बालू माफियाओं से सौदेबाजी की गई। जब बात नहीं बनी और मामला तूल पकड़ने लगा तो 13 मार्च को प्राथमिकी दर्ज की गई। मामले में तीन दिन पूर्व डीएम के आदेश पर गठित विशेष टीम के अधिकारियों ने करजा थाने पहुंचकर इसकी जांच की थी। विशेष टीम में एडीएम राजस्व, एसडीएम पश्चिमी श्रेया श्री व एसडीपीओ सरैया कुमार चंदन शामिल थे।

मुशहरी थानाध्यक्ष की भी पहुंची शिकायत

मुशहरी इलाके के राजीव लोचन कुमार ने मुशहरी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार गुप्ता पर दबंगई का आरोप लगाते हुए उप मुख्यमंत्री से शिकायत की है। आवेदन में कहा कि बिहार लोक शिकायत निवारण में परिवाद दायर है। सुनवाई के लिए कई बार थाना पर गए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित का आरोप है कि थानाध्यक्ष ने उन्हें कहा कि जो मेरे मन में आएगा वो करेंगे, ज्यादा इधर-उधर करेगा तो एनकाउंटर कर देंगे। इसके बाद पीड़ित ने इस मामले में डिप्टी सीएम से शिकायत की।

गोरखपुर में चलती थार पर फायरिंग

एक्सप्रेस-वे पर वारदात, मां-बेटे बाल-बाल बचे, गाड़ी पर लिखा था-योगी सेवक

गोरखपुर, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। गोरखपुर में रात पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेस-वे पर थार पर बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग की। घटना में थार सवार मां-बेटे बाल-बाल बच गए। कार सवार युवक ने बचने के लिए कई किमी तक गाड़ी दौड़ाई। फिर 112 पर पुलिस को कॉल की। इसके बाद बदमाश भाग गए। फायरिंग में गाड़ी के शीशे और दरवाजे क्षतिग्रस्त हो गए। जगह-जगह बुलेट के निशान हैं। गाड़ी के पीछे बड़ा पोस्टर लगा है, जिसमें लिखा है- योगी सेवक। पुलिस ने एफआईआर दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी।

नोएडा में नुरुल्लाह हैदर ने पत्नी आसमा की हथोड़े से वार कर ली जान

मर्डर करने की ये खौफनाक वजह आई सामने

नोएडा, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। नोएडा के थाना फेस-1 क्षेत्र स्थित सेक्टर-15 में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर महिला की उसके पति ने कथित तौर पर हथौड़े से वार करके हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि पति को शक था कि उसकी पत्नी का किसी अन्य व्यक्ति से अवैध संबंध है, इसलिए उसने एक खौफनाक वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं, शव का पोस्टमॉर्टम भी कराया गया है। डीसीपी रामबदन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को वारदात की सूचना मृतका के बेटे द्वारा डायल 112 के माध्यम से दी गई। सूचना मिलते ही थाना फेस-1 पुलिस टीम और फॉरेंसिक एक्सपर्ट मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। मृतका की पहचान 42 वर्षीय आसमा खान के रूप में हुई है, जबकि आरोपी का नाम नुरुल्लाह हैदर (55 वर्ष) है, जो कि सी-154, सेक्टर-15 में रहता था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी को अपनी पत्नी के चरित्र पर शक था। फिलहाल मौके पर शांति व्यवस्था कायम है। डीसीपी रामबदन सिंह ने कहा कि पूछताछ के दौरान आरोपी पति ने पुलिस को बताया है कि उसे अपनी पत्नी के चरित्र पर शक था इसलिए उसने वारदात को अंजाम दिया है। डीसीपी ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

फाफामऊ के पास ट्रेन को पलटने की साजिश नाकाम

ट्रैक पर मिला लोहे का पोल, अचानक रोकी गई मालगाड़ी

प्रयागराज, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के प्रयाग से ऊंचाहार रेलखंड स्थित फाफामऊ और अटरामपुर रेलवे स्टेशन के मध्य शनिवार सुबह लगभग 04:15 बजे रेलवे ट्रैक पर एक लोहे का पोल मिला। गनीमत रही कि समय रहते रेलवे ट्रैक पर रखे लोहे के पोल को वहां से गुजर रही एक मालगाड़ी के लोको पायलट ने देख लिया। बताया जा रहा है कि ऊंचाहार की तरफ सुबह एक मालगाड़ी जा रही थी।

मालगाड़ी के लोको पायलट संयोग शर्मा ने रेलवे ट्रैक पर लोहे का पोल देखा तो उन्होंने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दी। ट्रेन मैनेजर प्रवीण की मौजूदगी में वहां से पोल को हटा दिया गया है। यह जानकारी लखनऊ मंडल के कंट्रोल रूम को दी गई। बाद मे सहायक उप निरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल फाफामऊ मौके पर पहुंचे । रेलवे अफसरों को कहना है कि इस मामले की जांच की जा रही है।

खाकी ने खाकी पर उछाला कीचड़

दरोगा पर उगाही करवाने का आरोप, बोले-लूटमार करो या उगाही मुझे बस पैसा चाहिए

कानपुर, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। कानपुर ककवन थाना प्रभारी पर थाने के ही दरोगा, पुलिस कर्मियों ने उगाही के लिए दबाव डालने का आरोप लगाया है। पुलिस कमिश्नर से शिकायत में पुलिस कर्मियों ने कहा कि थानेदार कहते हैं कि लूटमार करो या उगाही। मुझे बस पैसा चाहिए। नहीं दोगे तो साहब से शिकायत कर कार्रवाई करा दूंगा। ककवन थाने में तैनात दरोगा उदयपाल पांडेय, अक्षय गौड़, वरुण कुमार, धीरेंद्र यादव, प्रवीन राव, हेड कांस्टबल (डाक मुंशी) अल्का, महिला कांस्टेबल पूजा चौधरी व सीसीटीएनएस में तैनात कर्मचारियों ने 18 मार्च को पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से शिकायत थी। सीपी ने मामले की जांच का जिम्मा एडीसीपी पश्चिम का दिया था।

लूट करो, उगाही करो, कुछ करो मुझे पैसा चाहिए

अभी तक जांच चल रही है। सीपी को दिए शिकायती पत्र में कहा गया है कि थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुप्ता से क्षेत्र की जनता इनसे त्रस्त है। बिना पैसे लिए कोई काम ही नहीं करते हैं। जनता को छोड़ दीजिए, हम लोग त्रस्त हैं। उनका कहना है कि क्षेत्र में जाओ लूट करो, उगाही करो, कुछ करो। मुझे पैसा चाहिए।

थानाप्रभारी को हटाने या स्थानांतरित करने की गुहार

पुलिस कर्मियों का आरोप है कि साहब को जब पैसा नहीं मिलता है, तो गाली-गलौज करते हैं। उन्होंने पत्र में थानाप्रभारी को हटाने या किसी अन्य थाने में स्थानांतरित करने की गुहार लगाई है। एक साथ कई पुलिस कर्मियों की शिकायत के बाद पुलिस कमिश्नर मामले की जांच एडीसीपी पश्चिम विजेंद्र द्विवेदी को सौंप दी है। प्राथमिक जांच एसीपी बिल्हौर अमरनाथ यादव कर रहे हैं।

16 दिन बाद भी जांच अधूरी

18 मार्च को पुलिस कमिश्नर से शिकायत की गई थी। सीपी ने एडीसीपी पश्चिम को निर्देश दिए थे कि पत्र प्राप्ति के दो दिन के भीतर जांच रिपोर्ट व गवाह सहित कार्यालय में उपस्थित होकर जानकारी दे। 16 दिन बीत जाने के बाद भी एडीसीपी ने अपनी जांच रिपोर्ट नहीं सौंपी है। एडीसीपी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। सभी को बयान और साक्ष्य के लिए बुलाया गया है। जल्द ही जांच रिपोर्ट पुलिस कमिश्नर को सौंप दी जाएगी।

बिहार में 2 लड़कियों ने आपस में कर ली शादी, रिश्ते में थीं ननद-भाभी

पटना, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। कहते हैं कि प्यार जब हो जाए तो प्रेमी जोड़ा रिश्ता, उम्र या फिर समाज नहीं देखता है। चाहे कोई कुछ बोले दोनों एक-दूसरे के साथ ही रहना पसंद करते हैं। हालांकि प्यार में सब जायज माना जाता है लेकिन बिहार के बेतिया से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां दो लड़कियों ने आपस में शादी कर ली और वीडियो बनाकर वायरल भी कर दिया।

दूल्हा बनी लड़की दुल्हन की बहन की ननद है। इस अनोखी शादी की पूरे जिले में चर्चा हो रही है। मामला योगापट्टी की डुमरी पंचायत के एक गांव का है। रेखा कुमारी और प्रियंका कुमारी ने मंदिर में शादी कर ली। शादी का वीडियो भी बनाया गया। वीडियो सोशल मीडिया पर आते ही वायरल भी हो गया। वायरल वीडियो में रेखा प्रियंका की मांग में सिंदूर भर रही है। प्रियंका चनपटिया थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली है और रेखा के भाई की साली है। बताया जा रहा है कि करीब पांच महीने पहले दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं। पारिवारिक संबंध होने के कारण उनके बीच अक्सर मुलाकात होती रहती थी। इसी दौरान दोनों में प्रेम हो गया। बीते बुधवार का मामला है बताया जा रहा कि इसी दिन दोनों ने मंदिर में शादी की है।

तांत्रिक और लड़कियों के बीच 'मीडिया' का काम

संभल के धनवर्षा गैंग में मथुरा का प्रोफेसर भी शामिल; कोर्ड वर्ड में होती थी डील

संभल, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के संभल से हैरान और शर्मनाक करने वाला मामला सामने आया है। यहां पुलिस ने एक ऐसे गैंग के 14 लोगों को गिरफ्तार किया, जो लड़के-लड़कियों को टोना-टोटके के जरिए पैसा कमाने का लालच देकर उनसे न सिर्फ ठगी करते बल्कि उनका यौन शोषण किया करते थे। अब इस केस में एक और चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। इस गंदे काम वाले गैंग में मथुरा की एक निजी यूनिवर्सिटी का प्रोफेसर भी शामिल है, उसे भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस को पकड़े गए प्रोफेसर के मोबाइल से कई आपत्तिजनक चीजें मिली हैं। मोबाइल में युवक-युवतियों के फोटो-वीडियो, जादू-टोना की क्रियाएं और गैंग से कोडवर्ड में की गई चैट का ब्यौरा मिला है। संभल एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई और एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा ने मीडियो को इस केस का खुलासा करते हुए जानकारी दी। गिरफ्तार किया गया प्रोफेसर मथुरा का रहने वाला है।

उसकी पहचान मथुरा की शास्त्री कॉलोनी निवासी दशरथ सिंह उर्फ डीएस सिसौदिया के रूप में हुई है। वह मथुरा की जीएलए यूनिवर्सिटी में लाईब्रेरी व इन्फोरमेशन साइंस का प्रोफेसर है। ये कितना बड़ा फ्रॉड है कि गलत तरीके से पैसा कमाने के लालच में एक प्रोफेसर बेरोजगार युवक-युवतियों को जादू-टोने के जाल में उन्हें फंसाता था। उन्हें धनवर्षा का लालच देता और दरिंदगी के भंवर में डुबा देता। जरा सोचिए, इस दरिन्दे प्रोफेसर ने अपने छात्रों को किस तरह की शिक्षा दी होगी? पुलिस ने आरोपी प्रोफेसर दशरथ सिंह को गिरफ्तार किया है।

आनंद मोहन ने खोला फ्रंट, बैकफुट पर आए पप्पू यादव; बिहार की सियासत तेज

भागलपुर, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार में बाहुबल की राजनीति के कभी पर्याय रहे कोसी के आनंद मोहन और पप्पू यादव दो दिनों से वायरल हो रहे हैं। बीते बुधवार को लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल पर पूर्णिया सांसद पप्पू यादव के जमींदारों पर दिए बयान को पूर्व सांसद आनंद मोहन ने लपक लिया और पूर्णिया आकर देख लेने की चुनौती दे दी। आनंदमोहन के फ्रंट खोलते ही पप्पू यादव बैकफुट पर आ गए। पप्पू यादव ने अपने बदले व्यक्तित्व के साथ बड़ा दिल दिखाया। उन्होंने किसी प्रकार के टकराव से परहेज किया और सुबह फेसबुक लाइव होकर अपने बयान पर सफाई पेश की और माफी भी मांग ली। लोकसभा में पप्पू के बयान ने मचाया घमासान लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल पर चर्चा के दौरान पप्पू यादव ने कहा था कि जमींदारों ने अंग्रेजों की दलाली की थी, तभी उन्हें जमीनें मिलीं। गरीबों, दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों की जमीनें हड़पी गईं। इस्लाम से पहले इस दुनिया में बौद्ध धर्म आया था, जिसने सर्वधर्म समभाव और वसुधैव कुटुंबकम की परिकल्पना दी। इस बयान के अगले दिन आनंद मोहन ने दिल्ली में एक मीडिया के सवाल के जवाब में पप्पू के जमींदारी को लेकर दिए गए बयान को राजा-राजवाड़े और खुद से जोड़ लिया। उन्होंने कहा कि हमारे पुरखों ने युद्ध में जीतकर जमीन हासिल की है। उन्होंने जमींदारों और राजा-राजवाड़ों के रूप में दरभंगा महाराज, परबत्ता के साहू परिवार और जाट-गुर्जर आदि का उदाहरण दिया। पप्पू यादव का नाम लिए बिना कहा कि उनके पास नौ हजार बीघा जमीन कहां से आई। इसका मतलब यह कि जमींदारी उनके पास भी है। तो क्या यह उसी माध्यम से आई जिसका जिक्र उन्होंने संसद में किया था। पूर्व सांसद ने कहा कि वीर कुंवर सिंह की जयंती के मौके पर वे पूर्णिया जाएंगे और वहीं सांसद के गरिमाहीन वक्तव्य को सामने से चुनौती देंगे। पूर्व सांसद का यह इंटरव्यू इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने लगा। आंनद मोहन के इस बयान से राजनीतिक गलियारे में चर्चा होने लगी कि ढाई-तीन दशक पहले वाले टकराव की नौबत न जा जाए। पर शुक्रवार सुबह पप्पू के फेसबुक लाइव के बाद विरोधी यहां तक कहने लगे कि पप्पू यादव आनंद मोहन से डर गए।

वहीं पप्पू यादव ने दी सफाई

फेसबुक लाइव के माध्यम संसद में दिए अपने बयान को दुहराया और कहा कि उन्होंने किसी राजा-राजवाड़े, जाट-गुर्जर पर कोई टिप्पणी नहीं की है। उन जमींदारों के बारे में सिर्फ अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है जिन्हें अंग्रेजों की दलाली से जमीन मिली। पप्पू ने हालांकि आनंद मोहन का सीधे नाम नहीं लिया पर उन्होंने कहा कि वे जात-पात की बात नहीं करते। वे इससे ऊपर उठ चुके हैं। लेकिन यदि ऐसा है तो कृष्ण भगवान के जमाने से राजपूत और यादव रिश्तेदार रहे हैं। बकौल पप्पू यादव यदि उनके पास नौ हजार बीघा जमीन को उनके पूर्वजों से गलत तरीके से अर्जित किया है तो वे इसे खुद गलत कहेंगे।

यूपी में टॉय गन और वर्दी के साथ गिरफ्तार हुआ फर्जी दरोगा

सफेद रंग की कार और 6 एटीएम कार्ड भी बरामद

बलिया, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के नगरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक फर्जी दरोगा को गिरफ्तार किया है। आरोपी अमित कुमार यादव गौरा मदनपुरा का रहने वाला है। वह जनता के बीच खुद को पुलिस सब इंस्पेक्टर बताकर धौंस जमाता था। नगरा थाना पुलिस ने आरोपी को फायर स्टेशन के पास से पकड़ा है।

तमंचा और जिंदा कारतूस भी बरामद

तलाशी में उसके पास से फर्जी यूपी पुलिस सब इंस्पेक्टर का आईडी कार्ड और वर्दी में फर्जी फोटो मिली है। इसके अलावा एक ग्लॉक पिस्टल (टॉय गन), 315 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने उसकी सफेद कार को भी जब्त की है। साथ ही 6 एटीएम कार्ड भी बरामद किए गए हैं।

निजी फायदे के लिए लोगों के बीच दिखाता था धौंस

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह फर्जी पहचान पत्र और वर्दी का इस्तेमाल अपने फायदे के लिए करता था। पुलिस रिकॉर्ड से पता चला कि आरोपी के खिलाफ लखनऊ की अतिरिक्त न्यायालय कक्ष संख्या 5 से एनबीडब्ल्यू जारी है। यह मामला गाजीपुर थाना लखनऊ में दर्ज एनआई एक्ट की धारा 138 से जुड़ा है।

पुलिस ने शुरू की कानूनी कार्रवाई

बलिया के पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने कहा कि नगरा थाने में आरोपी के खिलाफ बीएनएस और आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। एएसपी (उत्तरी) अनिल कुमार झा और सीओ रसड़ा आशीष मिश्रा की निगरानी में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इस मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

कलबुर्गी में भीषण सड़क हादसा

ट्रक और वैन की टक्कर में पांच लोगों की मौत, 11 घायल

कलबुर्गी, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्नाटक के कलबुर्गी में नेलोगी क्रॉस के पास एक वैन खड़े ट्रक से टकरा गई, जिसके परिणामस्वरूप पांच लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। सभी मृतक बागलकोट जिले के निवासी थे। घायलों को कलबुर्गी अस्पताल में भर्ती कराया गया और कलबुर्गी के पुलिस अधीक्षक ए। श्रीनिवासुलु ने घटना की जांच की तथा नेलोगी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया। जानकारी के मुताबिक घटना कलबुर्गी जिले में नेलोगी क्रॉस के पास शनिवार की सुबह करीब साढ़े तीन बजे हुई जिसमें एक वैन सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। घटना की सूचना मिलते ही कलबुर्गी के पुलिस अधीक्षक ए श्रीनिवासुलु पूरी टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे और मामले जांच की। पुलिस ने नेलोगी थाने में मामला दर्ज कर लिया है। कहा जा रहा है कि एक मैक्सीकैब (टीटी) खड़ी लॉरी के पिछले हिस्से से टकरा गई, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों के नाम वाजिद, महबूबी, प्रियंका और महबूब हैं, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई।हादसे में घायलों को इलाज के लिए कलबुर्गी के जीआईएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। सभी मृतक मूल रूप से बागलकोट जिले के रहने वाले हैं। यह दुर्घटना उस समय हुई, जब वे कलबुर्गी में ख्वाजा बंदे नवाज दरगाह जा रहे थे।

हरियाणा को पीएम मोदी देने वाले हैं दो बड़ी सौगात

सीएम नायब सैनी ने किया ऐलान, किसे होगा फायदा?

हिसार, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 14 अप्रैल को हिसार आने की जानकारी देते हुए शुक्रवार को बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल को हरियाणा के हिसार से पहली फ्लाइट अयोध्या के लिए उड़ान भरेगी। यह 'विकसित भारत' की दिशा में मजबूत कदम होगा। सीएम नायब सिंह सैनी कहा, 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ। भीमराव अंबेडकर का जन्मदिन है। उसी दिन हरियाणा के लोगों को दो बड़ी सौगात देने के लिए पीएम मोदी हिसार आएंगे।

14 अप्रैल को पीएम हरियाणा को देंगे 2 बड़ी सौगात

उन्होंने कहा, पीएम मोदी 14 अप्रैल को हिसार एयरपोर्ट से पहली हवाई सेवा की शुरुआत करेंगे। इसके अलावा, पीएम मोदी 14 अप्रैल को ही पावर प्रोजेक्ट की भी आधारशिला रखेंगे। सीएम नायब सिंह सैनी ने हिसार से पहली हवाई सेवा की शुरू करने के लिए पीएम मोदी का आभार जताया। उन्होंने ये भी कहा, हरियाणा से पीएम मोदी ने विकसित भारत की मजबूत नींव रख दी है। अब मजबूत भारत बनने की तरफ तेज गति आगे बढ़ रहा है। हरियाणा को एक एयरपोर्ट और एक पावर प्रोजेक्ट मिला है। पीएम मोदी 14 अप्रैल को इनमें से एक का उद्घाटन और दूसरे की आधारशिला रखने के लिए हिसार आएंगे।

हिसार से दिल्ली का कितना लगेगा किराया?

हरियाणा के हिसार एयरपोर्ट से अयोध्या और दिल्ली का किराया तय हो गया है। हिसार से अयोध्या का किराया 3,393 रुपये और अयोध्या से हिसार का 3,730 रुपये किराया लगेगा। वहीं, हिसार से दिल्ली का किराया 1300 रुपए रहेगा।

पहली हवाई सेवा को दिखाएंगे हरी झंडी

दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को हिसार से प्रमुख शहरों के लिए हवाई सेवा की शुरुआत करेंगे।

इस बात को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 14 अप्रैल को हिसार दौरे की तैयारियां जोरों पर हैं। हिसार में नवनिर्मित महाराजा अग्रसेन हिसार हवाई अड्डे से उड़ान सेवाओं का उद्घाटन करेंगे। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) से मंजूरी मिलने के बाद हिसार से अयोध्या के लिए पहली उड़ान को पीएम मोदी हरी झंडी दिखाएंगे। एलायंस एयर द्वारा संचालित 72 सीटों वाला विमान सेवा का उद्घाटन पीएम सुबह 10:40 बजे करेंगे। हिसार से पहली फ्लाइट अयोध्या में उतरेगा, जिससे दोनों शहरों के बीच यात्रा का समय काफी कम होकर केवल दो घंटे का रह जाएगा।

लव मैरिज का अंत: 'एक बार कॉल उठा लो'

चचेरे भाई से प्यार, फिर छिपकर शादी; अब वीडियो बना कर युवती ने दी जान

नई दिल्ली, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। देश की राजधानी दिल्ली से दिल दहलाने वाली खबर सामने आई है। डाबड़ी इलाके में 18 साल की एक युवती को चचेरे भाई से प्यार हो गया। इसके बाद दोनों ने छिपकर शादी कर ली, लेकिन कुछ माह से दोनों के बीच किसी बात पर विवाद हो गया। इससे परेशान युवती प्रीति ने वीडियो बनाकर फंदा लगाकर जान दे दी। परिवार का आरोप है कि प्रीति पति द्वारा उसका नंबर ब्लॉक करने से परेशान थी। परिवार का आरोप है कि मामले को दबाया जा रहा है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि 23 मार्च को पुलिस को डीडीयू अस्पताल से एक युवती के फंदा लगाए जाने की जानकारी मिली थी। अस्पताल पहुंची पुलिस को पता चला कि युवती की मौत हो चुकी है। मृतका की पहचान डाबड़ी निवासी 18 साल की प्रीति कुशवाहा के रूप में हुई। प्रीति की मां अनीता कुशवाहा ने बताया कि प्रीति निजी कंपनी में काम करती थी। 23 मार्च को माता-पिता और भाई-बहन घर से बाहर गए थे। इस दौरान उसने फंदा लगा लिया। परिवार वाले जब घर पहुंचे तो दरवाजा बंद था। काफी प्रयास के बाद दरवाजा नहीं खुला। उन्हें लगा कि प्रीति सो रही है। उसका भाई सीढ़ी लेकर आया और अंदर गया। उसने प्रीति को फंदे पर लटका देखा। उसके बाद परिवार वाले फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने प्रीति को मृत घोषित कर दिया। डाबड़ी थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

कैंसर का इलाज कराने बिहार से आई 13 साल की बच्ची, कई बार बलात्कार का हुई शिकार

बदलापुर, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के बदलापुर पूर्वी थाना क्षेत्र में कैंसर से पीड़ित 13 साल की लड़की के साथ बलात्कार की घटना सामने आई है। इसके बाद वह गर्भवती हो गई। कीमो ट्रीटमेंट के दौरान डॉक्टर को पता चला कि उसके पेट में भ्रूण पल रहा है। इस मामले में पुलिस थाने में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार, कैंसर से पीड़ित नाबालिग लड़की इलाज के लिए बिहार राज्य से महाराष्ट्र के बदलापुर में आई थी। उस समय एक परिचित ने नाबालिग लड़की के लिए बदलापुर में रहने की व्यवस्था की और उसके इलाज में मदद कर रहा था। इस बीच, उसने कैंसर से पीड़ित नाबालिग लड़की के साथ कई बार बलात्कार किया और वह गर्भवती हो गई। कैंसर पीड़िता को किमो ट्रीटमेंट से गुजरना पडता है।

गुरुग्राम में 2200 मकानों पर नहीं गरजेगा बुलडोजर, तोड़फोड़ पर एससी ने लगाई रोक

नया गुरुग्राम, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग के डीटीपीई की तरफ से डीएलएफ फेज एक से पांच के बीच 2200 मकानों पर चार अप्रैल से शुरू होने जा रही कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। डीएलएफ कुतुब एन्क्लेव आरडब्लूए की तरफ से पेश हुए सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह और एडवोकेट अनुज सक्सेना ने मामले की पैरवी करते हुए कहा कि डीएलएफ इलाका 2008 के गठन के बाद नगर निगम के अधीन आ गया है।

डीएलएफ फेज एक से पांच के बीच रिहायशी मकानों में अवैध निर्माण

ऐसे में यहां पर कार्रवाई अब नगर निगम गुरुग्राम ही कर सकता है। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है। बता दें कि पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट की तरफ से 13 फरवरी को डीएलएफ फेज एक से पांच के बीच रिहायशी मकानों में अवैध निर्माण, संचालित व्यावसायिक गतिविधियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। 19 अप्रैल तक एक्शन टेकन रिपोर्ट मांगी गई थी।

इसी कड़ी में विभाग के डीटीपीई अमित मधोलिया की तरफ से 4500 से अधिक मकानों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। 2200 मकानों को रेस्टोरेशन के आदेश जारी कर आक्यूपेशन सर्टिफिकेट रद करने, पानी, सीवर तथा बिजली कनेक्शन काटने के लिए डीटीपी प्लानिंग को सिफारिश भी कर दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट से यथास्थिति बनाए रखने के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की पालना की जाएगी।

इस अभियान को लेकर डीएलएफ के निवासियों में पूरा डर का माहौल बना हुआ था। सबकी निगाहें सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई पर टिकी हुई थी। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में यथास्थिति के आदेश जारी निवासियों को राहत दे दी। डीएलएफ कुतुब एन्क्लेव आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष बलजीत सिंह राठी ने बताया कि विभाग की तरफ से सालों पुराने मकानों को नोटिस जारी कर परेशान किया जा रहा था जिसके चलते लोग मानसिक तनाव में थे। हाई कोर्ट में यह मामला बिल्डर प्रबंधन की आरडब्ल्यूए द्वारा दायर किया गया था।

पूरे दलबल के साथ कार्रवाई के लिए पहुंचे थे डीटीपीई

डीटीपीई अमित मधोलिया अपने इन्फोर्समेंट की चार टीमें लेकर सुबह 11 बजे डीएलएफ फेज तीन पहुंच गए थे। इस दौरान 200 पुलिस बल और चार डयूटी मजिस्ट्रेट साथ थे। सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई करीब 11:30 बजे शुरू हुई और 12 बजे पर यथास्थिति बनाए रखने के आदेश जारी होते ही टीम ने कार्रवाई रोक दी। तोड़फोड़ के विरुद्ध याचिका सुप्रीम कोर्ट डाली गई थी।

इंदौर में महिला पर पालतू कुत्ते ने किया हमला

इंदौर, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। अपने साथी के साथ पैदल जा रही महिला पर पालतू कुत्ते ने हमला कर दिया। कुत्ते के काटने से महिला घायल हो गई। घटना के बाद महिला थाने पहुंची और कुत्ते के मालिक के खिलाफ केस दर्ज कराया। घटना एरोड्रम थाना क्षेत्र के संगम नगर की है। पुलिस के मुताबिक लक्ष्मणपुरी कॉलोनी में रहने वाली प्रीति सोनी नामक महिला ने अज्ञात पालतु कुत्ते के मालिक के खिलाफ केस दर्ज कराया है। महिला ने पुलिस को बताया कि वह शुक्रवार को अपनी साथी लीलाबाई के साथ जा रही थी। संगम नगर में एक मकान के यहां पहुंचने पर एक व्यक्ति अपने पालतु कुत्ते को घुमा रहा था। इनके आने पर अज्ञात कुत्ता मालिक ने कुत्ते को छु कर दिया। जिसके बाद कुत्ते में प्रीति पर हमला कर दिया और उसके पैर में काट लिया। जिससे उसे खून निकलने लगा। घटना के बाद अज्ञात व्यक्ति कुत्ता लेकर चला गया।

हाईकोर्ट ने भोज विश्वविद्यालय की नियुक्तियां कीं निरस्त

नए सिरे से भर्ती करने के दिए आदेश

जबलपुर, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय में की गई नियुक्तियों को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की युगलपीठ ने मनमानी और दूषित करार देते हुए निरस्त कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश श्री सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति विवेक जैन की खंडपीठ ने चयनित अभ्यर्थियों के पक्ष में जारी एकलपीठ के आदेश को रद्द करते हुए नई नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं। मध्य प्रदेश शासन और भोज मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा दायर अपील में कहा गया था कि वर्ष 2015 में प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर समेत अन्य पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई थी। लेकिन चयन प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं बरती गईं। अपील में यह भी बताया गया कि चयन समिति में संबंधित विषयों के विशेषज्ञों को शामिल नहीं किया गया था, बल्कि अन्य विषयों के विशेषज्ञों से चयन कराया गया, जो नियमों के खिलाफ था। इसके अलावा, चयन समिति ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया। अपील में यह भी उल्लेख किया गया कि अभ्यर्थियों के शैक्षणिक दस्तावेजों की न तो ठीक से जांच की गई और न ही उनका निष्पक्ष मूल्यांकन किया गया। अंकों के कई कॉलम बिना किसी स्पष्टीकरण के खाली छोड़ दिए गए थे। साक्षात्कार में कुछ अभ्यर्थियों को अत्यधिक अंक देकर अन्य अधिक योग्य उम्मीदवारों की अनदेखी की गई, जिससे चयन प्रक्रिया पक्षपातपूर्ण प्रतीत होती है। इसके साथ ही, विज्ञापनों में महिलाओं और दिव्यांगों के लिए आरक्षण का उल्लेख नहीं किया गया था और न ही आरक्षण रोस्टर उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार तैयार किया गया था। इन अनियमितताओं के कारण चयन प्रक्रिया को निरस्त कर दिया गया था।

लग्जरी कार चोरी कर सोशल मीडिया पर करते थे दिखावा; कैसे चढ़े पुलिस के हत्थे

नई दिल्ली, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस के हाथों एक बड़ी कामयाबी लगी है। दरअसल, पुलिस ने लग्जरी कार चोरी करने वाले 2 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को इन चोरों के पास से चोरी की गई दो महंगी गाड़ियां मिली हैं, जिसमें एक थार और एक स्कॉर्पियो एन शामिल है। इससे भी ज्यादा हैरान करने वाली बात यह है कि ये दोनों आरोपी चोरी की गई कारों के साथ सोशल मीडिया पर फोटो और वीडियो पोस्ट करते थे। बताया जा रहा है कि ये चोर इन गाड़ियों के साथ फोटो और वीडियो शेयर करके सोशल मीडिया पर शान-शौकत का दिखावा करते थे। यह मामला पश्चिमी दिल्ली जिले के मोती नगर थाना क्षेत्र का है।

त्रिपुरा: प्रसिद्ध ब्रह्मकुंडा मेले का भव्य आगाज

मुख्यमंत्री बोले- 14 करोड़ रुपए से किया जाएगा विकास

अगरतला, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ। माणिक साहा ने कहा है कि त्रिपुरा सरकार लगातार आदिवासी लोगों की संस्कृति और परंपरा के संरक्षण को प्राथमिकता दे रही है। इसके तहत ब्रह्मकुंडा मेला परिसर के सौंदर्यीकरण और विकास के लिए 14 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। यह बात मुख्यमंत्री साहा ने पश्चिम त्रिपुरा जिले के मोहनपुर उपमंडल स्थित सिमना में ब्रह्मकुंडा मेला का उद्घाटन करने के बाद समारोह को संबोधित करते हुए कही।

हमारी सरकार आदिवासी संस्कृति को कर रही संरक्षित

मुख्यमंत्री ने कहा, हमारी सरकार आदिवासी लोगों की संस्कृति को संरक्षित करने के लिए काम कर रही है। हमारे पास 19 आदिवासी समुदाय हैं,

जिनकी अपनी अनूठी संस्कृति और परंपराएं हैं। हम विभिन्न पहलों के माध्यम से उनकी धरोहर को बहाल और संरक्षित करने के प्रयास कर रहे हैं ताकि यह खो न जाए, उन्होंने कहा।

यह केवल एक मेला नहीं

डॉ। साहा ने कहा, यहां आकर मुझे यह जानने को मिला कि ब्रह्मकुंडा मेला की शुरुआत कैसे हुई। यह मेला साल में दो बार आयोजित किया जाता है। इस परंपरा को जीवित रखते हुए, लोग अपने पूर्वजों की याद में अनुष्ठान करते हैं। पहले, बांग्लादेश से भी लोग यहां आते थे, लेकिन वर्तमान स्थिति के कारण वे अब नहीं आ पा रहे हैं। ऐसे मेले कई पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।

यह सिर्फ एक मेला नहीं है; यहां हम अपनी समृद्ध संस्कृति और धरोहर को देख सकते हैं। हम राज्य को 'एक त्रिपुरा, श्रेष्ठ त्रिपुरा' बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं, जो यहां दिखाई दे रहा है। यहां महिलाओं की उपस्थिति पुरुषों से अधिक है। यह धरोहर अगली पीढ़ी द्वारा भी याद की जाएगी। लोग इन सुंदर क्षणों में जीना चाहते हैं।

भाजपा सांसद ने वक्फ बिल का किया स्वागत, कहा- संपत्तियां प्रभावशाली लोगों को नुकसान पहुंचाती हैं

नई दिल्ली, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। संसद से पारित हुए वक्फ बिल को लेकर भाजपा सांसद एटाला राजेंद्र ने बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि गरीब लोग वक्फ बिल का स्वागत कर रहे हैं। धार्मिक बोर्ड के तहत आने वाली संपत्तियां केवल प्रभावशाली लोगों को नुकसान पहुंचाती हैं। हैदराबाद और आसपास के इलाकों में वक्फ बोर्ड ने कई जगह कब्जे किए हैं। भाजपा सांसद ने कहा कि हैदराबाद में कई सालों से वक्फ संपत्तियों को लेकर विवाद चल रहा है। वक्फ संपत्तियों का इस्तेमाल प्रभावशाली लोग करते हैं। इससे गरीबों को कोई फायदा नहीं होता है। उन्होंने कहा कि हैदराबाद में बोडुप्पल इलाके में 40-50 साल पहले चार मुस्लिम गांव वाले एक क्षेत्र में रियल एस्टेट की जमीन एक व्यवसायी ने ली थी।

बजिंदर के बाद एक और पास्टर पर रेप का आरोप

बीसीए की छात्रा को गर्भवती किया, गर्भपात के 2 दिन बाद मौत

गुरदासपुर, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। पास्टर बजिंदर के बाद अब गुरदासपुर के पास्टर पर बलात्कार के गंभीर आरोप लगे हैं। आरोप है कि पास्टर जशनगिल ने 22 वर्षीय बीसीए की छात्रा के साथ रेप किया और जब वो गर्भवती हुई तो उसका गर्भपात करवा दिया। गर्भपात के दो दिन बाद ही छात्रा की मौत हो गई। मृतक छात्रा के पिता ने बताया कि आरोपी पास्टर ने उनकी बेटी का गर्भपात करवाया। इसके बाद छात्रा की हालत बिगड़ी और अमृतसर में उसकी मौत हो गई। आरोपी पास्टर जशनगिल गुरदासपुर का रहने वाला है। यह मामला 2023 का है और पीड़िता की जब तबीयत बिगड़ी तो भी पास्टर उनके घर में प्रार्थना करने आया था। पीड़िता ने अपनी छोटी बहन को पूरी घटना के बारे में बताया था कि पास्टर ने कैसे बलात्कार किया और फिर गर्भपात करवाया।

पुलिस नहीं कर रही गिरफ्तारी

पुलिस ने इस मामले में धारा 304 ए के तहत मामला दर्ज किया है। दीनानगर पुलिस ने मामला दर्ज किया गया है। मामला दर्ज होने के बाद से जशनगिल जम्मू में रह रहा है, जबकी उसकी गिरफ्तारी अभी तक भी पुलिस नहीं कर रही है। पीड़ित के पिता ने बताया कि वो फिर डर कर अमृतसर में रह रहे हैं, उन पर समझौते का दबाव बनाया जा रहा है। मोहाली की एक अदालत ने स्वयंभू पादरी बजिंदर सिंह को 2018 के बलात्कार के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई और कहा कि सिंह ने पादरी के तौर पर अपने पद का दुरुपयोग कर जघन्य अपराध किया। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीएसजे) विक्रांत कुमार की अदालत ने 28 मार्च को सिंह के दोषी पाए जाने के बाद यह फैसला सुनाया। सिंह को अक्सर 'यीशु-यीशु पैगंबर' कहकर भी संबोधित किया जाता था। सिंह को भारतीय दंड संहिता की धाराओं 376 (बलात्कार), 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाने की सजा) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत दोषी ठहराया गया, जबकि मामले में पांच अन्य आरोपियों अखबार भट्टी, राजेश चौधरी, जतिंदर कुमार, सितार अली और संदीप पहलवान को बरी कर दिया गया। भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (2) (न) के अनुसार, दोषी को आजीवन कठोर कारावास की सजा भुगतनी होगी

शराब नहीं गांजे के नशे में यमदूत बन गया था रक्षित, जांच के बाद पुलिस ने किया खुलासा

वडोदरा, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। गुजरात के वडोदरा में तीन वाहनों को टक्कर मारने वाला रक्षित चौरसिया गांजे के नशे में गाड़ी चला रहा था। पुलिस ने जांच के बाद खुलासा किया है कि आरोपी रक्षित और उसके साथ कार में बैठे अन्य दो युवकों ने गांजे का सेवन किया था। इस दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई थी और सात अन्य घायल हो गए थे। पुलिस के अनुसार, गांधीनगर में फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की प्राथमिक रिपोर्ट से पता चला कि घटना के समय वह शराब के नशे में नहीं था, बल्कि उसने गांजा पी रखा था। चौरसिया के साथ प्रांशु चौहान और सुरेश भारवाड़ के बल्ड सैंपल में भी ड्रग्स की पुष्टि हुई है।

यह मेडिकल रिपोर्ट हादसे के लगभग 20 दिन बाद आई। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के तहत मामला दर्ज किया है और चौरसिया के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 185 भी लगाई है, जिसके तहत शराब या नशीली दवाओं के प्रभाव में वाहन चलाना एक आपराधिक कृत्य है। चौरसिया फिलहाल वडोदरा सेंट्रल जेल में बंद है। उसके दोस्त प्रांशु चौहान को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, तीसरा आरोपी फरार है। पुलिस उपायुक्त पन्ना मोमाया ने कहा, हमें आज तीनों के रक्त के नमूनों की रिपोर्ट मिली, जिसमें ड्रग्स की पुष्टि हुई है। वे गांजा पीकर कार चला रहे थे। हमने रक्षित चौरसिया के सह-यात्री को गिरफ्तार कर लिया है और तीसरे आरोपी को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। 13 मार्च को प्रयागराज के 23 वर्षीय लॉ स्टूडेंट चौरसिया ने अपनी कार से तीन गाड़ियों को टक्कर मार दी थी, जिससे एक महिला हेमाली पटेल की मौत हो गई थी। यह घटना वडोदरा के व्यस्त चौराहे करेलीबाग में आम्रपाली चार रास्ता के पास हुई। घटना का वीडियो भी सामने आया था।

हादसे के बाद आरोपी रक्षित पागलों की तरह 'वन मोर राउंड' और 'ओम नमः शिवाय' चिल्ला रहा था। हादसे के अगले दिन दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया और उन पर गैर इरादतन हत्या का आरोप लगाया गया। बड़ौदा के महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय के छात्र रक्षित ने पहले नशे में होने या तेज गति से वाहन चलाने से इनकार किया था और हादसे के लिए कार के एयरबैग को जिम्मेदार ठहराया था। आरोपी ने कहा था, हम एक स्कूटर को ओवरटेक कर रहे थे और दाईं ओर मुड़े, तभी हमारी कार एक गड्ढे में जा गिरी। कार ने एक अन्य वाहन को टक्कर मार दी और एयरबैग खुल गया, जिससे मुझे दिखना बंद हो गया और कार नियंत्रण से बाहर हो गई। मुझे बताया गया कि एक महिला की मौत हो गई और अन्य लोग घायल हो गए। मैं पीड़ितों के परिवारों से मिलना चाहता हूं- यह मेरी गलती है।

दो मई को खुलेंगे आदि कैलाश के शिव-पार्वती मंदिर के कपाट

पिथौरागढ़, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले की व्यास घाटी में स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल आदि कैलाश के शिव-पार्वती मंदिर के कपाट दो मई को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। इसी के साथ ही आदि कैलाश यात्रा का औपचारिक शुभारंभ हो जाएगा। प्रशासन ने मई के पहले सप्ताह से यात्रियों के लिए इनर लाइन परमिट जारी करने की तैयारियां पूरी कर ली हैं। आदि कैलाश विकास समिति के अध्यक्ष पुनीत सिंह कुटियाल ने जानकारी दी कि ग्राम कुटी के नजदीक स्थित ज्योलिंगकांग (समुद्रतल से लगभग 14,500 फीट) में भगवान शिव और माता पार्वती को समर्पित यह मंदिर प्रतिवर्ष गर्मियों के मौसम में सीमित अवधि के लिए श्रद्धालुओं के लिए खोला जाता है। इस वर्ष भी मंदिर के कपाट दो मई को विधिवत रूप से खोले जाएंगे, जिसके बाद श्रद्धालु मंदिर के साथ ही आदि कैलाश पर्वत, पार्वती सरोवर और गौरी कुंड के भी दर्शन कर सकेंगे। मंदिर के पुजारी गोपाल सिंह कुटियाल और वीरेंद्र सिंह कुटियाल ने बताया कि सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की 65 आरसीसी ग्रिफ यूनिट द्वारा गुंजी, नाबी और कुटी गांवों को जोड़ने वाली सड़कों से बर्फ हटाने का काम लगभग पूरा कर लिया गया है। इससे अब वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है। साथ ही कुटी गांव के ग्रामीण भी 20 मई से अपने पारंपरिक प्रवास की तैयारी कर रहे हैं। धारचूला के एसडीएम मंजीत सिंह ने बताया कि मई के पहले सप्ताह से प्रशासन द्वारा इनर लाइन परमिट जारी किए जाएंगे, जो आदि कैलाश क्षेत्र में प्रवेश के लिए आवश्यक होते हैं। उन्होंने होम स्टे संचालकों, टैक्सी यूनियन पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं से अपील की कि वे केवल निर्धारित तिथि के बाद ही पर्यटकों की बुकिंग करें। इससे यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित की जा सकेगी।

आदि कैलाश विकास समिति के अध्यक्ष पुनीत सिंह कुटियाल ने श्रद्धालुओं से धार्मिक स्थलों की मर्यादा बनाए रखने, स्वच्छता का पालन करने और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग देने की अपील की है। उनका कहना है कि यह पवित्र क्षेत्र न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है,

जिस पत्नी की हत्या के आरोप में काटी डेढ़ साल जेल की सजा, 5 साल बाद वो बॉयफ्रेंड के साथ दिखी

कोडागू, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्नाटक के कोडागू जिले से 5 साल पहले हुई एक महिला की हत्या के मामले में हैरान करने वाला खुलासा हुआ है। यह मामला किसी सस्पेंस और थ्रिलर फिल्म से कम नहीं है। पुलिस के मुताबिक, 5 साल पहले एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी थी, जिसके लिए वह पिछले डेढ़ साल से जेल में बंद था। अब वह महिला जीवित पाई गई है।

वहीं, इस खुलासे ने अब पुलिस जांच पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, जिसके कारण एक निर्दोष व्यक्ति को गलत तरीके से जेल भेजा गया। मैसूर की एक अदालत ने पुलिस की ओर से की गई चूक को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक (एसपी) को एक मामले के संबंध में 17 अप्रैल से पहले पूरी रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है। दरअसल, एक महिला की 2020 में उसके पति द्वारा कथित तौर पर हत्या कर दी गई थी और अब वह महिला जीवित अदालत में पेश हुई है। मल्लिगे नामक महिला के पति सुरेश ने हत्या के आरोप में लगभग डेढ़ साल जेल में बिताए हैं। यह मामला लगभग 38 वर्षीय सुरेश की गिरफ्तारी और कारावास से संबंधित है, जिसने दिसंबर 2020 में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी पत्नी मल्लिगे कोडागु जिले के कुशलनगर से लापता हो गई है। इसके बाद पुलिस को बेट्टादारपुरा (पेरियापटना तालुका) में एक महिला का कंकाल मिला और अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया गया, जिसमें आरोप लगाया गया कि कंकाल मल्लिगे का था और सुरेश ने उसकी हत्या की थी।

इसके बाद उसे जेल भेज दिया गया। इस मामले के 5 साल बाद 1 अप्रैल 2025 को मल्लिगे को सुरेश के एक दोस्त ने मदिकेरी में एक अन्य व्यक्ति के साथ देखा। सुरेश के वकील पांडू पुजारी ने बताया कि 1 अप्रैल को मल्लिगे को मदिकेरी के एक होटल में एक आदमी के साथ खाना खाते हुए पाया गया।

आदर्श मूल्यों के महामानव : भगवान राम

अतुल कुमार

भारतीय अध्यात्म के मुख्य त्यौहारों में श्री रामनवमी एक है । इस दिन भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम का जन्म हुआ । यह पर्व वसंत ऋतु में चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन धूम धाम से मनाया जाता है । भगवान राम ने महामानव होते हुए भी अपना जीवन सामान्य जन के रूप में जिया । शास्त्रानुसार महामानव का जब भी जन्म होता है तब समझो उनके जीवन का एजेंडा पूर्व निर्धारित होता है । नये मूल्यों ,

सिद्धातों और आदर्शों की स्थापना के लिये उनका जन्म होता है जिसे ग़ीता में " धर्म – संस्थापना " कहा गया । नये के साथ पुराने मूल्यों को नष्ट करने के लिये उनका जन्म होता है ।ऐसे महामानव युग पुरुष को जन्म देने लिये पृथ्वी युगों युगों तक प्रतीक्षा करती है । लोकाभिराम राजकुमार श्री राम केवल कौसल्या – दशरथ नंदन राम नहीं हैं बल्कि ऋषियों ,संतों , और आम आदमी के लिये प्रजानंदन भी हैं ।जन्म के बाद उनके तेजस्वी ,मनोरम और सुंदर रूप स्वरूप को देख महर्षि वशिष्ठ ने संसार के सबसे मंगलकारी और शुभ नाम " राम " को रखा । कई सदियों से श्री राम जन्म दिन को श्रद्धापूर्वक राम – नवमी के रूप में मनाया जाता है उनके जन्म पर महा कवि तुलसीदास ने यूं ही नहीं लिखा " श्रीरामचंद्र कृपालु भज मन हरण भवभय दारुणम / नव

कंज लोचन , कंज मुख कर कंज पद कंजारुणम // मीरा बाई ने गाया " पायो जी मैंने राम रतन धन पायो / वस्तु अमोलिक दी मोरे सतगुरु ,किरपा कर अपनायो ।।। पायो जी मैंने राम रतन धन पायो " वहीं संत कबीर दास ने लिखा " मन लागो मेरो यार फकीरी में / जो सुख पावो राम भजन में ,सो सुख नहीं अमीरी में // और मैथिली शरण गुप्त ने " साकेत ' में लिखा ' राम तुम्हारा वृत्त स्वयं ही काव्य है / कोई कवि बन जाये सहज संभाव्य है " शोधानुसार उनका

जन्म 7128 वर्ष पूर्व यानी 5114 ई पू हुआ कुछ विशेषज्ञों के अनुसार उनका जन्म 9000 वर्ष पूर्व चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की नवमी के दिन दोपहर 12 । 25 बजे हुआ । " राम " शब्द सुनने ,कहने और देखने में जितना मन भावन है उतना ही भक्ति की तरंगों को लय बद्ध करता है । " राम " कहने से शरीर और मन में अलग तरह की भावनाएं पैदा होती हैं जो आत्मिक शांति देती हैं इस शब्द की ध्वनि पर कई रिसर्च हुए जो चमत्कारिक सिद्ध

हुए इसलिये प्रचलित मान्यता है कि " राम से बडा श्री राम जी का नाम " ध्वनि विज्ञान " के साइंटिस्टों के अनुसार इस नाम की महिमा

अपरंपार है जिसको लिखने से पासिटिव एनर्जी का संचार होता है अतः "राम " नाम को लिखने बोलने से मन ,मस्तिष्क और ह्रदय में विशेष शक्ति का प्रवाह होता है जिससे मानसिक शांति और बल मिलता है ।

इसकी महिमा को इसी से समझा जा सकता है कि लोग अपने अभिवादन में अब भी " राम – राम " कहते हैं । साइंटिस्टों के मतानुसार इसको जपने से शरीर का रोम रोम पुलकित होता है क्यों कि इसमें भक्ति , शक्ति और बुद्धि का वास है ।आज व्यक्ति जितना तन्हा ,अकेला और परेशान है उतना कभी नहीं था तब " राम " की महिमा महत्वपूर्ण दिखायी देती है ।राम दिव्य , दूर दृष्टा और दयालु हैं । मानव के रूप में मर्यादा के परम रक्षक हैं , संस्कारों के पालक

हैं तो सभ्यता के अनुयायी हैं महामानव होते हुए भी सदा उन सभी रीति रिवाज़ो का पालन किया जो परंपराओं एवं पूर्वजों से प्राप्त हुए राजा होते हुए भी संन्यासी की तरह अपना जीवन यापन किया जो उनकी सहनशीलता और धैर्य का प्रतीक है । हर वर्ग ,जाति के साथ मित्रता निभायी और उसे दिल से निभाया । केवट हो या सुग्रीव निषादराज और विभीषण सभी मित्रों के लिये स्वयं संकट झेले लेकिन दोस्ती के रिश्ते को मज़बूत बनाया । और आज ! दोस्तियां

मतलब और स्वार्थ सिद्धि के लिये होती हैं ।क्यों बापू ?

भगवान राम आदर्श आराध्य हैं जिन्होंने जीवन में अपनी दिव्य

भगवदीय शक्तियों का उपयोग नहीं किया और सामान्य मनुष्य की तरह

रहे इसलिये कहा गया अच्छा दोस्त बनना है इसलिये राम ज़रूरी हैं / अच्छा बेटा बनना है तो राम ज़रूरी हैं / अच्छा पिता बनना है तो राम ज़रूरी हैं / अच्छा भाई बनना है तो राम ज़रूरी हैं / अच्छा पति बनना है तो राम ज़रूरी हैं / श्रेष्ठ व्यक्ति बनना है तो राम ज़रूरी हैं // राम ने जीवन के उन उच्च आदर्शों की परिभाषाओं को प्रस्तुत किया जो जीवन

का आदर्श है । भारतीय संस्कृति को तपोवन संस्कृति माना गया

जिसमें जीवन के हर कार्य में तप ,जप और योग का समावेश है किसी भी कार्य को करो तो मन और दिल लगा कर करो ऐसे ही एट्टी के लिये नहीं क्यों कि इससे परफार्मेंस जुडा है यह युग पर्फार्मेंस का हे जो अच्छा पर्फार्म करेगा वही ज़िंदगी में आगे बढेगा और सफलता पायेगा यह अपने कार्य की " तप और जप " की थ्योरी भी है । राम ने संताप के हलाहल का पान कर नये मूल्यों की स्थापना में जिस जीवन निष्ठा का परिचय दिया वही उनको समझने की कुंजी है ।

महाकवि तुलसीदास ने लिखा " मुकुर मलिन अरु नयन बिहीना / राम रूप देखहिं किमि दीना // यदि तुम राम रूप से परिचित होना चाहते हो तो मन के आईने को साफ करना होगा ।जब मन अस्वच्छ होता है तो वह स्वच्छ बातों को ग्रहण नहीं कर पाता । भारतीय संस्कृति का विकास नदियों के किनारे हुआ राम कथा जन सामान्य के लिये सिर्फ कथा नहीं मंगल लीलाकथा है जिसमे राम ने संस्कारों के उत्कर्ष रूप को प्रतिष्ठित किया ।ईश्वरीय शक्तियों से युक्त होते हुए भी कभी उनका प्रदर्शन या बखान नहीं किया । अद्भुत प्रसंग है , वनवास के दौरान संध्या होने आयी तो गुरु वशिष्ठ से आज्ञा ली कि किसी वृक्ष के नीचे रात गुज़ारते हैं आज्ञा पा सामने बडे नीम के वृक्ष के निकट जा पूछा हे ! नीम वृक्ष क्या हम आज आपकी छत्र छाया में रह सकते हैं ! नीम प्रकट हुआ और कहा मेरी छाया में कई लोग आते हैं और विश्राम कर चले जाते हैं किसी ने आज तक मुझ से आज्ञा नहीं ली । प्रभु के चरणों की ओर देखते हुए नीम ने कहा आप नभ थल जल वायु और अग्नि के स्वामी हैं मैं तो इस वन का साधारण नीम वृक्ष हूं जिसके वनमाली आप हैं ।आप यहां विश्राम करेंगे यह मेरा सौभाग्य होगा । पूरी रात नीम जागता रहा और प्रभु को निहारता रहा कि जीवन में ऐसा सौभाग्य फिर कब मिलेगा ? प्रातः हुई राम जाने को हुए तो नीम फिर प्रकट हो उनको प्रणाम करने लगा ।उसकी सेवा भावी आवभगत से प्रभु ने आनंदित हो आशीर्वाद दिया "नीम " भले ही तुम्हारा स्वाद कडुवा है लेकिन यही मानव समाज के लिये उत्तम होगा तुम असाध्य रोगों की औषधि सहित छत्र छाया , और अपनी छाल और पत्तियों के लिये प्रसिद्ध होगे ।कई औषधियों में आज नीम है । दतौन, साबुन और पूजा के कार्यों में नीम का प्रचुर इस्तेमाल होता है । यह प्रसंग प्रकृति के प्रति राम की विशाल ,विराट और विहंगम दृष्टि का परिचायक है । और आज वृक्षों के साथ हमारा क्या रवैया है यह किसी से छिपा नहीं है । क्या कभी वृक्षों को अपना मित्र समझा गया ? क्या कभी उनकी उपादेयता को जाना गया ? क्या वृक्ष की महत्ता को माना गया ? क्या कभी पर्यावरण की महत्ता को समझा गया ? यह नीम ही है जो वायु प्रदूषण और कीट पतंगों को मनुष्य से दूर रखता है ।आज वृक्षारोपण महज़ एक फोटो सेशन या सेल्फी बन गया है बंधु !

संपूर्ण विश्व में राम सर्वोच्च आदर्श के रूप में स्थापित हैं उनके आदर्श सभी के लिये अनुकरणीय हैं । आज परिवार टूट रहे हैं ।भाई भाई में दुश्मनी हो गयी है बेटा बेटी माता पिता का सम्मान नहीं करते रिश्ते बिखर रहे हैं । बडे बुज़ुर्गों का सम्मान नहीं होता तब इसके एकमात्र समाधान के रूप में राम के आदर्श ,मर्यादा, और मूल्य हैं इसलिये भगवान राम को " मर्यादा पुरुषोत्तम " कहा गया ।

काव्य कुंज

दहलीज

टी तारासिंह
हैदराबाद

हमारी बिटिया पराई हो गई
देहलिज पार कर गई
घर से विदा हो गई
तू नादान है असमझ है
कैसे निभायेगी जिम्मेदारियाँ !
घर का,पति की जिम्मेदारियाँ अच्छे से निभाना
ख्याल रखना छोटो का , बडो का
तेरा घर ही तेरा स्वर्ग है
तेरे विदाई के बाद घर-आंगन सूना सूना लग रहा
तेरी याद मे बस आंसू बहा रहे
पल पल जीना हो रहा है मुश्किल
आंख के मोती भी सूख नही रहे
कभी हमारे घर भी आ जाना
कभी सपनो मे भी आ जाना ।।

"अपूर्ण"

हेमंत सुराना,
उदयपुर

अधूरा हूँ मैं, अधूरा रह गया,
ना नींद पूरी की, ना ख्वाब पूरा किया
दुनिया का सन्नाटा कुछ यूँ गहरा गया,
जैसे जिंदगी अधूरा सफर बन गया
पाबंदियों में घिरा परिंदा हो गया,
जैसे बिन सुर के कोई गीत अधूरा रह गया
आखिर ऐसा क्या पाने गया,
कि खुद को ही खो दिया
खुद को साबित करते-करते थका दिया,
अच्छा है दुनिया ने ही गलत समझ लिया
मिजाज अपना कुछ ऐसा बना लिया,
कुछ भी कहने पर मुस्कुरा दिया
सब्र तो खुदा ने बहुत दिया ,
आखिरी हद तक आजमाता गया
अधूरी है जिंदगी, अधूरा सफर हो गया ,
मेरा शौक मेरा सपना, सब ख्वाब बन गया
खुद से सवाल पूछा, जवाब अधूरा रह गया,
सुहाना मौसम भी उदासी में डूब गया,
सुहाना मौसम भी उदासी में डूब गया ।

इंसान ख्वाहिशों से बंधा....

दर्शन सिंह
हैदराबाद

कुछ भी हो,
जीने का मकसद खास अवश्य रहता है
विजय मिले या न मिले,दौड़ते चला जाता है
जोश, उमंग .. से भरपूर एक एक विश्वस्त कदम
एक दिन पर्वत हिमालय पर विजय तिरंगा फहराता है
महामहिम ए पी जे अब्दुल कलाम जी की
बड़े लक्ष्य की प्रेरणा उत्कृष्ट स्नेहा है
इंसान ख्वाहिशों से बंधा हुआ एक जिद्दी परिंदा है
उम्मीदों से ही है और उम्मीदों पर ही जिंदा है
कुछ काम करो,कुछ काम करो
जग में रहकर कुछ नाम करो
यह जन्म हुआ कुछ अर्थ सहो, सत्यार्थ पंक्तियां हैं
अचीव करो तो मुट्ठी में कैद रश्मियां हैं
नेकी और पूछ पूछ, खूबसूरत पहेलियां हैं
डंके की चोट, आशियाने की अशर्फियां हैं
करें चिंतन,
तो अवश्य जीन नू जी मचलता है
इंसान ख्वाहिशों से बंधा ...
मुंगेरी सपने देखना अवश्य अच्छे लगते हैं
हां लक्ष्मण रेखा अंदर रहे, सुहाने लगते हैं
अन्यथा आसमान से गिरा , खजूर पर अटका उक्ति यथार्थ हो जाती है
तेते पांव पसारिए, जेती लंबी सौर विचारणीय लगती है
अगर भेड़ चाल का हिस्सा बन गए,तो नुकीला कंडा है
इंसान ख्वाहिशों से बंधा...

क्या खोया क्या पाया

दिन पर दिन गुजर गए
साल पर साल गुजर गए
न जाने कब जिन्दगी की
ढलान पर आ पोहंचे
पीछे मुड कर देखा
तो क्या खोया पाया।
इसका हिसाब नहीं मिला
पन्ने पर पन्ने पलट कर देखा
तो धुंधले चेहरे नजर आए
हर मोड पर याद आई
तो आखो में बरसात पायी

-घनश्यामदास बजाज

इंसान

कुमुद बाला
हैदराबाद

देख तेरे संसार की हालत क्या हो गयी भगवान !
कितना बदल गया इंसान।।
धोखा ही लेकर दिल में फिरते , लोगों को मूर्ख हैं समझते
कुछ लोगों की लुटिया डुबोते और कुछ की नैया हैं डुबोते
आदत से लाचार हैं इतने , अंधविश्वास का ढोल हैं पीटते
विधर्मी तो इतने हैं ये की धर्म के नाम पे घर तोड़ जाते
भगवान ! को भी चर्बी का लड्डू,चढ़ाते हैं इंसान ,
कहते बदल गया भगवान !!
सनातन धर्म का पहनके चोला,पशुप्रवृति को जागृत रखते
अवसरवादी ये इतने झूठे , भगवान ! को भी हैं धोखा देते संस्कृति बेचते , धर्म बेचते , ये समय देख ईमान हैं बेचते
इज़्ज़त नहीं माँ और बहन की , पैसा देख हैं उन्हें भी बेचते
जानवर हैं इंसान से अच्छे,सुन लो ना ऐ भगवान !
कितना बदल गया इंसान ।।
ईमान बेच देते पल में ये , पैसे को ईश्वर हैं समझते
घर में ज़ुल्म का शंख बजाते और मंदिर में देवी को पूजते
शक्ति का येआडंबर रचते और भक्ति को बदनाम हैं करते
सीधे- साधे लोगों का जीवन , नरक से ये बदतर हैं बनाते
माता कह कर अपमान हैं करते,कैसे ये इंसान ,
कहते बदल गया भगवान !!

इतनी बे-असर दुआएं क्यों हैं

संजीव ठाकुर,
रायपुर

इतनी खामोश हवाएं क्यों है,
इतनी गमगीन फिजाएं क्यों है।
बीमार ए-दिल में बे-असर दवाएं
इतनी बे-असर दुआएं क्यों हैं।
दर्द हमारा तो ला-इलाज है,
बे-असर इतनी दवाएं क्यों हैं ।
नजरें बता रहीं बेरुखी का सबक,
आंखों में ढेर लाल अंगारे क्यों हैं।
अब तो इंतजार की इन्तेहाँ हो गई
यादों के ये गमगीन इशारे क्यों हैं।
लोरियां सो गई दर्द बयां करते संजीव,
आसुओं के जुगनू इतने बेचारे क्यों हैं।
उम्मीद पर ही कायम है दुनिया संजीव
गहन अंधेरे के बाद सूर्य रोशन जो है।

झूठ – भय का कारक

कमलेश झा

झूठ का बोझ बड़ा हीं भारी, मन में उपजाए चिंता सारी।
सच को दबाने की कोशिश में, डर होता है हर सांस पर भारी।।
झूठ जो बोया, भय उग आया,मन दर्पण पर धुंधला छाए।
हर आहट पर दिल घबराए,सपनों में भी डर का साया मंडराए।।
कदम-कदम पर भय सताए,झूठ की गठरी भारी होते जाए।
राहें उलझी, लक्ष्य भटकाए,मन में बैठे चोर, डराए।।
छल की राहें तंग बहुत हैं, मोड मोड़ पर जंग बहुत है।
झूठ की दीवारें गिर न जाए, प्रपंच गढ़ने में लगे पड़े हैं ।।
शब्दों में जब मक्कारी आई,आंखों में फिर नींद न आई।
हर आहट पर धड़कन डोले,मन में डर के बादल घूमें।।
भय का कारण वही पुराना, झूठ की गठरी को सिर पर ढोना।
जो सच बोले, निडर रहेगा, दिल मन पर न जोर सहेगा ।।
सत्य सदा विजय दिलवाए, झूठ कदम-कदम पर भरमाए।
न्याय का दीप जलाकर देखो, अंधकार खुद मिट जाए।।
सत्य ही संबल, सत्य सहारा,झूठ से जीवन जीना दुश्वारा।
हिम्मत रख, सच को अपनाओ,झूठ का भय सदा मिटाओ।।

वरदान साबित होंगे परिण्डे

भीषण गर्मी में पक्षियों के हलक तर को लेकर जीवदया के कार्यों को समर्पित जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर की ओर से परिण्डा अभियान के माध्यम से अलग-अलग स्थानों पर मिट्टी के परिण्डे लगाएं व बांटे जा रहे है। जिस कड़ी में शुक्रवार को संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन के नेतृत्व में सांसियों का तला में परिण्डे लगाने के साथ-साथ श्री माजीसा धाम, बाड़मेर के अध्यक्ष स्वरूपचन्द संखलेचा रणधा की उपस्थिति में श्री माजीसा बालिका मण्डल की बहिनों को 100 परिण्डे वितरित किये गये।

संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन ने कहा कि भीषण गर्मी के इन दिनों में अलग-अलग स्थानों पर लग रहे मिट्टी के परिण्डे पंछियों के लिए वरदान साबित होंगे। छोटे-छोटे मिट्टी के इन परिण्डों के माध्यम से पक्षियों को शीतल जल रहा है। अमन ने कहा कि यह परिण्डा अभियान सभी दयालु सज्जनों व भामाशाहों के आर्थिक सहयोग की बदौलत आगे बढ़ रहा है।

परिण्डा अभियान में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सांसियों का तला में पक्षियों के लिए मिट्टी के परिण्डे व चबूतरे लगाये गये। वहीं परिण्डा वितरण कार्यक्रम में श्री माजीसा धाम बालिका मण्डल को 100 से अधिक परिण्डे वितरित कर जीव दया व जीव कल्याण का संकल्प दिलाया गया।

परिण्डा वितरण कार्यक्रम के दौरान श्री माजीसा धाम के अध्यक्ष स्वरूपचन्द संखलेचा रणधा, संस्थान अध्यक्ष मुकेश अमन, राणामल धारीवाल, मोहनलाल बोहरा, प्रवीण मालू, शुम्भूसिंह, संजीत खान सहित बड़ी संख्या में श्री माजीसा धाम बालिका मण्डल की बहिनें उपस्थित रही।

-मुकेश बोहरा अमन

श्री रामनवमी

गीता अग्रवाल
हैदराबाद

चैत्र मास नवमी तिथि को श्री राम का अवतरण।
अयोध्या खुशी चौगुनी, हुआ जो राम का जनम।।
चैत्र मास नवमी तिथि.....
पिता दशरथ,कौशल्या माँ की राम प्रिय संतान,
पाप,अत्याचार जब बढ़े अवतार लेते हैं भगवान,
ऋषि मुनि दुखी हो रहे, दैत्यों के अत्याचारों से,
बानक ऐसे ,14 वर्ष वनवास में किए गए समाधान,
हवन अग्नि शुद्ध हुई,
समस्त शुद्ध हुआ वातावरण।
चैत्र मास नवमी तिथि को श्री राम का अवतरण।
अयोध्या खुशी चौगुनी, हुआ जो राम का जनम।।
उत्तर में राम नवमी को मनाते जन्म की खुशियां,
दक्षिण में सीता राम विवाह की मनाते हैं खुशियां,
राम राज्य में सब सुखी,सबको मिले उचित सम्मान
श्रीराम ने मर्यादा पुरुषोत्तम की दिखाई खूबियां,
गाता रामायण गुणगान, उल्लास से भरा भक्तजन।
चैत्र मास नवमी तिथि को श्री राम का अवतरण।
अयोध्या खुशी चौगुनी, हुआ जो राम का जनम।।
चैत्र मास नवमी तिथि को श्री राम का अवतरण।
अयोध्या खुशी चौगुनी, हुआ जो राम का जनम।।

छोटी सी बात

जे गंगाधर 'गंध'
हैदराबाद

छोटी सी बात,
हाँ बहुत खास बात,
बात, बात की है बात,
जब बात ही नहीं रही
बातचीत में नहीं बात
तो बचा क्या चीत,
चीत चिंता हानिकर है
भाई दिल को दीमक की तरह
खा जाता है चीत चिंता जानो,
चिता से भी चिंता खतरनाक है,
दिल खोलकर मन खुलकर,
दिलदार बनो, दिल की बात करो,
दिल पर बोझ लादा ना किया करो,
नाराजगी बोझिल ताक पर छोड़ो,
अपने अपनों से बात कर नाता जोड़ो।
छोटी सी बात, बात ही है पते की बात।।

सजल

रेणुका अग्रवाल
हैदराबाद

कभी खूब नाच नचाती है जिन्दगी।
कभी सूकूँ की नींद सुलाती है जिन्दगी।
किसी के लिए औलाद बेहद ज़रूरी है
किसी घर में भूखा सुलाती है जिन्दगी।
ईमान बिकता है सरे बाजार में
उनके भाव लगाती है जिन्दगी।
बिन फेरों के शादी हो जाती आजकल
बेशर्मों को इज़्ज़त दिलाती है जिन्दगी।
सच्चाई तो गालियां सुनती रही हमेशा
झूठ को सदारत दिलाती है जिन्दगी।
हरकतें देखो पढ़े लिखों की आजकल
बुजुर्गों पे तोहमत लगाती है जिन्दगी।
अपनों को देखा है इतने क़रीब से
रेणु इनसे नफ़रत कराती है जिन्दगी।

अपनी जीर्णता पर मुस्कुराता पुल

मनीषा मंजरी
दरभंगा

उस पूल का अस्तित्व किसे लुभाता है,
जो किनारों को नहीं जोड़ पाता है,
ना गुजरती है कोई नदी उसके नीचे से,
ना कोई रेल उसके ऊपर खड़खड़ाता है।
बेचैनियां समेटे तन्हा खड़ा सा वो,
अब तो उमीदों के दरवाजे भी नहीं खटखटाता है।
कुछ क़दमों ने निशान छोड़ रखे हैं जो,
अपनी खामोशी में बस उन्हें हीं सहलाता है।
ठहरती हवाओं से दिल उसका लग जाता है,
पर चुभती निगाहों से वो बच कहाँ पाता है।
कभी आवारगी का घर वो कहलाता है,
कभी माशुकी को अपने हिस्सों में छुपाता है।
बेख्याली में खुद को ढहाता सा वो,
किनारों की तलाश में साँसों को तड़पाता है।
जो ना मिलता है खुद से ना हीं बिछड़ पाता है,
विध्वंस्ता का सबब बनकर अपनी जीर्णता पर मुस्कुराता है।

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA, Publications, Ltd,
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

वक्फ बिल पारित होने के बाद एनडीए में दिख रहे नए राजनीतिक समीकरण

वक्फ संशोधन बिल संसद के दोनों सदनों से आखिरकार पारित हो गया। बिल के पारित होने के बाद एनडीए में नए राजनीतिक समीकरण दिख रहे हैं। सभी राजनीतिक खेमे यह स्वीकार करते हैं कि यह विधेयक पारित करना, वह भी तब जब तीसरी बार मोदी सरकार सदनों में बीजेपी के अकेले बहुमत से वंचित है और बहुमत के लिए अपने सहयोगियों पर निर्भर है, गठबंधन राजनीति की गतिशीलता में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाता है।

इसकी वजह है कि विधेयक के पारित होने से अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित मुद्दों के प्रति सहयोगी दलों की प्रदर्शित राजनीतिक संवेदनशीलता पर पारंपरिक गठबंधन की बढ़त समाप्त हो गई है। बीजेपी के सहयोगी दल, विशेषकर टीडीपी, जेडीयू और एलजेपी (रामविलास) वही सहयोगी दल थे जिन्होंने मुस्लिम भावनाओं के प्रति अपनी संवेदनशीलता का हवाला देकर भाजपा के मूल वैचारिक मुद्दों को गठबंधन के ठंडे बस्ते में डालकर वाजपेयी सरकार को एक साझा न्यूनतम कार्यक्रम तक सीमित रहने के लिए मजबूर किया था। इसलिए, मोदी सरकार की तरफ से गठबंधन संवेदनशीलता के माध्यम से वक्फ विधेयक (एक ऐसा विषय जिसकी धार्मिक पैमाने पर संवेदनशीलता अनुच्छेद 370, यूसीसी और ट्रिपल तलाक के बराबर है) को आगे बढ़ाने का राजनीतिक महत्व, दूसरी मोदी सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 और ट्रिपल तलाक को खत्म करने के विधेयकों को पारित करने से ज्यादा महत्वपूर्ण देखा जा रहा है।

इसमें पिछली लोकसभा में बीजेपी ने भारी बहुमत का इस्तेमाल करके तत्कालीन सहयोगियों और तटस्थ लोगों की विरोध, सौदेबाजी और ब्लैकमेल करने की क्षमता को प्रभावी ढंग से बेअसर किया गया था। कुछ लोगों के लिए, यह दिखाता है कि कैसे गठबंधन राजनीति की गतिशीलता और सत्ता का बंधन, नए चुनावी धुरी के रूप में 'बहुमत संवेदनशीलता' की ओर बढ़ रहा है। कई नेताओं का मानना है कि वक्फ विधेयक को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने से तीन कारकों का संकेत मिल सकता है; सबसे पहले, इस प्रकरण से विपक्ष की यह उम्मीद कम हो गई है कि एनडीए के सहयोगी वैचारिक मतभेदों के कारण तीसरी मोदी सरकार को खतरे में डाल सकते हैं। दूसरे, वक्फ विधेयक के पारित होने से सरकार को अपने लंबित वैचारिक एजेंडे - समान नागरिक संहिता - को अपनी राजनीतिक सुविधा के समय पर आगे बढ़ाने की इच्छा हो सकती है। तीसरे, गठबंधन के बढ़ते आत्मविश्वास से सरकार आर्थिक और शासन सुधार एजेंडे पर अधिक महत्वाकांक्षी रूप से कार्य कर सकती है, जिससे सहयोगी दलों को उचित शर्तों पर अधिक उदार बनाया जा सकता है।

इस गठबंधन की पृष्ठभूमि ने साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनावों में दोनों पक्षों के लिए बहुत कुछ दांव पर लगा दिया है; बीजेपी और केंद्र के लिए, राजनीतिक और गठबंधन की जगह बनाने के लिए, और विपक्ष के लिए कुछ राजनीतिक हवा हासिल करने के लिए। वक्फ विधेयक के पारित होने से पहले संसद में हुए राजनीतिक खेल में, विपक्ष ने देखा कि कैसे मोदी सरकार के सत्ता-खेल ने एनडीए सहयोगियों को उनकी गठबंधन सीमाओं के भीतर सीमित कर दिया है।

लोजपा, जिसने बिहार के मुस्लिम मतदाताओं के प्रति अपनी संवेदनशीलता के कारण गुजरात दंगों के मुद्दे पर वाजपेयी सरकार से समर्थन वापस ले लिया था, ने अब बिहार चुनाव से पहले वक्फ विधेयक का समर्थन किया है। यह, ठीक उसी तरह है जैसे टीडीपी ने किया है। टीडीपी ने भी गुजरात मुद्दे के दौरान इसकी 'अल्पसंख्यक संवेदनशीलता' के कारण जोरदार विरोध किया था (वाजपेयी सरकार का समर्थन करते हुए भी) और बाद में आंध्र प्रदेश के विशेष दर्जे के मुद्दे पर पहली मोदी सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। हालांकि, बाद में बीजेपी नीत खेमें में वापस लौटने के लिए मजबूर हो गई थी।

बिहार चुनाव से पहले जेडीयू ने लिया जोखिम!

बिहार चुनाव से पहले मुस्लिमों की नाराजगी का जोखिम उठाकर भी जेडीयू द्वारा विधेयक का समर्थन करना बहुतों को आश्चर्यचकित नहीं करता। इस कदम को एक अधिक 'संयमी पार्टी' के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि नीतीश कुमार स्पष्ट रूप से अपने राजनीतिक स्वभाव में नहीं हैं।

बीजेपी के सहयोगियों ने विधेयक को अपने समर्थन को यह दावा करके उचित ठहराया कि सरकार ने पूर्वव्यापी खंड पर उनकी चिंताओं को दूर किया है। राज्य वक्फ परिषदों में राज्य सरकारों की बात को बनाए रखा है, जबकि संसद में विपक्ष और बाहर मुस्लिम प्रतिष्ठान इन आश्वासनों को महज दिखावा बता रहे थे।

क्रिकेट के बहाने जुआ: गांवों में बर्बादी का स्कोरबोर्ड

प्रो. आरके जैन अरिजीत

हर गांव की गलियों में कभी एक जीवंत संगीत गूंजता था—गेंद की ठप्प, बल्ले की सधी हुई खनक, और बच्चों की उन्मुक्त चीखें—"छक्का"। सपना था साफ और दिलकश- मैदान की धूल से उठकर देश का नाम रोशन करना। फिर आया आईपीएल—एक ऐसा मंच, जिसने हर गाँव से 2-3 सितारे चमकाने का वादा किया। मगर अब उन गलियों की कहानी बदल चुकी है। सपनों की वो गर्माहट स्क्रीन की ठंडी चमक में खो गई। हर कोने से सैकड़ों जुआरी उभर आए—न मैदान पर जीत की गूंज, न तालियों की गड़गड़ाहट; बस फैंटेसी ऐप्स की आभासी दुनिया में हार की राख में सुलगते चेहरे। क्रिकेट, जो कभी दिलों का जुनून था, अब जुए की चालों का आडंबर बनकर रह गया है। आईपीएल का आगाज़ 2008 में हुआ—एक ऐसा मंच जो क्रिकेट को नई उड़ान देना चाहता था, गाँवों और छोटे शहरों की मिट्टी से अनगढ़ हीरे तराशना चाहता था। सचिन, धोनी, कोहली जैसे सितारों ने दिखाया कि ये सपना हकीकत में ढल सकता है। मगर इस चमचमाती राह पर कुछ ऐसा उभरा, जिसका अंदाज़ा किसी को नहीं था—फैंटेसी गेमिंग। Dream11, My11Circle जैसे नाम पहले खेल के दीवानों के लिए रोमांच लेकर आए। "अपनी टीम चुनो, लाखों जीतो" का नारा ऐसा गूंजा कि ये क्रिकेट का हिस्सा-सा लगने लगा। लेकिन वक्त के साथ ये हिस्सा नहीं, एक कड़वी सच्चाई बन गया—एक ऐसी लहर, जो अब गाँव-गाँव में जंगल की आग-सी फैल रही है। कभी गलियों में गेंद के पीछे बच्चों की भागमभाग गूंजती थी। आज वही बच्चे मोबाइल की स्क्रीन पर उंगलियाँ घिस रहे हैं। मैदान सूने पड़े हैं, बल्ले की जगह फोन ने हथिया ली है, और हर रात एक नया "मैच" शुरू होता है—जो असल ज़िंदगी में सिर्फ खालीपन और हताशा की सौगात लाता है। ये फैंटेसी लीग अब खेल नहीं, एक खतरनाक लत है—एक ऐसा नशा जो नौजवानों को अपनी गिरफ्त में जकड़ रहा है। स्कूल का मासूम बच्चा हो, कॉलेज का जोशीला छात्र, या बेरोज़गार युवा—सबको लगता है कि क्रिकेट की मामूली समझ और जेब में थोड़ा-सा पैसा उन्हें रातोंरात मालामाल कर देगा। मगर हकीकत में ये "खेल" लालच और किस्मत का एक अंधा जुआ है—जिसमें जीत का झूठा सपना चमकता है, और हार का स्याह साया गहरा होता जाता है।

आंकड़े चीख-चीखकर एक डरावनी सच्चाई बयां करते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में फैंटेसी गेमिंग का बाजार 2025 तक 3 बिलियन डॉलर की ऊँचाइयों को छू सकता है। मगर इस चकाचौंध के पीछे का सच कालिख-सा काला है। हर साल लाखों युवा कर्ज के दलदल में डूबते जा रहे हैं। कुछ अपनी किताबें छोड़ चुके हैं, कुछ घर की चहारदीवारी से चोरी की राह पर चल पड़े हैं, तो कुछ अपनी जिंदगी तक को दांव पर लगाने से नहीं हिचक रहे—सिर्फ इसलिए कि "अगली बार जीत" का भूत उनके दिलो-दिमाग पर हावी है। गाँवों में कभी माँ-बाप अपने बच्चों को मैदान पर गेंद थामे देख सीना चौड़ा करते थे; आज वही माँ-बाप रातों की नींद हराम कर आँसुओं में डूबे हैं—उनका लाड़ला अब फोन की स्क्रीन का गुलाम बन चुका है।

ये फैंटेसी लीग का जाल इतना घना और खतरनाक है कि ये न सिर्फ अनपढ़ या तंगहाल को जकड़ रहा है, बल्कि पढ़े-लिखे, सपनों से भरे नौजवानों को भी लील रहा है। विज्ञापनों में चमकते सितारे—कोहली, धवन, रैना, गांगुली—फोन थामे जोश भरे नारे लगाते हैं, "खेलो और जीतो!" मगर वो ये नहीं बताते कि एक चमकीली जीत के पीछे हज़ारों हार का सन्नाटा दफन है। एक स्टडी चुपके से खुलासा करती है कि इन ऐप्स पर 90% से ज़्यादा लोग लंबे वक्त में अपनी जेबें खाली कर बैठते हैं। फिर भी ये लालच का मायावी तिलिस्म टूटने का नाम नहीं लेता—क्योंकि हर हार के बाद "अगली बार" का सपना आँखों में चमक बनकर टिमटिमाता रहता है।

क्रिकेट कभी हमारी एकता का प्रतीक था। 1983 का विश्व कप हो या 2011 की वो ऐतिहासिक जीत—हर गली-नुक्कड़ पर तालियों की गड़गड़ाहट और खुशी की लहर दौड़ पड़ती थी। मगर आज वही क्रिकेट डिजिटल जुए का धारदार हथियार बन चुका है। जो खेल कभी बच्चों को अनुशासन की राह दिखाता था, मेहनत का मोल सिखाता था, और टीमवर्क की ताकत से जोड़ता था, वही अब उन्हें लालच की भट्टी में झोंक रहा है, हताशा के कुएँ में धकेल रहा है, और अकेलेपन की ठंडी बाहों में सौंप रहा है। गाँव, जो कभी सचिन और कोहली जैसे चमकते सितारों की पौधशाला हुआ करते थे, अब जुआरियों की काली करखाने में तब्दील हो रहे हैं।

इसका इलाज महज़ कानून की सख्ती से नहीं होगा। बेशक, सरकार को अपनी कमर कसनी चाहिए—इन ऐप्स की बेलगाम दौड़ पर नकेल डालनी चाहिए, उनके चमकदार झूठे वादों और भ्रामक विज्ञापनों पर ताला लगाना चाहिए। मगर असली क्रांति समाज की गहराइयों से जन्म लेगी। हमें अपने बच्चों के हाथों में फिर से बल्ला और गेंद थमानी होगी, खेल को उसकी खोई हुई मासूमियत और शुद्धता लौटानी होगी।

तापमान बढ़ने और बारिश की कमी से पक्षियों के जीवन चक्र पर संकट

डॉ. नर्मदेश्वर प्रसाद चौधरी

पिछले चार- पांच वर्षों से मार्च से जून तक मौसम के गर्म रहने व मानसून पूर्व बारिश की गतिविधियों में कमी से देश के पक्षियों के जीवन चक्र पर संकट बढ़ता जा रहा है। अत्यधिक तापमान का पक्षियों के प्रजनन से लेकर स्वास्थ्य तक पर असर पड़ रहा है। विपरीत मौसम में पक्षियों के पलायन व इनकी संख्या में कमी से जैव विविधता के असंतुलित होने व इको सिस्टम (परिस्थितिकी तंत्र) के विगड़ने की आशंका वन्य जीवन के विशेषज्ञों ने जाहिर की है। इस वर्ष भी मार्च से ही तापमान औसत से दो से पांच डिग्री सेल्सियस ऊपर रह रहा है। लगातार तीसरे वर्ष भी 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर तापमान वाले दिनों की संख्या कुछ जगहों को छोड़कर शेष हिस्सों में बढ़ी है।

पक्षी विशेषज्ञों के अनुसार लगातार भीषण गर्मी की वजह से पक्षियों को लू और डिहाइड्रेशन होने के साथ उनकी प्रजनन की क्षमता कम या खत्म हो जाती है। घोसलों में चूजे भी मरने लगते हैं। 15 से 20 दिनों तक तापमान 40 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच बने रहने पर कई पक्षियों के लिए इसे सहन कर पाना मुश्किल होता है। पिछले वर्ष हुई

गणना में राज्य में 365 प्रकार के पक्षी पाए गए थे। पहले इसकी संख्या 400 के ऊपर थी। पक्षियों की गणना जेएसआई, डब्लू डब्लू एफ न्यूज, मंदार नेचर क्लब, प्रोफेशनल पक्षी विशेषज्ञ व प्रोफेसर- छात्रों की कई टीमों ने मिलकर की थी।

आहार के लिए ज्यादा नहीं उड़ पाते हैं पक्षी

तल्ख धूप की वजह से पक्षियों के आहार पर भी संकट हो जाता है। जमीन पर पाए जाने वाले कीड़े, मकोड़े, टिड्डे के साथ पानी सूख जाने या उसके गर्म होने से जलीय जीव घोंघा, मेढ़क,केकड़े आदि मरने लगते है। लू व गर्मी से ऊर्जा खत्म हो जाने से भोजन के लिए पक्षी ज्यादा दूर तक उड़ नहीं पाते है। सामान्यतः बस्तियों, बगीचे व पेड़ पौंधे पर घोंसला बनाकर रहने वाले पक्षी 10 किलोमीटर तक आहार की तलाश में उड़कर जाते है लेकिन इन दिनों दो- तीन किलोमीटर भी जाना इनके लिए मुश्किल होता है। नतीजन पक्षियों को कुपोषण से कमजोरी हो जाती है।

पक्षियों की बदली दिनचर्या

घरों में घोंसला बनाकर रहने वाले पक्षियों की चेतना अलग प्रकार की होती हैं। इन्हें मौसम का पूर्वाभास हो जाता है। मौसम के अनुसार इनकी आवाजाही होती है। लगातार तल्ख धूप की वजह से इन दिनों पक्षियों की दिनचर्या बदल गई है। सूर्यास्त होने के समय अपने घोंसले में लौट जाते हैं, लेकिन तड़के तीन- चार बजे ही घोंसले से दाना पानी के लिए निकलने लगते है। खासकर घरों व छतों के मुंडेरों पर घोंसला बनाने वाली चिड़िया धूप के तेज होते ही घोंसले में आराम करने पहुंच जाती है। फिर शाम को चार बजे से निकलती है ।

देश में पाए जाने वाले कुछ प्रमुख पक्षी-

कामन मैना, गौरैया, सोनकंठी, कोयल, तोता, कबूतर, मोर, गिद्ध, बतख, बुलबुल, कौवा, उल्लू , लौह सारंग, जांघिल, पलाई कैच, टेरेक, सैंड पाइपर, स्पेन चिरैया, तितर, बगुला, नीलकंठ, बाज, बगेरी, ईगल , हंस शामिल है।

इमरजेंसी में इंदिरा सरकार के खिलाफ अड़ गए थे मनोज कुमार!

मनोज कुमार अग्रवाल

वह आपात काल का दौर था जब बड़े से बड़े एक्टर प्रोड्यूसर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार के खिलाफ एक शब्द बोलने या फिल्म बनाने की हिम्मत नहीं रखते थे सैंसरशिप इतना कि फिल्म में आम आदमी की दशा महंगाई भ्रष्टाचार रिश्वतखोरी को केंद्र में रखकर फिल्माना भी जुर्म बन गया था लेकिन अभिनेता मनोज कुमार तो मनोज कुमार ठहरे उन्होंने न सिर्फ आम आदमी को केंद्र में रखकर फिल्म बनाई बल्कि सरकार की रोक के खिलाफ अदालत में लडाई भी लड़ी और सरकार को पटखनी दी।

बॉलीवुड के एक्टर-डायरेक्टर मनोज कुमार अब हमारे बीच नहीं रहे हैं. उन्होंने 87 साल की उम्र में मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में आखिरी सांस ली. वो लंबे समय से उम्र संबंधित बीमारियों से जूझ रहे थे. मनोज कुमार अपनी देशभक्ति फिल्मों की वजह से फेमस थे. मनोज कुमार को लोग भारत कुमार कहकर बुलाते थे. मनोज कुमार के साथ बॉलीवुड के एक युग का भी आज अंत हो गया है. उनकी फिल्में जितनी हिट रही हैं उतनी ही उनकी पर्सनल लाइफ मुश्किल में रही. उन्होंने बंटवारे का दर्द भी झेला है.

मनोज कुमार का जन्म 24 जुलाई 1937 को ब्रिटिश भारत के एबटाबाद (अब पाकिस्तान) में हुआ था. बंटवारे के बाद उनका पूरा परिवार दिल्ली आकर बस गया था।

एक दौर ऐसा आया कि पूरब पश्चिम की जबरदस्त कामयाबी के बाद मनोज कुमार देशभक्ति के नायक बन गए। उनपर फिल्माए गए गीत के बोल ₹जीते हो किसी ने देश तो क्या हमने तो दिलों को जीता है यहां राम अभी तक है नर में नारी में अभी तक सीता है₹ हर देशवासी के दिल में एक जज्बा पैदा करने में कामयाब रहे।

पाकिस्तान के एबटाबाद में जन्में मनोज कुमार को

सिर्फ 10 साल की उम्र में बंटवारे का दर्द झेलना पड़ा था. उन्हें जलियाला शेर खान से दिल्ली जाना पड़ गया था. जबकि मनोज कुमार का परिवार विजय नगर, किंग्सवे कैंप में शरणार्थियों के तौर पर रहा और वो भी कुछ समय के बाद दिल्ली के पुराने राजेंद्र नगर इलाके में चले गए।

मनोज कुमार ने अपनी पढ़ाई दिल्ली यूनिवर्सिटी से की. उन्होंने ग्रेजुएशन करने के बाद ही फिल्म इंडस्ट्री में जाने का फैसला कर लिया था. उस समय किसी ने नहीं सोचा होगा मनोज कुमार इतने बड़े स्टार हैं। मनोज कुमार की 1957 में पहली फिल्म फैशन आई थी. इस फिल्म में उन्होंने 80 साल के बुजुर्ग का रोल निभाया था. इसके बाद वो हरियाली और रास्ता में नजर आए थे. इस फिल्म के बाद से मनोज कुमार ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा. इस फिल्म ने उनकी किस्मत चमका दी थी. उसके बाद से मनोज कुमार की हिट फिल्मों की लाइन लग गई थी. जिसमें वो कौन थी, गुमनाम, हिमालय की गोद में जैसी कई फिल्में शामिल हैं. ये सारी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थीं.मनोज कुमार ने कई हिट फिल्में देने के बाद डायरेक्शन में कदम रखा. उन्होंने उपकार, जय हिंद. क्लर्क, क्रांति, रोटी कपड़ा और मकार, शोर, पूरब और पश्चिम जैसी कई फिल्मों का डायरेक्शन किया. मनोज कुमार देशभक्ति की फिल्मों के लिए पर्याय बन गए। फिर शुरू हुआ नया सफर जिसमें देशभक्ति वाली फिल्में ,मतलब मनोज कुमार. 15 अगस्त और 26 जनवरी पर बजने वाले देशभक्ति गीतों को याद करेंगे तो ज्यादातर में मनोज कुमार मिलेंगे. बॉलिवुड में वह 'भारत कुमार' के नाम से मशहूर हो गए. चेहरे पर हाथ फेरती उनकी अदा की दीवानी कई पीढ़ी रही. शुक्रवार सुबह मनोज कुमार हमेशा के लिए खामोश हो गए. बॉलिवुड सदमे हैं और उनके चाहने वाले उनके गीतों को गुनगुना रहे हैं. मनोज कुमार का असली नाम हरिकृष्ण गिरि गोस्वामी था, इनका जन्म 24 जुलाई, 1937 को एबटाबाद में हुआ था, जो अब पाकिस्तान में है। विभाजन के कारण उनका परिवार दिल्ली आ गया था और इस दौरान उन्हें शरणार्थी शिविर में रहना पड़ा था. तब उनकी उम्र 10 साल थी. बाद में गोस्वामी परिवार राजधानी के पटेल नगर इलाके में बस गया.अभिनेता मनोज कुमार ने हिंदू कॉलेज से डिग्री हासिल की है.साल 1949 में उन्होंने अपना नाम मनोज कुमार रखा लिया था. दरअसल उनके पसंदीदा अभिनेता दिलीप कुमार ने फिल्म शबनम में इसी नाम का किरदार निभाया था.साल 1960 में आई कांच की गुड़िया उनकी पहली मुख्य भूमिका वाली फिल्म थी.मनोज कुमार और उनकी पत्नी शशि के दो बेटे हैं, विशाल और कुणाल।

मनोज कुमार ने अपने करियर में कुल 35 फिल्मों में काम किया था. दरअसल दिलीप कुमार की फिल्म शबनम देखने के बाद उन्होंने अपना नाम बदला था. इसी के बाद उन्होंने फिल्मी दुनिया में आने का फैसला लिया. मनोज ने कांच की गुड़िया, वो कौन थी, क्रांति, पूरब और पश्चिम और शिरडी वाले साई बाबा में यादगार रोल निभाए. साल 1995 में मैदान ए जंग में की रिलीज के बाद मनोज ने एक्टिंग की दुनिया से तौबा कर लिया. साल 1999 में उन्होंने आखिरी फिल्म जय हिंद को डायरेक्ट किया था. फिल्मी करियर को विराम लगाते ही मनोज कुमार ने पॉलिटिक्स की दुनिया में कदम रखा था.

मनोज कुमार को पद्मश्री और दादासाहेब फाल्के, किशोर कुमार अवॉर्ड से नवाजा गया था. वहीं उन्हें फिल्मफेयर की ओर से बेस्ट एक्टर के अवॉर्ड कई दफा मिले. मनोज कुमार को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया था।

देशभक्ति आधारित फिल्मों से मनोज कुमार का जुड़ाव 1965 में आयी शहीद से हुआ था, जिसमें उन्होंने सरदार भगत सिंह का किरदार निभाया था। प्रेम धवन रचित फिल्म का संगीत बेहद सफल रहा था और आज भी देशभक्ति के गीतों के लिए जाना जाता है। मेरा रंग दे बसंती चोला, सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है, पगड़ी सम्भाल जट्टा और ऐ वतन ऐ वतन... बजते हैं तो आज भी रोंगटे खड़े हो जाते हैं।

1967 मनोज कुमार के लिए काफी अच्छा साबित हुआ। रोमांटिक ड्रामा पत्थर के सनम और उपकार बड़ी हिट रही थीं। उपकार इसलिए भी खास है, क्योंकि इसके साथ उन्होंने निर्देशन में कदम रखा। इसी फिल्म के बाद से उन्हें भारत कुमार का नाम मिल गया।उपकार' फिल्म उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के कहने पर बनाई थी। दरअसल, साल 1965 में जब भारत और पाकिस्तान का युद्ध हुआ था, तब इस युद्ध के बाद ही मनोज कुमार ने तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री से मुलाकात की थी, जिसमें उन्होंने अभिनेता से युद्ध से होने वाली परेशानियों पर एक फिल्म बनाने के लिए कहा था।

अमेरिकी टैरिफ: भारत को नुकसान या फायदा ?

सुनील कुमार महला

हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने टैरिफ की घोषणा की है। गौरतलब है कि ट्रंप के 60 देशों पर पारस्परिक टैरिफ लगाया है। इनमें भारत भी शामिल है। अमेरिका ने भारत पर 27 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला किया है। यहां यदि हम टैरिफ की बात करें तो यह वस्तुओं के आयात पर लगाए जाने वाला सीमा शुल्क या आयात शुल्क है, जिसे आयातक की तरफ से सरकार को देना होता है। आम तौर पर कंपनियां इनका बोझ उपयोगकर्ताओं पर डालती हैं। दूसरे शब्दों में, इसका असर आम लोगों की जेब पर ही पड़ता है। वहीं यदि हम जबाबी टैरिफ की बात करें तो यह शुल्क व्यापारिक साझेदारों की तरफ से लगाए जा रहे शुल्क में वृद्धि या उच्च शुल्क के जवाब में लगाया जाता है।

ट्रंप की टैरिफ घोषणा से वैश्विक व्यापार पर एक नया असर पड़ना स्वाभाविक ही है। टैरिफ मैन द्वारा टैरिफ की घोषणा के बाद शेयर बाजार में भी गिरावट देखी गई। पाठकों को बताता चलूं कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रेसिप्रोकल टैरिफ का सीधा असर भारतीय शेयर बाजार पर देखने को मिला है और मार्केट ओपन होने के साथ ही बीएसई सेंसेक्स व एनएसई निफ्टी बुरी तरह टूट गए।शेयर बाजार में गिरावट के साथ ही इंडियन करेंसी भी गुरुवार(3 अप्रैल 2025) को टूटी है और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 26 पैसे गिरकर 85.78 पर आ गया। न केवल भारतीय बाजार बल्कि यूएस स्टोक मार्केट भी क्रैश हुआ।

पाठकों को बताता चलूं कि गुरुवार को एस एंड पी 500 में वर्ष 2020 के बाद से सबसे बड़ी एक दिन की गिरावट दर्ज की गई। डाऊ जोन्स इंडसट्रियल एवरेज 4.0% गिरावट के साथ 40,545.93 पर बंद हुआ। इसने 1,600 अंकों से अधिक का गोता लगाया। ट्रंप के टैरिफ ने निवेशकों में दहशत फैला दी है, और बाजार को लग रहा है कि इससे मंदी, महंगाई और कमजोर मुनाफे का दौर शुरू हो सकता है। कुल मिलाकर अमेरिकी बाजार छह प्रतिशत तक गिरा। मार्केट कैप करीब 2 ट्रिलियन डॉलर घट गया। यहां तक कि एप्पल और नाइकी के शेयर 15 प्रतिशत तक टूट गये। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि एप्पल के आईफोन मुख्य रूप से चीन में बनाए जाते हैं और ट्रंप के टैरिफ का सबसे बड़ा असर भी चीन पर ही पड़ा है।

बहरहाल,गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में भारत पर 26 प्रतिशत 'रियायती पारस्परिक शुल्क' लगाने की घोषणा की है जो भारत द्वारा अमेरिकी वस्तुओं पर लगाए गए 52 प्रतिशत शुल्क का आधा है। पाठकों को बताता चलूं कि ट्रंप ने भारत को 'बहुत कठोर' बताया है। उन्होंने यह बात कही है कि, 'यह मुक्ति दिवस है, एक ऐसा दिन जिसका हम लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। 2 अप्रैल 2025 को हमेशा उस दिन के रूप में याद किया जाएगा, जिस दिन अमेरिकी इंडस्ट्री का पुनर्जन्म हुआ, जिस दिन अमेरिका ने नियति को पुनः प्राप्त किया और जिस दिन हमने अमेरिका को फिर से समृद्ध बनाना शुरू किया।' साथ ही, उन्होंने यह भी कहा है कि 'हम अमेरिका को अच्छा और समृद्ध बनाएंगे।' बहरहाल, जो भी हो डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ घोषणा से वैश्विक व्यापार पर असर पड़ता लाज़िमी ही है। पाठक जानते होंगे कि ट्रंप ने भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के तकरीबन सभी प्रमुख देशों पर पारस्परिक टैरिफ की घोषणा की है। उनकी घोषणा के तुरंत बाद ही बाजारों में हलचल देखने को मिली।

सुबह 11 से दोपहर 1:35 तक रामनवमी पूजा मुहूर्त



रविवार को रामनवमी है। इस दिन पूजा का मुहूर्त करीब ढाई घंटे का रहेगा। रामजन्म मध्याह्न काल में हुआ था, इसलिए पूजा का मुहूर्त सुबह 11 से शुरू हो जाएगा। जन्म पर्व पर रामलला मंदिर के पुजारी संतोष तिवारी बता रहे हैं घर पर रामनवमी की पूजा कैसे करें।

वाल्मीकि रामायण: पुत्रकामेष्टि यज्ञ से हुआ राम का जन्म

वाल्मीकि रामायण के मुताबिक, दशरथ जब बहुत बूढ़े हुए तो संतान न होने के कारण चिंतित रहने लगे। ऋषियों ने उन्हें पुत्रकामेष्टि यज्ञ करने की सलाह दी। महर्षि वशिष्ठ के कहने पर दशरथ ने ऋषि श्रृंग को इस यज्ञ के लिए बुलाया।

कथा के मुताबिक यज्ञ पूरा होने के बाद अग्नि देव प्रकट हुए। उन्होंने खीर से भरा सोने का घड़ा दशरथ को दिया और रानियों को खीर खिलाने को कहा। दशरथ ने ऐसा ही किया। एक साल बाद चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष के नौवें दिन कौशल्या ने श्रीराम को जन्म दिया। कैकेई ने भरत और सुमित्रा से जुड़वां बच्चे लक्ष्मण और शत्रुघ्न हुए।

कितने जाप करें: ग्रंथों में सवा लाख मंत्रों का जाप करने का विधान है। हर दिन 108 मंत्रों का जाप करना चाहिए। सवा लाख जाप पूरे होने पर 12,500 मंत्रों की आहुति से हवन करें।

कब शुरू करें: शुभ मुहूर्त में मंत्र जाप शुरू करना चाहिए। ऐसा न हो सके तो भी गुरुवार से शुरू करें। मंत्र जाप करने के लिए तुलसी की माला का इस्तेमाल करना शुभ होता है।

दीपक और प्रसाद: मंत्र जाप करते वक्त घी का दीपक जलना चाहिए। मंत्र जाप के बाद भगवान को खीर का नेवैद्य लगाएं।

अब जानते हैं श्रीराम के महत्वपूर्ण मंत्र और उनके अर्थ...

1. आपदामपहर्तारं दातारं सर्वसंपदाम। लोकाभिरामं श्रीरामं भूयो भूयो नमाम्यहम।।

अर्थः सबसे सुंदर मेरे आराध्य श्रीराम को मैं बार-बार प्रणाम करता हूं। श्रीराम सभी आपदाओं को दूरते हैं और हमें सुख-संपत्ति प्रदान करते हैं।

2. रामाय रामभद्राय रामचंद्राय वेदसे। रघुनाथाय नाथाय सीतायाः पतये नमः।।

अर्थः राम, रामभद्र, रामचंद्र, रघुनाथ, सीता जी के स्वामी को मैं प्रणाम करता हूं।

3. ॐ दशरथये विद्महे सीतावल्लभाय धीमहि, तन्नो राम प्रचोदयात॥

अर्थः राजा दशरथ के पुत्र, सीता जी के स्वामी श्रीराम का हम ध्यान करते हैं। भगवान हमें अच्छे काम करने के लिए प्रेरित करें।

4. ऊँ रां रामाय नमः।।

अर्थः इस मंत्र का अर्थ है श्रीराम को हम नमस्कार करते हैं।

5. राम रामेति रामेति, रमे रामे मनोरमे।
सहस्रनाम तत्तुल्यं रामनाम वरानने।।

अर्थः शिव जी देवी पार्वती से कहते हैं - राम नाम इतना मनोरम है कि हम इस राम नाम में ही रमे रहते हैं। हे पार्वती, हजारों नामों के समान यह केवल एक राम नाम है।

अयोध्या के अलावा श्रीराम के 5 प्राचीन मंदिर

भगवान राम अपने जीवन काल में जिन जगहों से गुजरे वहां मंदिर या कोई स्मारक है। ऐसे ही 5 मंदिर जो रामायण और महाभारत काल से जुड़े हैं। जो राम के सबसे पुराने मंदिरों में गिने जाते हैं।

आज चैत्र नवरात्रि का अंतिम दिन

रामनवमी पर देवी दुर्गा और भगवान शिव के साथ राम दरबार की भी करें पूजा, छोटी कन्याओं को खिलाएं खाना

रविवार, 6 अप्रैल को चैत्र नवरात्रि का अंतिम दिन यानी रामनवमी है। इस दिन देवी दुर्गा के साथ ही राम दरबार की भी पूजा जरूर करें। राम दरबार में भगवान राम के साथ ही देवी सीता, लक्ष्मण, हनुमान, भरत और शत्रुघ्न की प्रतिमाएं रहती हैं। रामनवमी पर रामायण का पाठ भी करना चाहिए और रामायण की सीख को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेना चाहिए।

चैत्र नवरात्रि की नवमी तिथि पर देवी दुर्गा और भगवान शिव की विधिवत पूजा करनी चाहिए।शिवलिंग और देवी प्रतिमा पर जल, दूध, पंचामृत और फिर शुद्ध जल अर्पित करें। शिवलिंग पर बिल्व पत्र, धतूरा, आंकड़े के फूल, जनेऊ चढ़ाएं।

देवी मां को लाल चुनरी, लाल चूड़ियां, कुमकुम आदि पूजन सामग्री भेंट करें। दोनों देवी-देवता को चंदन, हार-फूल, चावल, भोग के लिए मिठाई चढ़ाएं। धूप-दीप जलाकर आरती करें। पूजा में ऊँ नमः शिवाय और दुं दुर्गायै नमः मंत्र का जप करें।

चैत्र नवरात्रि की नवमी पर छोटी कन्याओं की पूजा करें और भोजन कराएं। कन्याओं को दक्षिणा दें और पढ़ाई से जुड़ी चीजें जैसे पेन, कॉपी, बेग, स्कूल ड्रेस का दान करें।

किसी मंदिर में जरूरतमंद लोगों को छाता, जूते-चप्पल का दान करें। अभी गर्मी के दिन हैं तो सार्वजनिक जगह पर प्याऊ लगवाएं या किसी प्याऊ में मटके का दान करें। घर की छत पर पक्षियों के लिए दाना-पानी रखें।

ऐसे कर सकते हैं राम दरबार की पूजा

त्रेतायुग में चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि (रामनवमी) पर ही भगवान विष्णु ने राजा दशरथ के यहां राम अवतार लिया था।

इस वजह से इस तिथि पर राम जी का प्रकट उत्सव मनाया जाता है। रामनवमी पर राम दरबार यानी राम जी के साथ ही देवी सीता, लक्ष्मण, हनुमान, भरत-शत्रुघ्न की भी विशेष पूजा करनी चाहिए।

राम दरबार का जल, दूध, पंचामृत और फिर जल से अभिषेक करें। हार-फूल चढ़ाएं। वस्त्रों से श्रृंगार करें। धूप-दीप जलाएं। पूजन सामग्री चढ़ाएं। मौसमी फल, नारियल अर्पित करें। मिठाई का भोग लगाएं। पूजा में राम नाम का जप करें।

रामनवमी पर रामकथा पढ़नी-सुननी चाहिए। राम जी के किस्से पढ़ सकते हैं, इन किस्सों से सीख लें और उसे अपने जीवन में उतारने का संकल्प लें। इन बातों का ध्यान रखेंगे तो जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी और मुश्किल समय में भी धैर्य, सकारात्मकता बनी रहेगी।

पुष्करघाटी पर नवदुर्गा का मंदिर,औरंगजेब भी नहीं तोड़ पाया था

मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा मिट्टी की है, जिसके 9 सिर है। इस नवदुर्गा शक्तिपीठ का उल्लेख पदम पुराण में मिलता है। उसके अनुसार- मुगल शासक औरंगजेब ने देशभर में मंदिरों को नष्ट किया था। इस मंदिर को पुरी तरह नहीं तोड़ पाया था।

यज्ञ की रक्षा के लिए ब्रह्मा ने की स्थापना

पदम पुराण के अनुसार- जगतपिता ब्रह्मा ने पुष्कर क्षेत्र में यज्ञ किया था। राक्षसों से यज्ञ की रक्षा करने के लिए अरावली की गोद में नाग पहाड़ की जिव्हा पर नवशक्तियों की स्थापना की थी। लगभग 1300 साल पहले मराठा राजपूतों ग्वालियर महाराज के वंशजों ने 2000 बीघा जमीन पर नवदुर्गा मंदिर का निर्माण कराया था। नवदुर्गा की शक्ति के कई रोचक किस्से है। पुराण के अनुसार-

11वीं शताब्दी में पृथ्वीराज चौहान ने नवदुर्गा की आराधना कर मोहम्मद गौरी से विजय प्राप्त की थी। वहीं ईसवी सन 1666 के आस-पास शिवाजी महाराज ने मां की आराधना कर दाहिनी ओर त्रिशूल स्थापित किया था, जो आज भी है।

1683 से 1686 के बीच मुगल शासक औरंगजेब ने भारत के हजारों मंदिरों को नष्ट किया था। उस दौरान नवदुर्गा के आखिरी सिर को खंडित कर दिया था। औरंगजेब पूरा नष्ट नहीं कर पाया था। न ही मां के त्रिशूल को हटा पाया था।

पहाड़ी पर कुंड के पानी से होती पूजा-अर्चना

महंत बुद्ध करण अजमेर आए और यहां प्रतिमा व मंदिर का जीर्णोद्धार किया। यहां पानी की समस्या थी और पहाड़ी पर एक कुंड का निर्माण कराया। जहां आज भी जल भरा रहता है। इसी जल से यहां पूजा अर्चना होती है।

साढे.62 बीघा जमीन पर बना है मंदिर

वर्तमान में साढ़े 62 बीघा जमीन मंदिर के नाम है। इसके चारों ओर चारदीवारी है। 14 मार्च 2015 को पीठाधीश्वर ओमा कुमारी का देवलोकगमन हो गया था। 29 मार्च 2015 को रामाकृष्णा देव जी का पीठाभिषेक किया गया था। यहां पर एक मार्च 2022 को शिवरात्रि पर गौरीश्वर देवालय के नाम से शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी।

वाल्मीकि रामायण के अनुसार जानिए कैसा था भगवान राम का रंग-रूप, स्वभाव और उनके गुण



आज(6 अप्रैल) रामनवमी है। त्रेतायुग में चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर भगवान राम प्रकट हुए थे। वाल्मीकि रामायण में वाल्मीकि मुनि ने श्रीराम के बारे में सभी बातें बताई हैं, जैसे श्रीराम का रंग-रूप कैसा था, उनका स्वभाव कैसा था और राम के गुण के बारे में बताया है।

ऐसा था श्रीराम का रंग-रूप

श्रीराम के बाल लंबे और चमकदार थे। राम जी का चेहरा चंद्र की तरह सौम्य था। चेहरा कोमल और बहुत सुंदर दिखाई देता था। उनकी आंखें बड़ी और कमल की तरह दिखती थीं। चेहरे के अनुसार सुडोल और बड़ी नाक थी। भगवान राम के होंठों का रंग उगते हुए सूर्य की तरह लाल था। भगवान के कान सामान्य से कुछ बड़े थे। जिनमें वे कुंडल पहनते थे। भगवान के हाथों की लंबाई सामान्य से कुछ अधिक थी। भगवान के दोनों हाथ घुटनों तक लंबे थे। इसलिए भगवान को आजानूभुज कहा गया है। पेट शरीर के अनुपात में सामान्य था। श्रीराम के पैरों की लंबाई शरीर के ऊपरी हिस्से के अनुसार समान अनुपात में थी।

ऐसा था श्रीराम का स्वभाव

श्रीराम कभी भी किसी व्यक्ति में कोई दोष नहीं देखते थे। वे हमेशा शांत रहते थे और मीठे वचन बोलते थे। अगर कोई उनसे कठोर वचन भी बोलता था तो वे उस बात का जवाब नहीं देते थे। अगर कोई व्यक्ति उनकी मदद या उपकार करता था तो वे उस व्यक्ति से हमेशा प्रसन्न रहते थे। अपने मन को वश में रखते थे।

श्रीराम किसी के अपराध को याद नहीं रखते थे, झूठी बातें उनके मुख से कभी नहीं निकलती थीं। वे सभी का सम्मान करते थे। प्रजा के प्रति उनका और उनके प्रति प्रजा का विशेष प्रेम था। श्रीराम दयालु, क्रोध को जीतने वाले थे। दुखी लोगों के प्रति दया रखते थे।

श्रीराम ने कभी अपनी शक्तियों का घमंड नहीं किया

श्रीराम पराक्रमी थे। वे विद्वान और बुद्धिमान थे। श्रीराम निरोगी थे और वे हमेशा युवा ही रहे। वे अच्छे वक्ता थे। श्रीराम देश-काल और परिस्थितियों को समझने वाले थे।

राम सभी विद्याओं के विद्वान थे। वे वेदों के ज्ञाता और शस्त्र विद्या में अपने पिता से भी आगे थे। उनकी स्मरणशक्ति अद्भूत थी। वो वस्तुओं के त्याग और संग्रह को भलिभांति जानते थे। वे सभी अस्त्र-शस्त्रों के जानकार थे।

श्रीराम समय निकालकर ज्ञान, उत्तम चरित्र और महात्माओं के साथ बीताने की कोशिश करते थे। ज्ञानियों से कुछ न कुछ सीखते रहते थे। सदा ही मीठा बोलते थे। दूसरों से बात करते समय अच्छी बातें बोलते थे। श्रीराम पराक्रमी होने के बाद अपनी शक्तियों पर कभी घमंड नहीं करते।

बेटे कुणाल ने दी मनोज कुमार को मुखाग्नि

राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार, प्रेम चोपड़ा, अमिताभ समेत कई कलाकार शामिल हुए

एक्टर-डायरेक्टर मनोज कुमार का शनिवार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। मुंबई में जुहू स्थित पवनहंस श्मशान घाट पर उनके पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेटकर लाया गया। यहां उन्हें 21 तोपों की सलामी दी गई। उनके बेटे कुणाल गोस्वामी ने मुखाग्नि दी। उनके अंतिम संस्कार में प्रेम चोपड़ा, सलीम खान, सुभाष घई, अमिताभ बच्चन बेटे अभिषेक के साथ शामिल हुए।

बता दें कि शुक्रवार को 87 साल की उम्र में मनोज कुमार का निधन हो गया था। मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली।

देशभक्ति की फिल्में बनाने के कारण उन्हें भारत कुमार के नाम से भी जाना जाता है। मनोज कुमार काफी समय से लिवर सिरोसिस से जूझ रहे थे। उनकी हालत बिगड़ने के बाद उन्हें 21 फरवरी 2025 को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

रश्मिका मंदाना के 4 आलीशान बंगले

करोड़ों की गाड़ियां और ताबड़तोड़ कमाई लेकिन सलमान से 4296 .97% कम है नेट वर्थ

रश्मिका मंदाना अपनी फिल्म 'सिकंदर' की रिलीज का जश्न मना रही हैं और अपने करियर के मामले में सातवें आसमान पर हैं। एक्ट्रेस 5 अप्रैल को 29 साल की हो गई हैं और अपना बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। रश्मिका मंदाना ने रणबीर कपूर के साथ 'एनिमल', अल्लू अर्जुन के साथ 'पुष्पा 2: द रूल' और विक्की कौशल के साथ ब्लॉकबस्टर फिल्म 'छावा' करके सुपरस्टार के ताज पर हाथ रख दिया है। साउथ की सबसे अधिक कमाई वाली एक्ट्रेसेस में से एक रश्मिका मंदाना ने पिछले कुछ वर्षों में धीरे-धीरे लेकिन अपने लिए एक साम्राज्य खड़ा किया है। आज हम आपको रश्मिका मंदाना की कुछ सबसे बेशकीमती चीजों के बारे में बताएंगे।

रश्मिका मंदाना ने तेलुगू, कन्नड़ और हिंदी फिल्मों में सुपरस्टार होने का लोहा मनवाया है। आलीशान लाइफस्टाइल से वो कभी पीछे नहीं हटती हैं। उनकी सबसे बेशकीमती चीज़ों में से एक बैंगलोर में उनका 8 करोड़ रुपये का बंगला है।

उनका घर शानदार लकड़ी के फर्नीचर और एक बगीचे से सजा हुआ है जो उन्हें शहर के शोर से दूर रहने में मदद करता है।

'बजरंगी भाईजान' के सीक्वल का आपको भी है इंतजार?

सलमान खान ने की राइटर से मुलाकात, फिर साथ होगी ये तिकड़ी!

सलमान खान देश के चहेते सुपरस्टार्स में से एक हैं। उनकी फिल्मों की लिस्ट में कई धमाकेदार और यादगार फिल्में शामिल हैं। इन्हीं में से एक है 'बजरंगी भाईजान', जो साल 2015 में रिलीज़ हुई थी। ये फिल्म सिर्फ एक ब्लॉकबस्टर नहीं थी, बल्कि सलमान के करियर की सबसे बेहतरीन परफॉर्मेंस में से एक मानी जाती है। इस फिल्म में इमोशन, ड्रामा और एक मजबूत मेसेज सब कुछ था। इस शानदार कहानी और परफॉर्मेंस के लिए फिल्म को 63वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स में बेस्ट पॉप्युलर फिल्म प्रोवाइडिंग होलसम एंटरटेनमेंट का अवॉर्ड भी मिला था।

सलमान खान के फैन्स सालों से बजरंगी भाईजान के सीक्वल का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं और अब लग रहा है कि उनकी ये ख्वाहिश जल्द पूरी हो सकती है। खबरों की मानें तो सलमान हाल ही में फिल्म के लेखक वी. विजयेंद्र प्रसाद से मिले हैं और 'बजरंगी भाईजान 2' को लेकर बातचीत शुरू हो चुकी है।

इंडस्ट्री सोर्स के मुताबिक, 'सलमान खान ने कुछ दिन पहले वी. विजयेंद्र प्रसाद से मुलाकात की है। दोनों ने एक आइडिया पर बात की है और चर्चा इसी दिशा में चल रही है कि ये बजरंगी भाईजान 2 के लिए हो सकता है। साथ ही ये भी माना जा रहा है कि इस प्रोजेक्ट में डायरेक्टर कबीर खान भी जुड़ सकते हैं। पहली फिल्म ने अपने इमोशनल कहानी से दिल जीत लिया था और खूब सराहना भी मिली थी। अब देखना दिलचस्प होगा कि सीक्वल किस दिशा में जाएगा? इसके अलावा, वी. विजयेंद्र प्रसाद भारत के सबसे सफल स्क्रीनराइटर्स में गिने जाते हैं। वो अकेले ऐसे लेखक हैं जिन्होंने इंडियन सिनेमा की कई सबसे बड़ी फिल्मों में योगदान दिया है। उनके चर्चित कामों में बॉब्बिली सिम्हम (1994), मगधीरा (2009), ईगा (2012), बाहुबली सीरीज़ (2015–2017), बजरंगी भाईजान (2015) और आरआरआर (2022) शामिल हैं।

शादी के डेढ़ साल के बाद ओमपुरी से टूटा रिश्ता

सीमा कपूर बोलीं- अपमानित हुई, तलाकशुदा स्त्री को लोग भोग की वस्तु समझते हैं

राइटर-डायरेक्टर सीमा कपूर की आत्मकथा 'यूं ही गुजरी है अब तलक' हाल ही में प्रकाशित हुई है। इस किताब में सीमा कपूर ने अपने जीवन के संघर्षों और अनुभवों के साथ-साथ ओम पुरी के साथ रिश्ते और उनके साथ गुजारे पलों के बारे में भी लिखा है। पिछले दिनों सीमा कपूर दैनिक भास्कर के मुंबई ऑफिस में आईं। इस दौरान उन्होंने अपनी किताब, जीवन संघर्ष और ओम पुरी के साथ रिश्ते को लेकर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने क्या कहा, जानते हैं उन्हीं की जुबानी

ओम पूरी साहब से पहली मुलाकात 1979 में हुई थी। मैं उस समय बॉम्बे (अब मुंबई) पहली बार आई थी। पुरी साहब पृथ्वी थिएटर में एक नाटक 'बिच्छू' का रिहर्सल कर रहे थे। उस नाटक को मेरे बड़े भाई रंजीत कपूर डायरेक्ट कर रहे थे। उसमें पुरी साहब मेन रोल कर रहे थे। उस समय वे स्ट्रगल कर रहे थे। जबकि मेरे बड़े भाई टॉप के नाटक डायरेक्टर थे। उस समय मैं कॉलेज के फर्स्ट ईयर में थी।

1992 की बात है। शादी के डेढ़ साल के बाद पुरी साहब मुझसे अलग होना चाहते थे। उनके जीवन में एक और स्त्री नंदिता आ गई थीं। पुरी साहब उनसे शादी करना चाह रहे थे, उस समय मैं प्रेग्नेंट थी। पुरी साहब ने तलाक के पेपर भेज दिए थे। उस तनाव में 5-6 महीने के गर्भ में अपना बच्चा खो दिया। मैंने अपना दुख किसी से भी शेयर नहीं किया। यहां तक की अपने पेरेंट्स से भी नहीं। मेरे पेरेंट्स पहले से ही दुखी थे, उसने अपना दुख शेयर करके उन्हें और दुखी नहीं करना चाहती थी। मेरे सामने ही

फोन पर नंदिता से घंटों बात करते थे। मैं अवॉइड करती थी। उनकी आपस की बातें सुनकर मुझे दुख ना हो, इसलिए दूसरे कमरे में चली जाती थी। मैं नहीं चाहती थी कि उनकी बातें सुनकर मुझे दुख हो, कुछ रिएक्ट करूं और लड़ाई हो। पुरी साहब तो यही चाह रहे थे कि लड़ाई-झगड़े हों और रिश्ता टूट जाए। एक तरफ घर टूटने की पीड़ा, दूसरी तरफ खुद को अपमानित महसूस कर रही थी। किसी और स्त्री के लिए मुझे छोड़ा गया। आज से 35 साल पहले समाज में डिवोर्स को कलंक माना जाता था। मैंने डिवोर्स लेने के लिए शादी तो नहीं की थी। जब कोई महिला शादी करती है तो वह स्थायित्व रिलेशनशिप चाहती है।

मैंने इस लिए 11 साल तक के अफेयर के बाद शादी नहीं की थी, कि डेढ़ साल में रिश्ता खत्म हो जाए। समझ में नहीं आया कि 11 साल तक रिलेशनशिप में रहने के बाद अचानक ऐसा क्या हुआ कि शादी के डेढ़ साल के बाद रिश्ता टूट गया।

गौरव खन्ना ने की अमेरिका के शेफ की कॉपी!

जिस डिश पर मिली वाहवाही, उसी को दिखा-दिखाकर खरी-खोटी सुना रहे लोग

'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' का फिनाले बस आने ही वाला है और टॉप 5 कंटेस्टेंट्स अपना बेस्ट परफॉर्म करने के लिए तैयार हैं। तेजस्वी प्रकाश, गौरव खन्ना, निक्की तंबोली, राजीव अदातिया और फैजल शेख शो को जीतने के लिए मैदान में हैं और कड़ी टक्कर लगातार छिड़ी हुई है। नए एपिसोड में, सभी की निगाहें गौरव खन्ना पर टिकी थीं क्योंकि उन्होंने जजों रणवीर बरार और विकास खन्ना को शहद से टपकती एक शानदार डिश खिलाकर चौंका दिया।

शेफ़ काफ़ी इंप्रेस दिखे और गौरव खन्ना की शानदार कुकिंग की तारीफ़ करते नहीं थक रहे थे। खैर, नए अपडेट में गौरव को उनकी इसी डिश के लिए जमकर भला-बुरा कहा जा रहा है। उन पर स्विट्जरलैंड के एक शेफ़ द्वारा बनाई गई मिठाई की नकल करने का आरोप लगाया गया है। सोशल मीडिया यूज़र्स ने तुरंत नोटिस किया कि गौरव की डिश स्विस शेफ़ डाइव्स जोश द्वारा बनाई गई डिश से काफ़ी मिलती-जुलती थी, जो पहले उनके इंस्टाग्राम फ़ीड पर भी दिखाई दे चुकी है।

शेफ़ ने खुद शो और गौरव की इस डिश को शेयर कर दिया। अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर प्रोमो क्लिप शेयर करते हुए, डाइव्स जोश ने एक चुटीले इमोजी के साथ लिखा, 'बहुत बढ़िया, बहुत क्रिएटिव...' दूसरी स्टोरी में, उन्होंने अपनी डिश को दिखाकर लिखा, 'द ओरिजिनल।'

'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' का प्रोमो

इस बीच, प्रोमो में रणवीर बरार प्रेजेंटेशन से पूरी तरह से इंप्रेस दिखे। डिश को देखकर उन्होंने कहा, 'ये डिजर्ट ज़िंदा है, बूंद-बूंद गिर रही है।' उन्होंने कहा कि एक पल के लिए वे पूरी तरह से अवाक रह गए थे। विकास खन्ना भी उतने ही इंप्रेस हुए। उन्होंने कहा, 'कई बार ऐसा लगता है कि मैंने सबकुछ देख लिया है और यह सिर्फ़ दोहराव है। लेकिन यह... यह कुछ नया है।

इमरजेंसी' के लिए कंगना को मिला ये खूबसूरत तोहफा

एक्ट्रेस बोलीं- कई बेकार ट्रॉफियों से बेहतर

कंगना रनौत की अंतिम रिलीज फिल्म 'इमरजेंसी' इन दिनों ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम हो रही है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा पाई थी। लेकिन कंगना रनौत का ऐसा मानना है कि उनकी फिल्म को ओटीटी पर काफी पसंद किया जा रहा है। कंगना रनौत ने अपनी हालिया इंस्टाग्राम स्टोरी पर बताया कि उनकी फिल्म को काफी पसंद किया जा रहा है और उन्हें इसके लिए एक ऐसा गिफ्ट मिला है, जो उनके लिए कई अवॉर्ड ट्रॉफी से भी बेहतर है।

कंगना रनौत ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक लेटर की तस्वीर साझा की है। जिसे किसी ने कंगना के लिए लिखा है। इस लेटर में लिखने वाले ने कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी की तारीफ की है। इसी लेटर को अपनी स्टोरी पर शेयर करते हुए अभिनेत्री ने लिखा, "यह बहुत खूबसूरत और बढ़िया है। मुझे 'इमरजेंसी' बनाने के लिए एक शानदार बुनी हुई साड़ी मिली है। ये बेकार की कई ट्रॉफियों से बेहतर है।" जाहिर है कि कंगना ने अपनी इस स्टोरी में अवॉर्ड्स ट्रॉफियों को बेकार बताते हुए एक बार फिर मेन स्ट्रीम बॉलीवुड पर कटाक्ष किया है।

17 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई कंगना रनौत द्वारा निर्देशित फिल्म 'इमरजेंसी' में कंगना रनौत ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई है। इसके अलावा फिल्म में अनुपम खेर जय प्रकाश नारायण की भूमिका में नजर आए हैं, जबकि श्रेयस तलपड़े ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी बाजपेयी का किरदार अदा किया है। फिल्म 1975 में इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल यानी कि इमरजेंसी के समय को दिखाती है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई थी और फ्लॉप रही थी।

सीरीज 'द व्हाइट लोटस 3' के मेकर्स ने उठाया बड़ा कदम

कास्ट-क्रू से जुड़ा है मामला



लगभग दो महीने पहले एक इंग्लिश सीरीज 'द व्हाइट लोटस 3' को भारत में भी स्ट्रीम किया गया। इस सीरीज के पहले एपिसोड को लेकर कंट्रोवर्सी भी हुई थी, इसके बावजूद सीरीज को दर्शकों ने बड़ी संख्या में देखा। हाल ही में इसके मेकर्स ने एक बड़ी जानकारी साझा की है।

हॉलीवुड रिपोर्टर से की गई एक बातचीत में सीरीज के प्रोड्यूसर डेविड बर्नड ने कहा, 'सीरीज 'द व्हाइट लोटस' के पहले सीजन से हमने एक पॉलिसी बनाई थी। इसके अनुसार शो में सभी को समान वेतन दिया जाता है।' पहले सीजन से लेकर तीसरे सीजन तक 'द व्हाइट लोटस' के मेकर्स ने यही नियम माना है। इस सीरीज के राइटर माइक व्हाइट हैं। 'द व्हाइट लोटस 3' एक फिक्शन सीरीज है। इसकी कहानी की बात की जाए तो इसमें कुछ अमीर लोग छुट्टियां मनाते हैं, इनकी जिंदगी में इसमें दिखाई जाती है। सीरीज का असल मकसद अमीर लोगों पर सटायर करना रहा है।

एक्ट्रेस राजश्री की कहानी- आर्केस्ट्रा में डांस

लोगों ने पॉर्न स्टार कहा, नेटफ्लिक्स सीरीज से मिली पहचान, समाज सेवा के लिए छोड़े कई बड़े प्रोजेक्ट्स

'सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं, मेरी कोशिश है कि ये सूरत बदलनी चाहिए।' दुष्यंत कुमार की ये लाइनें एक्ट्रेस राजश्री देशपांडे के करियर और जिंदगी के दो अलग-अलग सिरों को जोड़ती हैं। फिल्मों में अपनी बोल्ड चॉइस से हंगामा मचाने वाली राजश्री असल जिंदगी में अपने सोशल वर्क से लोगों की जिंदगी बदल रही हैं। हालांकि, इस मुकाम तक पहुंचने से पहले उन्होंने खुद कई मुश्किलों का सामना किया है।

बचपन में तंगी देखी, पैसों के लिए आर्केस्ट्रा में काम किया। अपनी जिद और मेहनत के दम पर खुद की ऐड एजेंसी खोली और खूब पैसे भी कमाए। जब वहां से भी दिल भर गया तो सब कुछ छोड़ वापस कला का रुख किया और मुंबई आकर फिर से स्ट्रगल किया।

मैं एक किसान परिवार से ताल्लुक रखती हूं। मेरा बचपन औरंगाबाद में बीता है। मेरी पढ़ाई मराठी मीडियम स्कूल से हुई। वो वक्त मैं आज भी मिस करती हूं, जब गर्मी की छुट्टियां आम के बगीचे में बिना चप्पल घूमते बीत जाती थीं। मैं अपने घर की सबसे एंटरटेनिंग बच्ची थी। जब भी कोई मेहमान आता घरवाले मुझे आगे कर देते कि डांस दिखाओ। किसी की मिमिक्री करके दिखाओ। मेरे ख्याल से यही वो फेज था, जब मेरे अंदर का आर्टिस्ट मेरे जाने बिना ही तैयार होने लगा।

कुल मिलाकर मेरा बचपन मजेदार रहा। मेरा अधिकांश समय खेलकूद या ड्रामा में बीता। पढ़ाई में मेरी दिलचस्पी थोड़ी कम थी। मैं जूडो प्लेयर थी और इसमें स्टेट और नेशनल लेवल तक खेला है।

स्कूल के दिनों से ही मैं ड्रामा में हिस्सा लेने लगी थी। डांस में रुचि थी तो एक आर्केस्ट्रा का हिस्सा भी बन गई थी। डांस करने के लिए मुझे पांच सौ रुपए मिलते। जो उस वक्त के हिसाब से मेरे लिए बहुत ज्यादा थे। हम लोग गांव-गांव जाकर लावणी परफॉर्म करते। लोगों का रिएक्शन, उनकी तालियों की गड़गड़ाहट मुझे किसी और दुनिया में ले जाती, मेरे सपनों की दुनिया में।

हमारे जीवन में एक वक्त ऐसा आया, जब बहुत चुनौतियां देखने मिलीं। एक किसान के लिए उसकी जमीन ही सब कुछ होती है। हमारी जमीन इंडस्ट्रियल जोन में आ गई। जमीन चली गई तो मां ने घर संभाला। पापा को बहुत मुश्किलों के बाद नौकरी मिली। फिर घर की हालत थोड़ी सुधरी।

इस दौर में मेरा बचपन ऐसा बीता, जब लगने लगा कि पैसा ही सब कुछ है। खुशियां सिर्फ पैसों से ही मिल सकती थीं। ऐसे में मैं कला से दूर होती गई। नाटक और डांस से जीवन नहीं चल पा रहा था। ये यकीन होने लगा कि पढ़ाई ही आपको बचा सकती है। मैं औरंगाबाद से निकलकर पुणे पहुंची। वहां सिम्बॉयसिस कॉलेज से लॉ की पढ़ाई की।

पुणे आकर एक आजादी महसूस हुई। हालांकि, मेरे घरवालों के पास मुझे पढ़ाने के पैसे नहीं थे। मुझे याद है, मेरी मां ने उस वक्त कहा था कि लड़-झगड़कर तुम आ तो गई हो, लेकिन हम तुम्हारा खर्च नहीं उठा पाएंगे। कैसे मैनेज करोगी?

मैं जिस हॉस्टल में रहती थी, वहीं पास में दो बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने लगी, डांस सिखाती और उनका ख्याल रखती। इससे मुझे कुछ पैसे मिलते। इस तरह पढ़ाई के साथ अपना खर्चा उठाने का इंतजाम हो गया।

ऐसे छोटे-मोटे काम करते हुए मुझे ऐडवरटाइजिंग फील्ड में क्लाइंट सर्विस की नौकरी मिली। इसके बारे में मुझे कुछ पता भी नहीं था। बस पोस्टर पर देखा था कि नौकरी के साथ एक सनी गाड़ी मिलेगी। हालांकि, यहां भी मैंने जल्द काम सीख लिया और फिर मुझे ऐडवरटाइजिंग से प्यार होने लगा।

मैंने घर में पैसों की तंगी देखी थी तो मेरा ध्यान अच्छी कमाई पर था। मुझ पर पैसा कमाने का जुनून सा सवार था। मैंने बड़ा डिसीजन लिया, खुद की ऐड एजेंसी खोल ली।

सैफ अली हमला केस-तीनों टुकड़े एक ही चाकू के निकले

फोरेंसिक रिपोर्ट में खुलासा, पुलिस बोली- जमानत दी तो आरोपी बांग्लादेश भाग जाएगा

एक्टर सैफ अली खान पर हुए हमला केस में आरोपी शरीफुल इस्लाम की जमानत याचिका पर शुक्रवार को मुंबई की एक कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान मामले की जांच कर रही मुंबई पुलिस ने फोरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) रिपोर्ट में बड़ा खुलासा किया।

पुलिस ने कोर्ट में बताया कि आरोपी से बरामद टुकड़ा, वारदात की जगह से मिला हिस्सा और सैफ की रीढ़ की हड्डी से निकला टुकड़ा, तीनों एक ही चाकू के हैं। आरोपी के खिलाफ मजबूत सबूत हाथ लगे हैं। जल्द ही चार्जशीट दाखिल की जाएगी। आरोपी को जमानत मिली, तो वह बांग्लादेश भाग सकता है।

आरोपी की ओर से दाखिल जमानत याचिका में कहा गया था कि एफआईआर झूठी है और जांच पूरी हो चुकी है, सिर्फ चार्जशीट दाखिल होना बाकी है। मामले की अगली सुनवाई 9 अप्रैल को होगी। सैफ अली खान पर 15 जनवरी को उनके घर सतगुरु शरण अपार्टमेंट में घुसकर हमला हुआ था। इसके बाद सैफ खुद अस्पताल पहुंचे थे। उन्हें हाथ, रीढ़ की हड्डी और पीठ पर चोटें आई थीं। इलाज के बाद एक्टर को 21 जनवरी को डिस्चार्ज किया गया। पुलिस ने 2 दिन बाद बांग्लादेशी नागरिक शरीफुल इस्लाम को गिरफ्तार किया था।

आरोपी की जमानत अर्जी के विरोध में मुंबई पुलिस 3 तर्क

वह कोर्ट में पेश नहीं होगा। उसने गंभीर अपराध किया है। पुलिस के पास आरोपी के खिलाफ पुख्ता सबूत हैं।

ऐसी संभावना है कि शिकायतकर्ता और गवाहों को लालच दे। सबूतों से छेड़छाड़ भी कर सकता है।

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि वह बार-बार ऐसे अपराध करेगा। आरोपी इस्लाम के पास से पुलिस को बांग्लादेशी आईकार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस मिला था। वह विजय दास के नाम से अवैध रूप से मुंबई में रह रहा था। आरोपी इस्लाम के पास से पुलिस को बांग्लादेशी आईकार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस मिला था। वह विजय दास के नाम से अवैध रूप से मुंबई में रह रहा था।

पुलिस के मुताबिक, इन टुकड़ों को पहले एक मेडिकल अफसर के पास जांच के लिए भेजा गया था। उनकी रिपोर्ट में साफ कहा गया कि ये सभी टुकड़े एक ही हथियार के हैं। इसके बाद तीनों हिस्सों को मुंबई के कालिना स्थित एफएसएल लैब में केमिकल एनालिसिस के लिए भेजा गया। एफएसएल की रिपोर्ट में भी यही पुष्टि हुई कि तीनों टुकड़े उसी एक चाकू के हैं। एक्टर सैफ अली खान को पांच जगहों पर चाकू घोंपा गया था। उनको पीठ, कलाई, गर्दन, कंधे और कोहनी पर चोटें लगी थीं। उन्हें उनके दोस्त अफसर जैदी ने ऑटो रिक्शा में मुंबई के लीलावती अस्पताल पहुंचाया था। सैफ की मेडिकल रिपोर्ट से यह पता चला है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'चोटों का आकार 0.5 सेंटीमीटर से लेकर 15 सेमी तक है। हमले की रात सैफ के दोस्त अफसर जैदी उन्हें सुबह 4:11 बजे लीलावती अस्पताल ले गए और औपचारिकताएं पूरी कीं।'

15 जनवरी की रात करीब ढाई बजे सैफ पर चाकू से हमला किया गया था। सैफ के गले और रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोटें आई थीं। सैफ ऑटो से लीलावती अस्पताल पहुंचे थे, जहां उनकी सर्जरी हुई और इलाज चला था।

महिंद्रा एंड महिंद्रा नहीं, यह था कंपनी का पुराना नाम

पार्टनर के पाकिस्तान जाने के बाद हुआ बदलाव

नई दिल्ली,5 अप्रैल (एजेंसियां)। महिंद्रा एंड महिंद्रा। नाम तो सुना होगा। भारत की मशहूर ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी। वही कंपनी जिसकी एसयूवी कार इस समय दुनियाभर में धूम मचा रही हैं। कंपनी की कार थार काफी लोगों की पहली पसंद बन चुकी है। इस कंपनी ने वित्त वर्ष 2025 में एक नया रेकॉर्ड बनाया है। इस साल कंपनी ने अपनी अब तक की सबसे ज्यादा एसयूवी बेची हैं। वैसे बता दें कि महिंद्रा एंड महिंद्रा कंपनी का पुराना नाम यह नहीं था। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने आज के समय एसयूवी में अपनी अलग पहचान बना ली है। कार से लेकर टैक्टर, ट्रक आदि में महिंद्रा एंड महिंद्रा का नाम टॉप की कंपनियों में शामिल रहा है। कंपनी के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने भी कंपनी को नई ऊंचाई पर ले जाने में काफी मेहनत की है। आनंद महिंद्रा सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहते हैं। वह समय-समय पर कई दिलचस्प पोस्ट करते रहते हैं।इस कंपनी की शुरुआत आजादी से दो साल पहले यानी 1945 में लुधियाना में हुई थी। इसके फाउंडर महिंद्रा ब्रदर्स (कैलाश चंद्र महिंद्रा और जगदीश चंद्र महिंद्रा) और मलिक गुलाम मोहम्मद थे। इसकी शुरुआत स्टील ट्रेडिंग कंपनी के रूप में हुई थी। महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा, कैलाश चंद्र महिंद्रा के पोते हैं।साल 1947 में जब कंपनी की स्थापना हुई थी तो इसका नाम महिंद्रा एंड महिंद्रा नहीं था। उस समय इसका नाम महिंद्रा एंड मोहम्मद था। कंपनी को मोहम्मद नाम मलिक गुलाम मोहम्मद की वजह से मिला जो इसके फाउंडर सदस्यों में से थे। हालांकि गुलाम मोहम्मद की कंपनी में हिस्सेदारी बहुत कम थी।अब बात आती है कि कंपनी का नाम महिंद्रा एंड मोहम्मद से महिंद्रा एंड महिंद्रा कैसे हुआ। दरअसल, आजादी के बाद गुलाम मोहम्मद पाकिस्तान चले गए थे। महिंद्रा के पास स्टेशनरी और कंपनी की मुहर रह गई, जिस पर एम एंड एम लिखा था। उनके पास नाम बदलने के लिए वित्तीय संसाधन नहीं थे। चूंकि व्यवसाय में दो महिंद्रा भाई थे, इसलिए उन्होंने कंपनी का नाम बदलकर महिंद्रा एंड महिंद्रा करने का फैसला किया। ऐसे में कंपनी नाम एम एंड एम ही रहा। गुलाम मोहम्मद साल 1947 से 1951 तक पाकिस्तान के वित्त मंत्री रहे। इसके अलावा वह 1951 से 1955 तक पाकिस्तान के गवर्नर जनरल भी रहे। सितंबर 1956 में 61 साल की उम्र में उनकी मृत्यु हो गई थी। कंपनी ने बाद में कई बड़ी कंपनियों का अधिग्रहण किया।

क्या मंदी की तरफ बढ़ता जा रहा है अमेरिका? ट्रंप की टैरिफ को लेकर जेपी मॉर्गन ने जताई चिंता

नई दिल्ली, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकन मल्टीनेशनल फाइनेंशियल सर्विस कंपनी जेपी मॉर्गन ने साल 2025 के अंत तक अमेरिका के मंदी की चपेट में आने की आशंका जताई है. इसके पीछे जिम्मेदार राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी को ठहराया जा सकता है. बता दें कि ट्रंप ने 2 अप्रैल को दुनिया के तमाम देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाकर ग्लोबल मार्केट में तहलका मचा दिया. गुरुवार को अमेरिकी शेयर बाजार में भारी गिरावट आई, जो साल 2020 के बाद एक दिन में आई सबसे बड़ी गिरावट थी. ट्रंप ने सभी देशों पर 10 परसेंट का बेसलाइन टैरिफ भी लगाया है. भारत सहित 60 से ज्यादा देशों पर ट्रंप ने ज्यादा टैरिफ लगाया है. चीन ने अमेरिका से आयात होने वाले सामानों पर 34 परसेंट का टैरिफ लगाकर जवाबी कार्रवाई कर दी है. कई और देश भी आगे आ सकते हैं.न्यूजपेपर द हिल की रिपोर्ट के मुताबिक, शुक्रवार को जारी एक नोट में जे पी मॉर्गन के चीफ यूएस इकोनॉमिस्ट माइकल फेरोली ने लिखा है कि अमेरिका की जीडीपी टैरिफ के बोझ के नीचे दब सकती है. उन्होंने आगे चेतावनी दी कि आर्थिक मंदी से बेरोजगारी दर 5.3 परसेंट तक बढ़ने की उम्मीद है. अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने भी इस पर चिंता जताते हुए कहा, टैरिफ पहले के लगाए गए अनुमान से कहीं ज्यादा भारी झटका दे सकता है. शुक्रवार को एक बिजनेस जर्नलिज्म कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए पॉवेल ने कहा, अनिश्चितता बनी हुई है, अब टैरिफ उम्मीद से कहीं ज्यादा बढ़ेगी. इसके आर्थिक प्रभावों में बहुत ज्यादा महंगाई और कम ग्रोथ जैसी चीजों के शामिल होने की संभावना अधिक है. ट्रंप भले ही यह कहे कि टैरिफ का मकसद अमेरिका में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देना है, लेकिन एक्सपर्ट्स का मानना है कि इससे वैश्विक आर्थिक मंदी की स्थिति पैदा हो सकती है.

ओला का हो गया खेला! 8 महीने में आधी भी नहीं बची कीमत, आखिर क्यों अर्श से फर्श पर आ गिरा शेयर?

नई दिल्ली,5 अप्रैल (एजेंसियां)। भाविश अग्रवाल की कंपनी ओला इलेक्ट्रिक के शेयर में फिर से गिरावट आने लगी है। स्थिति यह है कि यह इश्यू प्राइस से भी नीचे ट्रेड कर रहा है। कंपनी के साथ ऐसे कई विवाद रहे हैं जिनके चलते इसके शेयरों में गिरावट बनी हुई है। यह तब है जब लिस्टिंग के बाद इसके शेयर रॉकेट हो गए थे। अब हालात बहुत बुरे हैं। 8 महीने में इसके शेयर की कीमत आधी से भी कम रह गई है। यानी ऐसे निवेशकों की आधी से ज्यादा रकम डूब गई है जिन्होंने 8 महीने पहले इसके शेयर खरीदे होंगे। ओला इलेक्ट्रिक के शेयर में शुक्रवार को भी गिरावट आई। यह शेयर 3 फीसदी की गिरावट के साथ 52.44 रुपये पर बंद हुआ। पिछले 52 हफ्ते के निम्नतम स्तर के मुकाबले इसकी कीमत थोड़ी ही ज्यादा है। यह शेयर 9 अगस्त 2024 को शेयर मार्केट में लिस्ट हुआ था। इसकी लिस्टिंग बहुत अच्छी नहीं थी और इश्यू प्राइस यानी 76 रुपये के करीब ही लिस्ट हुआ था। हालांकि बाद में इसकी कीमत में तेजी आई। इस शेयर ने 8 महीने से भी कम समय में निवेशकों का जबरदस्त नुकसान कर दिया है। इस शेयर का 52 हफ्ते का हाई प्राइस 157.53 रुपये है। यह कीमत 20 अगस्त को थी। वहीं अब इसकी कीमत 52.44 रुपये रह गई है। ऐसे में इसने 8 महीने से भी कम समय में निवेशकों का करीब 67 फीसदी नुकसान कर दिया है जो आधे से भी काफी ज्यादा है।

यह शेयर 9 अगस्त को लिस्टिंग के बाद काफी तेजी से बढ़ने लगा था। कुछ ही दिनों में यह 157.53 रुपये पर आ गया था। यानी लिस्टिंग के 11 दिन बाद ही यह अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया था। लेकिन इसके बाद इसमें गिरावट आती गई। यह शेयर अभी तक अपने पिछले ऑल टाइम हाई पर नहीं पहुंच पाया है।ओला के शेयर में गिरावट का सबसे बड़ा कारण खुद कंपनी को माना जा रहा है। पिछले साल ओला के स्कूटरों को लेकर काफी विवाद रहा था। सबसे ज्यादा विवाद खराब सर्विस पर था। ऐसी कई रिपोर्ट आईं जिनमें कहा गया कि स्कूटर में कमी आने के बाद सर्विस सेंटर पर इसे सही करवाने में कई महीने लग गए। इसी को लेकर कुणाल कामरा ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कई पोस्ट की थीं। इसमें कंपनी की खराब सर्विस को लेकर कई फोटो और वीडियो पोस्ट किए गए थे। इसे लेकर इनकी भाविश अग्रवाल से कुछ बहस भी हुई थी। इसके चलते ओला के शेयर में काफी गिरावट आ गई थी।इसी को लेकर कुणाल कामरा ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कई पोस्ट की थीं। इसमें कंपनी की खराब सर्विस को लेकर कई फोटो और वीडियो पोस्ट किए गए थे।

बढ़ रहा है देश का खजाना

लगातार चौथे हफ्ते भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी; गोल्ड रिजर्व में भी इजाफा

नई दिल्ली, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 28 मार्च को खत्म हुए हफ्ते के दौरान 6.596 अरब डॉलर बढ़कर 665.396 अरब डॉलर हो गया है. भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि पिछले हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार में 4.53 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई थी. यह लगातार चौथा हफ्ता है, जब देश का विदेशी बढ़ा मुद्रा भंडार है. हाल ही में रुपये में अस्थिरता को कम करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के साथ-साथ पुनर्मूल्यांकन के कारण इसमें गिरावट का रुख था.

विदेशी मुद्रा आस्तियां भी बढ़ीं

सितंबर 2024 के अंत तक देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.88 बिलियन डॉलर के ऑल-टाइम हाई लेवल पर चला गया. शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 28 मार्च को खत्म हुए सप्ताह में

विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां भी 6.16 अरब डॉलर बढ़कर 565.01 अरब डॉलर हो गया. डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है.

देश का गोल्ड रिजर्व भी बढ़ा

बता दें कि इस दौरान गोल्ड रिजर्व भंडार भी बढ़ा. आरबीआई ने कहा कि समीक्षाधीन हफ्ते में स्वर्ण भंडार भी 519 मिलियन डॉलर बढ़कर 77.79 बिलियन डॉलर हो गया. विशेष आहरण अधिकार 65 मिलियन डॉलर घटकर 18.18 बिलियन डॉलर रह गए. आंकड़ों के मुताबिक, इस दौरान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास देश का रजिर्व आरक्षित भंडार 1.6 करोड़ डॉलर घटकर 4.41 अरब डॉलर रह गया. बता दें कि इस दौरान भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान के भी विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि हुई है.

क्यों जरूरी है फॉरेक्स रिजर्व?

जैसा कि हम जानते हैं कि विदेशी मुद्रा एसेट्स में डॉलर, यूरो, पाउंड, येन जैसी दूसरे देशों की मुद्राएं शामिल होती हैं. देश के विदेशी मुद्रा भंडार का इस्तेमाल वैश्विक देनदारियों का भुगतान करने, मौद्रिक नीति के क्रियान्वयन के लिए, विदेशों से लिए कर्ज को चुकाने और भारतीयों द्वारा विदेशों में पढ़ाई, इलाज या घूमने के दौरान किए गए खर्च में किया जाता है.

15 हजार करोड का आईपीओ: शेयर मार्केट में तहलका मचाने आ रही टाटा ग्रुप की यह कंपनी, सेबी को सौंपे डॉक्यूमेंट

नई दिल्ली,5 अप्रैल (एजेंसियां)। टाटा ग्रुप की एक और कंपनी शेयर मार्केट में एंट्री के लिए तैयार है। इस कंपनी का नाम टाटा कैपिटल है। टाटा कैपिटल 15000 करोड़ रुपये का आईपीओ लेकर आ रही है। इसके लिए कंपनी ने सेबी के पास जरूरी डॉक्यूमेंट जमा कर दिए हैं। इसमें नए शेयर भी जारी किए जाएंगे और टाटा संस भी अपनी हिस्सेदारी बेचेगी। टाटा संस के पास टाटा कैपिटल की 93% हिस्सेदारी है। टाटा कैपिटल एक फाइनेंस कंपनी है, जिसे आरबीआई ने अपर-लेयर एनबीएफसी माना है। इसका मतलब है कि ये कंपनी थोड़ी बड़ी है। कंपनी ने पहले ही आईपीओ लाने के लिए बोर्ड से मंजूरी ले ली है। कंपनी करीब 2.3 करोड़ नए शेयर जारी करेगी। साथ ही कुछ पुराने शेयरहोल्डर भी अपने शेयर बेचेंगे। ये जानकारी कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज को दी है। अगर ये आईपीओ सफल होता है तो ये देश के फाइनेंस सेक्टर में सबसे बड़े आईपीओ में से एक होगा। टाटा ग्रुप की ये दूसरी कंपनी होगी जो हाल ही में शेयर बाजार में आएगी। इससे पहले टाटा टेक्नोलॉजीज नवंबर 2023 में लिस्ट हुई थी। एफवाई24 में टाटा कैपिटल ने 18,178 करोड़ रुपये का रेवेन्यू कमाया था। ये पिछले साल के मुकाबले 34% ज्यादा है। कंपनी का लोन बुक एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया है, जो 40% की बढ़त है। कंपनी का मुनाफा 3,150 करोड़ रुपये रहा, जो अब तक का सबसे ज्यादा है। इस साल के पहले छह महीनों में भी कंपनी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। कंपनी का मुनाफा 21% बढ़कर 1,825 करोड़ रुपये हो गया है।

फाइनेंस सेक्टर में कई तरह की सर्विस

टाटा कैपिटल, टाटा ग्रुप की एक मुख्य फाइनेंस कंपनी है। ये टाटा संस की सहायक कंपनी है। ये कंपनी एनबीएफसी के तौर पर काम करती है। टाटा कैपिटल और उसकी सहायक कंपनियां फाइनेंस सेक्टर में कई तरह की सेवाएं देती हैं। ये कंपनियां कमर्शियल फाइनेंस, कंज्यूमर लोन, वेल्थ मैनेजमेंट और टाटा कार्ड्स की मार्केटिंग जैसे काम करती हैं। टाटा कैपिटल और उसकी सहायक कंपनियां फाइनेंस सेक्टर में कई तरह की सेवाएं देती हैं।

कोक और पेप्सी से भी सस्ता हुआ कच्चा तेल, क्या अब सस्ता होगा पेट्रोल?

नई दिल्ली, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। बीते दो दिनों में कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त गिरावट देखने को मिली है. ट्रंप के टैरिफ ऐलान और उसके बाद चीन की ओर से जवाबी टैरिफ के बाद कच्चे तेल की कीमतों में करीब 13 फीसदी की गिरावट देखने को मिल चुकी है. बीते एक हफ्ते में कच्चे तेल की कीमतों में 10 फीसदी से ज्यादा की गिरावट देखी गई है, जोकि दो साल के बाद कच्चे तेल की कीमतों में सबसे बड़ी वीकली गिरावट देखने को मिली है. इस गिरावट के बाद कीमतें तीन साल के लोअर लेवल पर आ गई हैं. खाड़ी देशों के क्रूड ऑयल के दाम 65 डॉलर और अमेरिकी तेल के दाम 62 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गए हैं. तेल की कीमतों में रुपए में कंवर्ट कर प्रति लीटर के हिसाब से कैलकुलेट किया तो बेहद चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए. कच्चे तेल की कीमतें 35 रुपए प्रति लीटर पर आ चुकी है. इसका मतलब है कि इंटरनेशनल मार्केट में एक लीटर कच्चा तेल कोक और पेस्पी से भी सस्ता हो चुका है. इसके बाद भी भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतें 100 रुपए प्रति के पार हैं. एक साल पहले यानी मार्च 2024 में पेट्रोल

और डीजल की कीमतों में 2 रुपए की फ्लैट कटौती की गई थी. उसके बाद देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई खास बदलाव देखने को नहीं मिला है. आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर इंटरनेशनल मार्केट में पेट्रोल और डीजल की कीमतें कितनी हो गई हैं. जानकार आने वाले दिनों में पेट्रोल और डीजल की कीमतें कितनी प्रिडिक्ट कर रहे हैं. आइए आपको भी बताते हैं.शुक्रवार को तेल की कीमतें 7 फीसदी गिरकर तीन साल से ज़्यादा के निचले स्तर पर आ गईं. वास्तव में चीन ने अमेरिकी वस्तुओं पर टैरिफ बढ़ाकर ट्रेड वॉर की शुरुआत कर दी है, जिससे निवेशकों के मन में मंदी की संभावना को और बढ़ा दिया है. दुनिया के सबसे बड़े तेल इंपोर्टर चीन ने घोषणा की है कि वह 10 अप्रैल से सभी अमेरिकी वस्तुओं पर 34 फीसदी का अतिरिक्त टैरिफ लगाएगा. ट्रंप द्वारा टैरिफ को एक सदी से ज़्यादा के उच्चतम स्तर पर बढ़ाने के बाद दुनिया भर के देशों ने जवाबी कार्रवाई की तैयारी कर ली है. नेचुरल गैस, सोयाबीन और सोने जैसी वस्तुओं में भी गिरावट आई, जबकि ग्लोबल शेयर मार्केट में गिरावट देखने को मिल रही है. निवेश बैंक जेपी मॉर्गन ने कहा कि अब उसे साल के अंत तक वैश्विक आर्थिक मंदी की 60 फीसदी संभावना दिख रही है, जो पहले 40 फीसदी थी.

तीन साल के लोअर लेवल पर तेल की कीमतें

ग्लोबल मार्केट में खाड़ी देशों का कच्चा तेल 4.56 डॉलर या 6.5 फीसदी की गिरावट के साथ 65.58 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ, जबकि अमेरिकी क्रूड ऑयल यूएस वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड 4.96 डॉलर या 7.4 फीसदी की गिरावट के साथ 61.99 डॉलर पर बंद हुआ. सत्र के निचले स्तर पर, ब्रेंट 64.03 डॉलर और डब्ल्यूटीआई 60.45 डॉलर पर आ गया, जो चार वर्षों में उनका सबसे निचला स्तर है. अगर बात इस हफ्ते की करें तो ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमतों में 10.9 फीसदी और बीते दो दिनों में ब्रेंट क्रूड ऑयल में 12.50 फीसदी गिरावट देखने को मिल चुकी है. जो डेढ़ साल में प्रतिशत के लिहाज से इसका सबसे बड़ा साप्ताहिक नुकसान है. वहीं दूसरी ओर अमेरिकी कच्चे तेल की कीमतें एक हफ्ते में 10.6 फीसदी की गिरावट के साथ दो वर्षों में अपनी सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की है. जबकि दो दिनों में कच्चे तेल की कीमत में 13.50 फीसदी से ज्यादा की गिरावट देखने को मिल चुकी है. भारतवर्ष की टीम ने कैलकुलेट किया तो देखा तो कच्चे तेल की कीमतें कोक और पेप्सी से भी कम हो गई हैं. आइए आपको भी समझाते हैं कैसे? खाड़ी देशों का कच्चा तेल 65.58 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है. एक बैरल में 159 लीटर होते हैं. इसका मतलब है कि एक लीटर ब्रेंड क्रूड ऑयल के दाम 0.40 डॉलर पर आ गए. अगर इसे रुपए में कंवर्ट किया जाए तो 35 रुपए प्रति लीटर होता है. वहीं भारत में एक लीटर कोक और पेप्सी की कीमत 65 रुपए प्रति लीटर है. अब समझ सकते हैं कि कच्चे तेल की कीमतें कोक और पेप्सी के दाम से 50 फीसदी तक कम हो चुकी है.

दुबई के बुर्ज खलीफा में 22 अपार्टमेंट के मालिक हैं भारतीय बिजनेस मैन, फर्श से अर्श तक का सफर ऐसे किया तय

नई दिल्ली, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। दुबई में बनी दुनिया की सबसे गगनचुंबी इमारत बुर्ज खलीफा अपनी खूबसरती और लग्जरी के लिए जानी जाती है. 163 मंजिला इमारत को देखने दुनियाभर से लोग आते हैं. हालांकि, इसमें रहना हर किसी के बस की बात नहीं क्योंकि बुर्ज खलीफा में सिर्फ वन-बेडरूम अपार्टमेंट का किराया ही सालाना 150,000 से 180,000 दिरहम (42 लाख रुपये से ज्यादा) है, जो इसे रहने के लिए सबसे महंगी जगहों में से एक बनाता है. हैरान करने वाली बात यह भी है कि इस इमारत के 900 अपार्टमेंट्स में से 150 अपार्टमेंट्स भारतीयों के ही हैं. इनमें से 22 अपार्टमेंट के अकेले मालिक एक भारतीय बिजनेस हैं. जी हां, हम यहां बात कर रहे हैं जॉर्ज वी नेरेम्पराम्बिल की, जिनके बुर्ज खलीफा में खुद के 22 लग्जरी अपार्टमेंट्स हैं. मीडिया उन्हें 'किंग ऑफ बुर्ज खलीफा' भी कहकर बुलाती है. जॉर्ज बुर्ज खलीफा में सबसे बड़े प्राइवेट प्रॉपर्टी ओनर हैं. केरल के एक मिडिल क्लास फैमिली में पैदा हुए जॉर्ज महज 11 साल की उम्र से ही परिवार के भरण-पोषण के लिए पिता के साथ काम में हाथ बंटाना शुरू कर दिया था. जॉर्ज बचपन से ही बेहद टैलेंटेड थे. उन्होंने उन्होंने बचे हुए कपास के बीजों से गोंद निकालकर पैसे कमाना शुरू कर दिया. 1976 में बेहतर अवसरों की तलाश में जॉर्ज शारजाह चले गए.यहां पहले उन्होंने एक मैकेनिक के तौर पर काम किया. बाद में उन्होंने देखा कि मिडिल ईस्टी की बढ़ती अर्थव्यवस्था और रेगिस्तान की तपती गर्मी के बीच एयर कंडीशनिंग के सेगमेंट में बेहतर संभावनाएं हैं. अपने इसी बिजनेस आईडिया के साथ उन्होंने अपनी एक छोटी सी कंपनी शुरू की. आज जिसे जीईओ ग्रुप ऑफ कंपनीज के नाम से जाना जाता है. जॉर्ज आज दुबई के जाने-माने बिजनेस टायकून हैं. उनके बुर्ज खलीफा में अपार्टमेंट खरीदने के पीछे भी एक दिलचस्प कहानी है. एक बार उन्हें किसी रिश्तेदार ने चिढ़ाया था कि वह बुर्ज खलीफा में जा तक नहीं सकते हैं. जॉर्ज ने 2010 में बुर्ज खलीफा में पहले एक अपार्टमेंट किराए पर लिया. बाद में धीरे-धीरे उन्होंने अपार्टमेंट खरीदना शुरू कर दिया और आज की तारीख में उनके पास इस इमारत में 22 अपार्टमेंट हैं. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, उनके अपार्टमेंट्स की दीवारें, छत, फर्श पर गोल्ड प्लेटेड डेकोरेशन किया गया है. आज उनका नेट वर्थ 4,800 करोड़ रुपये से ज्यादा है.

थाईलैंड से लेकर भूटान तक यूपीआई का होगा जलवा

बिम्सटेक देशों को पीएम मोदी ने दिया खास प्रस्ताव

नई दिल्ली, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत का यूपीआई दुनियाभर में डंका बजा रहा है. कई देशों में भारत का यूपीआई इस्तेमाल भी हो रहा है. इसी कड़ी में अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिम्सटेक देशों को भारत के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) को उनके पेमेंट सिस्टम से जोड़ने का प्रस्ताव दिया है. इस पहल का उद्देश्य व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा देना है.बिम्सटेक में बांग्लादेश, भूटान, भारत, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका और थाईलैंड शामिल हैं. यूपीआई को इन देशों की भुगतान प्रणालियों से जोड़ने से सीमा-पार लेनदेन में आसानी होगी, जिससे व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। यह पहल डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने और क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग को मजबूत करने में मददगार होगी. यूपीआई का डंका लगातार पूरी दुनिया में बज रहा है. इसके सक्सेस की चर्चा चारों तरफ हो रही है. फिलहाल सात देशों में मौजूद है. इनमें भूटान, मॉरीशस, नेपाल, सिंगापुर, श्रीलंका, और फ्रांस शामिल हैं. बीएचआईएम, फोनपे, पेटीएम और गूगल पे जैसे 20 ऐप्स इन

अंतरराष्ट्रीय ट्रांजैक्शन को सपोर्ट करते हैं. हम अब उन देशों में यूपीआई के उपयोग को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जहां यह लॉन्च हो चुका है. यूपीआई के जरिये लेन-देन की संख्या 2024 की दूसरी छमाही में सालाना आधार पर 42 प्रतिशत बढ़कर 93.23 अरब पहुंच गई है. एक रिपोर्ट में यह कहा गया है. वर्ल्डलाइन की 2024 की दूसरी छमाही कीइंडिया डिजिटल भुगतान रिपोर्ट के अनुसार, वॉल्यूम और प्राइस के मामले में तीन यूपीआई प्लेटफॉर्म फोनपे, गूगल पे और पेटीएम का दबदबा बना हुआ है. लेन-देन की वॉल्यूम के मामले में, दिसंबर 2024 में सभी लेन-देन में इन तीनें ऐप्स की हिस्सेदारी 93 फीसदी रही। लेन-देन मूल्य के संदर्भ में, हिस्सेदारी 92 प्रतिशत थी.

दैनिक पंचांग

ग्रह गोचर

श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947,सूर्य उत्तरायणे,ऋतु- बसंत
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि-432000 सूर्योदय - 06-10 सूर्यास्त. -18-26
भोग्य कलि वर्ष-426874
कलियुग संवत् -5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885126

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य-	मीन	मीन....	05-00 बजे
चंद्र-	कर्क	मेष---	06-35 बजे
मंगल	कर्क	वृष---	08-20 बजे
बुध-	मीन	मिथुन..	10-21 बजे
गुरु-	वृष	कर्क....	12-33 बजे
शुक्र-	मीन	सिंह---	14-45 बजे
शनि-	मीन	कन्या---	16-52 बजे
राहु-	मीन	तुला----	18-57 बजे
केतु-	कन्या	वृश्चिक..	21-08 बजे
		धनु.....	23-20 बजे
		मकर...	01-27 बजे
		कुंभ....	03-17 बजे

दिशाशूल - पश्चिम - पान खाकर घर से निकले
तिथि- नवमी 19:23 तक उपरान्त दशमी
मास - चैत्र शुक्ल , रविवार 06 April
नक्षत्र - पुष्य अहोरात्र दिनरात तक
योग - सुकर्मा 18-54 तक उप धृति
करण- बालव 07-19 तक उप कौलव
विशेष:- श्रीराम नवमी दुर्गा नवमी पूजा
व्रत -त्योहार - नवरात्रि पूर्ण, रवि पुष्य योग

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

राहुकाल 16:56 से 18:29 तक

पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
उत्पात	06:10 - 07:41	अशुभ	शुभ	18:26 - 19:56	शुभ
चंचल	07:41 - 09:13	शुभ	अमृत	19:56 - 21:24	शुभ
लाभ.	09:13 - 10:46	शुभ	चंचल	21:24 - 22:51	शुभ
अमृत	10:46 - 12:19	शुभ	रोग	22:51 - 00:18	अशुभ
काल.	12:19 - 13:51	अशुभ	काल	00:18 - 01:45	अशुभ
शुभ	13:51 - 15:24	शुभ	लाभ	01:45 - 03:13	शुभ
रोग	15:24 - 16:56	अशुभ	उत्पात	03:13 - 06:10	अशुभ
उत्पात	16:56 - 18:26	अशुभ			

आपका राशिफल

मेष (चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,): आपको आज बहुत सारी गलत जानकारी प्राप्त होंगी| इसीलिए औरों की सुनने और मानने की बजाय अपने आप सोच समझकर फैसले लेना अधिक उपयुक्त रहेगा | अपने तरीके और अपने नजरिये के आधार पर देखेंगे तो बिलकुल ठीक फैसला ले पायेंगे |आपकी बहु प्रतीक्षित छुट्टी जल्द ही मिलने वाली है |

वृष (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,): आज अपने कार्य से संबंधित कारणों से अपने निवास स्थान में परिवर्तन की सम्भावना है ।आपको पदोन्नत किया जा सकता है और एक अलग क्षेत्र के लिए स्थानांतरित किया जा सकता है या आप कोई दूसरी नौकरी को ग्रहण कर सकते है ।आप एक पेशेवर सलाहकार या अपने किसी करीबी से आज कैरियर से संबंधित सलाह ले सकते हैं। अगर आप इस सलाह पर पर्याप्त ध्यान देंगे तो आप काफी लाभान्वित हो सकते है ।दूसरों के बारे में सोच सोचकर खुद को तनाव न दें।

मिथुन (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,): आपने हाल ही में जो कड़ी मेहनत की है , उसकी हर दिशा से सराहना होगी । आपको एक बोनस या एक लंबे समय से वेतन वृद्धि की चाह थी वो पूरी हो सकती है । आपको एक अच्छे वित्तीय अवसर की पेशकश भी की जा सकती है , जिसकी अपेक्षा आपको नहीं थी । हालाँकि ये एक बहुत बड़ा नहीं है , परन्तु यह संतोष की एक अच्छी भावना के रूप में आप में भर जाएगा।

कर्क (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,): आज आप एक चिंतनशील अवस्था में रहेंगे । आज आपके उस काम में उत्कृष्टता प्राप्त करने की संभावना है जिसमे गहरी सोच और चिंतन शामिल हो । आज शिक्षक , प्रचारकों , वकील, विवादकर्ताओं और राजनेताओं के अपने अपने कार्य क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने की संभावना है। हालांकि, कम ध्यान की वजह से आपको समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

सिंह (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,): आप अपने कार्य क्षेत्र में काफी मुखर और प्रेरक रहेंगे । आपको ऐसे कार्य क्षेत्र में कार्य करने के अवसर मिलेंगे जहा साझेदारी से कारोबार होता हो और एक दूसरे की सहायता करना प्रमुखता हो । आप प्रमुख परियोजना को पूरा करने के लिए दुसरो को संगठित करने के लिए प्रेरित करते है , जिससे की आपकी भूमिका के लिए प्रशंसा और सम्मान आपको मिलने की संभावना है और आपके धन का स्वास्थ्य भी स्वस्थ्य रहने की संभावना है ।

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आज आप आत्मविश्वास और सकारात्मक रहेंगे । आज किसी भी साक्षात्कार या ग्राहक के साथ किसी भी सौदे को तय करने के लिए एक अच्छा दिन है। आपको आज एक अछा लाभ मिल सकता है । आप दिन के उत्तरार्ध में किसी कार्य को लेकर कुछ अटक सकते है। कल के लिए मनोरंजन या मनोरंजन के लिए अपनी योजनाओं को स्थगित करे एवं अपने सहयोगी से आज मदद ले ।

तुला (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,): आप में अति आत्मविश्वास पैदा होगा क्योकि आपके सारे कार्य बड़ी खूबसूरती के साथ क्रियान्वयन हो रहे है। आज समय है की आप अपना कदम पीछे ले और सोचे की वास्तव में आप के लिए क्या आवश्यक है , उसका मूल्यांकन करे और ध्यान दे की आप अपनी क्षमताओ से क्या हासिल कर सकते हैं । आपको ध्यान रखना है की आपकी जितनी चादर है उतना ही पाव फैलाये ।

वृश्चिक (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,): आपकी करियर से सम्बंधित योजना बिगड़ रही है। आप एक बात पर अपना दिमाग एकाग्रचित नहीं कर पा रहे है । आप सोच सोच कर समय को बर्बाद कर रहे हैं। आप किसी भी अनुभवी पेशेवर या एक कैरियर सलाहकार से सलाह ले सकते हैं। एक कैरियर सलाहकार के मार्गदर्शन से आप को एक मार्ग मिल सकता है । आज आप अपने करियर के बारे में एक दिशा में सोच सकते है ।

धनु (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे): आज आपको अपनी आय और व्यय का संतुलन करना मुश्किल होगा । आज अपनी आय की वृद्धि के लिए एक दूसरी नौकरी की तलाश शुरू करने के लिए भी ये स

दिल्ली में डीसीसी की बैठक: छत्तीसगढ़ कांग्रेस-जिलाध्यक्ष अब बड़े नेताओं पर रखेंगे नजर

जिलाध्यक्षों ने मांगा और ज्यादा अधिकार, गुटबाजी की शिकायत की

बिलासपुर, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली में लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ छत्तीसगढ़ कांग्रेस के जिलाध्यक्षों की मीटिंग हुई। जहां बिलासपुर जिले से विजय केशरवानी और विजय पांडेय ने जिलाध्यक्षों को और ज्यादा अधिकार दिए जाने का प्रस्ताव रखा और निकाय चुनाव में हुई गुटबाजी को लेकर शिकायत की। वहीं, मीटिंग में जिला अध्यक्षों को सिर्फ अपने काम तक सीमित न रहकर, पार्टी के बड़े नेताओं की गतिविधियों पर भी नजर रखने के लिए कहा गया।

उन्हें बताया गया कि अब यह देखना भी जरूरी होगा कि उनके जिले के नेता, विधायक या सीनियर पदाधिकारी संगठन के कार्यक्रमों, बैठकों और प्रदर्शनों में कितनी भागीदारी निभा रहे हैं। इन सब बातों की रिपोर्ट भी जिला अध्यक्षों से ली जाएगी।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी और शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने जिलाध्यक्षों को अधिकार संपन्न बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अधिकृत उम्मीदवार के खिलाफ बागी होकर चुनाव लड़ने वाले नेता को मैदान से हटाने की जिम्मेदारी भी नेताओं को लेनी चाहिए।

बगावत करने वालों के लिए पार्टी का दरवाजा हमेशा के लिए बंद होना चाहिए फिर वह चाहे कितना ही बड़ा नेता क्यों न हो। उन्होंने कहा कि पार्टी के अनुशासन से बड़ा कोई नहीं होना चाहिए। बैठक में यह प्रस्ताव भी आया कि जिलाध्यक्ष ऐसे व्यक्ति बनाए जाएं जो खुद विधानसभा या लोकसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक न हों। अगर वे चुनाव लड़ना चाहते हैं, तो इलेक्शन के दो साल पहले पद छोड़ दें।

इधर, पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने वालों को तुरंत निष्कासित करने, तय समय के पहले उनकी वापसी न करने, अनुशासनहीनता मामले में जिलाध्यक्षों को पर्याप्त अधिकार देने, अनुषांगिक संगठनों में नियुक्ति के लिए उनकी अनुशंसा अनिवार्य करने व निष्क्रिय पदाधिकारियों को पद से हटाने का अधिकार देने का सुझाव भी दिया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी और शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने नगरीय निकाय चुनाव के दौरान और बाद की घटनाओं को लेकर एआईसीसी के महासचिव वेणुगोपाल से लिखित में शिकायत दर्ज कराई और विस्तृत रिपोर्ट सौंपी। नगर निगम चुनाव के बाद संगठन को लेकर अनर्गल टिप्पणी की गई। ऐसा कर संगठन को कमजोर करने की कोशिशें भी की गई। समानांतर बैठकें कर संगठन के कामकाज को लेकर प्रतिकूल टिप्पणी की गई।

चुनाव के दौरान और बाद भी इस तरह की गतिविधियां चलती रही। बता दें कि गुटबाजी और बयानबाजी के बाद प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने हस्तक्षेप करते हुए फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनाई थी।

राइस मिलर ने किसान को चप्पल-डंडों से पीटा

पीड़ित बोला-मारना है तो एक बार में मार डालो पीटने के बाद आरोपियों ने शख्स को घसीटा

बलौदाबाजार, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में राइस मिल के मालिक ने एक किसान से मारपीट की है। मारपीट का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें मिल संचालक और उसके साथी मिलकर खोरबाहरा जायसवाल को जूते-चप्पल, लात-घूंसों और लकड़ी से पीट रहे हैं। मामला हथबंद थाना क्षेत्र के ग्राम खिलोरा का है।

वीडियो में दिख रहा है कि किसान पर चोरी का आरोप लगाकर 4-5 लोग पीट रहे हैं। आरोपियों ने किसान को 15-20 मिनट तक पीटा। किसान अपने बचाव में कह रहा है कि मुझे मारना है तो एक ही बार में मार डालो, लेकिन झूठा आरोप लगाकर मत मारो।

दरअसल, 1 अप्रैल की रात खोरबाहरा जायसवाल नाम का किसान गांव में चल रहे रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता देखने गया था। रात करीब 12:30 बजे मिल मालिक के मुंशी शत्रुघन नौरंगे किसान को स्कूटी पर बैठाकर अपने घर ले गया।

इस दौरान घर में मिल मालिक रौनक अग्रवाल, पूर्व सरपंच देवनारायण साहू, शत्रुघन नौरंगे और उनके भाई गोरेलाल नारंग ने मिलकर उस पर हमला कर दिया। हमलावरों ने सिर को बचाते हुए मारपीट की, ताकि खून न निकले। मारपीट से शरीर के कई हिस्सों पर चोट के निशान हैं।

पीड़ित किसान ने बताया कि वह वहां से किसी कदर जान बचाकर भागा। पीड़ित की पत्नी चंद्रवती जायसवाल, भतीजा दीपक जायसवाल और बेटा चुमेश जायसवाल ने उसे तुरंत तिल्दा के मिशन अस्पताल में भर्ती कराया।

किसान ने बताया कि मारपीट के बाद आरोपियों ने पुलिस को फोन कर चोरी की झूठी रिपोर्ट भी दर्ज कराई। वहीं परिजन जब थाने में रिपोर्ट लिखवाने गए तो पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया। इस पर मामले में पुलिस की भूमिका भी संदिग्ध है।

खिलोरा के ग्रामीणों का आरोप है कि, राइस मिल मालिक ने

आधा एकड़ सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर रखा है। सड़क पर किए गए अवैध निर्माण के कारण हादसे होते रहते हैं। गांववालों ने इस अतिक्रमण को हटाने की मांग की है, लेकिन राइस मिल संचालक रसूखदार होने के कारण कार्रवाई नहीं हो रही।

गांव के शत्रुघ्न साहू ने बताया कि 5 मार्च को मील मालिक रौनक अग्रवाल से निवेदन किए थे कि आप सीमांकन करा लीजिए। इसके बाद निर्माण कार्य करिए, लेकिन राइस मिल संचालक ने ग्रामीणों को सीमांकन कराने से डायरेक्ट इनकार कर दिया।

वहीं मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद सुहेला ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष भुनेश्वर वर्मा ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि आरोपियों के खिलाफ पुलिस तत्काल कार्रवाई करे। किसान को बुरी तरह से मारपीट की गई है। राइस मिल संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। राइस मिल संचालक रौनक अग्रवाल ने कहा कि राइस मिल की जमीन पर अगर अतिक्रमण है तो उसका सीमांकन करें। मैं अपनी निजी जमीन पर काबिज रहूंगा। अगर किसी तरह का अतिक्रमण है तो मैं उसे छोड़ दूंगा।

रौनक अग्रवाल ने कहा कि मेरे राइस मिल को चोरी और मारपीट की घटना से जोड़ा जा रहा है, जो गलत है। किसान ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।

11 साल की बच्ची से रेप-हत्या से उबला पलामू

आरोपी को फांसी की मांग, लोगों ने कैंडल मार्च निकाला, पुलिस से भी भिड़ंत

पलामू, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। पलामू में एक 11 वर्षीय मानसिक रूप से कमजोर बच्ची के साथ बलात्कार और हत्या के मामले में लोगों का गुस्सा सड़कों पर उतर आया।

आरोपी टिंकू शर्मा के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर बीती रात सैकड़ों लोगों ने कैंडल मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने 'वी वांट जस्टिस' और 'बहन हम शर्मिंदा हैं, तेरा कातिल जिंदा है' के नारे लगाए।

कैंडल मार्च के दौरान कुछ युवा एमएमसीएच हॉस्पिटल की ओर बढ़ना चाह रहे थे, जहां आरोपी भर्ती है। इस दौरान प्रदर्शनकारियों को रोकने के क्रम में पुलिस और लोगों के बीच धक्का-मुक्की हुई।

घटना बुधवार की है, जब 35 वर्षीय आरोपी ने कांदु मुहल्ले में बच्ची के साथ बलात्कार किया और उसकी हत्या कर शव को घर में छिपा दिया।

स्थानीय लोगों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। टीओपी टू के प्रभारी अनिल कुमार सिंह को हटाने की मांग के बाद उन्हें पद से हटा दिया गया है।

प्रदर्शनकारी महिलाएं आरोपी को चौक पर फांसी देने और एनकाउंटर की मांग कर रही हैं। एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद और थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवव्रत पोद्दार बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। हालात को देखते हुए सदर सीओ अमरजीत बलहोत्रा भी दंडाधिकारी के रूप में मौके पर पहुंचे। पुलिस ने हॉस्पिटल में आरोपी की सुरक्षा बढ़ा दी है।

पिता ने की 24 साल के बेटे की हत्या

पलामू से आंध्र प्रदेश मजदूरी करने गए थे पिता-पुत्र, मर्डर के बाद आरोपी फरार

पलामू, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के नौरंगा गांव से मजदूरी करने आंध्र प्रदेश गए 24 वर्षीय विकेश राम की हत्या उसके पिता ने कर दी। शुक्रवार को काम के बाद पिता-पुत्र में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। गुस्से में पिता अर्जुन भुइयां ने बेटे के सीने में धारदार हथियार से वार कर दिया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने विकेश को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से आरोपी पिता फरार है। मृतक के साथ एक ही कमरे में गांव के पांच अन्य लोग भी रहते थे। साथ रहने वाले ग्रामीणों ने ही अपने गांव फोन कर पूरी घटना की जानकारी दी। पोस्टमॉर्टम के बाद शव को एंबुलेंस से गांव लाया जा रहा है। विकेश की पत्नी अनीता देवी ने बताया कि कुछ दिन पहले ही उनके पति ससुर के साथ विजयवाड़ा मजदूरी करने गए थे।

मृतक के परिजनों को मिला 50 लाख रुपए मुआवजा

बीएसएल में एक परिजन को नौकरी, धनबाद सांसद के हस्तक्षेप के बाद स्थिति सामान्य

बोकारो, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। बोकारो में विस्थापित आंदोलन के दौरान हुई प्रेम महतो की मौत मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने शनिवार को मृतक के परिवार को 25 लाख के बजाय 50 लाख रुपए का मुआवजा सौंपा। साथ ही परिवार के एक सदस्य को बोकारो स्टील प्लांट में अस्थायी नौकरी दी गई है। इस नौकरी को बाद में स्थायी किया जाएगा।

प्रेम महतो को शहीद का दर्जा देते हुए उनकी मूर्ति भी स्थापित की जाएगी। विस्थापितों के मुद्दे को स्थायी रूप से हल करने के लिए नई नीति बनाई जा रही है। बोकारो डीसी की अध्यक्षता में हर महीने की 15 तारीख को विस्थापितों और बोकारो प्लांट प्रबंधन के बीच समीक्षा बैठक होगी।

गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने इस घटना को दुखद बताया। वहीं, माले के पूर्व विधायक विनोद सिंह ने सीआईएसएफ पर धारा 302 के तहत मामला दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से विस्थापितों के लिए विशेष नीति बनाने की मांग की है।

क्षेत्र में तनाव को देखते हुए धारा 144 लागू किया गया है। बीजीएच में एसडीओ के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। धनबाद सांसद के हस्तक्षेप के बाद स्थिति सामान्य हो गई है।

8 अप्रैल से बदलेगा मौसम, पड़ेंगी बौछारें

9-10 अप्रैल तक कई जिलों में बारिश के आसार, 3 दिन 3-5 डिग्री तक चढ़ेगा पारा

रायपुर, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में अप्रैल महीने के दूसरे सप्ताह से फिर बारिश का दौर शुरू होने वाला है। मौसम विभाग के मुताबिक 8 अप्रैल से मौसम बदलने के आसार हैं। 9 और 10 अप्रैल के बीच कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। वहीं आज मौसम ड्राई रहेगा। अगले तीन दिन अधिकतम तापमान 3 से 5 डिग्री तक बढ़ सकता है। इस दौरान कहीं-कहीं बादल छाए रहेंगे, लेकिन बारिश नहीं होगी।

मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा के मुताबिक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम और एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है। इस वजह से फिर बारिश की स्थिति बन रही है। शुक्रवार को 37 डिग्री तापमान के साथ बेमेतरा सबसे गर्म रहा।

स्कूली बच्चों पर मधुमक्खियों का हमला

स्कूल की छत पर बनाया था छत्ता, 12 बच्चों को डंक मारा, एक रिम्स रेफर

लातेहार, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के सासंग उत्क्रमित मध्य विद्यालय में मधुमक्खियों के डंक मारने से एक दर्जन स्कूली बच्चे घायल हो गए। घटना सोमवार को हुई। स्कूल के दूसरे तल्ले पर मधुमक्खियों का छत्ता था। किसी ने छत्ते के पास छेड़छाड़ कर दी। इसके बाद मधुमक्खियों ने बच्चों पर हमला कर दिया।

अचानक हुए हमले से स्कूल में अफरातफरी मच गई। घायल बच्चों में अजय भुइयां, अमीश यादव, आकाश कुमार, आयुष कुमार, नाहिद रजा, कृति कुमारी, आशिका कुमारी, माही कुमारी, उत्तम कुमार, सोनी, पल्लवी और काजल शामिल हैं। सभी को एंबुलेंस से चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्रभारी डॉ नीलिमा कुमारी और डॉ. मनोज कुमार ने प्राथमिक इलाज किया। एक बच्चे उत्तम कुमार को रिम्स रेफर कर दिया गया है। शेष बच्चे को इलाज के बाद सभी बच्चों को छुट्टी दे दी गई। जबकि एक दर्जन से अधिक बच्चों को मधुमक्खी काटने के बाद बिना इलाज कराए ही घर चले गए। डॉक्टर ने बताया कि चिंता के कोई विषय नहीं है। प्राथमिक इलाज के बाद सभी बच्चे स्वस्थ है। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही शिक्षा विभाग के बीपीओ प्रतीक कुमार सिन्हा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। उन्होंने बच्चों से मुलाकात कर हालचाल जाना। उन्होंने बताया कि सभी बच्चे अब स्वस्थ हैं। घबराने की जरूरत नहीं है। जिले में स्थित सासंग उत्क्रमित मध्य विद्यालय में सोमवार को मधुमक्खियों ने बच्चों पर हमला कर दिया।

जशपुर में छात्रा पर नन बनने का दबाव

पीड़िता ने कहा-सिस्टर बोली हमारे समाज में आ जाओ मना करने पर परेशान किया, हॉस्टल से निकाला

जशपुर, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। जशपुर जिले के कुनकुरी में एक छात्रा ने कॉलेज पर गंभीर आरोप लगाए हैं। 21 साल की लड़की होली क्रॉस नर्सिंग कॉलेज की फाइनल ईयर की छात्रा है। उसका कहना है कि, प्रिंसिपल सिस्टर विंसी जोसेफ ने उस पर नन बनने का दबाव डाला। पीड़िता के मुताबिक, सिस्टर विंसी ने उसे विदेश में नौकरी और अच्छे वेतन का प्रलोभन भी दिया। मना करने पर प्रताड़ित कर एक साल पहले उसे छात्रावास से निकाल दिया गया। पीड़िता ने एसएसपी से शिकायत की है। वहीं, अब बजरंग दल के जिलाध्यक्ष विजय आदित्य सिंह जूदेव ने कॉलेज की मान्यता रद्द करने की मांग की है। उन्होंने मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। हालांकि प्रिंसिपल ने इन आरोपों निराधार बताया है।

पीड़िता ने क्या कहा- सिस्टर बुला कर बोलती थी कि नन बन जाओ, हमारे समाज में आ जाओ, अच्छा रहेगा। फालतू इधर-उधर लड़कों के साथ घूमना-फिरना बेकार है। मना करने के बाद वो मुझे परेशान करने लगी। उस वक्त प्रैक्टिकल फाइल में साइन लेना होता है, तो उसमें साइन भी नहीं थी कर रहीं थी। इस वजह से 1 अप्रैल 2024 को हॉस्टल से भी मुझे निकाल दिया गया। पीड़िता के पिता का कहना है कि, उनकी बेटी किसी भी स्थिति में सनातन धर्म नहीं छोड़ेगी। अगर बेटी अविवाहित रहने का भी फैसला करती है तो भी वह किसी सनातनी संस्था से जुड़ कर मानवता की सेवा करेगी। पीड़िता ने भी कहा कि, किसी भी स्थिति में ना तो सनातन धर्म को छोड़ेगी और ना ही परिवार को। उसकी पढ़ाई के लिए उसकी मां और भाईयों ने दिन-रात मेहनत की है। इसलिए वह परिवार का साथ किसी भी स्थिति में नहीं छोड़ेगी। हॉली क्रॉस नर्सिंग कॉलेज पर लगे मतांतरण के आरोप के बाद इस मामले ने तूल पकड़ लिया है। शुक्रवार को बजरंग दल के जिलाध्यक्ष विजय आदित्य सिंह जूदेव पीड़िता से मिलने कुनकुरी पहुंचे। यहां उन्होंने पीड़िता से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। आदित्य सिंह ने परिजनों से चर्चा कर आश्वस्त किया। कहा कि, किसी से डरने या दबाव में आने की जरूरत नहीं है। साथ ही मतांतरण के लिए शैक्षणिक संस्था और चिकित्सा संस्थाओं के दुरूपयोग करने पर जांच की मांग की गई। इस मामले में विवादित हॉली क्रॉस नर्सिंग कॉलेज की मान्यता रद्द कर ताला लगाने की मांग की है।

देवर ने भाभी के बॉयफ्रेंड का कुल्हाड़ी से काटा सिर

लाश को जंगल में गाड़ा, फिर निकालकर ड्रम में जलाया, हड्डियों को नदी में बहाया

जशपुर, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में देवर ने भाभी के बॉयफ्रेंड को मार डाला। आरोपी ने पहले कुल्हाड़ी से युवक का सिर काटकर धड़ अलग किया, फिर शव को ड्रम में डालकर जला दिया। पकड़े जाने के डर से हड्डियों को चूर-चूर कर नदी में बहा दिया। मामला कांसाबेल थाना क्षेत्र केमुड़ाटोली गांव का है।

मिली जानकारी के मुताबिक मृतक का नाम अनिरुद्ध दास है। वह सीतापुर थाना क्षेत्र के लिचिरमा गांव का रहने वाला था। केमुड़ाटोली गांव की महिला से अफेयर था, इसलिए वह अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए आया था, लेकिन महिला के देवर ने देख लिया। वारदात को 5 लोगों ने मिलकर अंजाम दिया।

दरअसल, ये वारदात 20 नवंबर की रात की है। श्याम पैकरा (30) की भाभी और प्रेमी अनिरुद्ध का अफेयर था। वह रात में मिलने के लिए मुड़ाटोली गांव आया था। इस दौरान श्याम ने अनिरुध्द को फोन पर बात करते देख लिया। उसे शक हुआ कि वह उसकी भाभी से ही बात कर रहा है।

इससे वह भड़क गया और अनिरुद्ध को मारने की साजिश रची। श्याम ने अपने दोस्त गोलू राज पैकरा (24) को फोन किया और तुरंत वहां बुलाया। गोलू के बाड़ी के पास पहुंचते ही श्याम ने अनिरुद्ध के साथ मारपीट शुरू कर दी।

इसी बीच श्याम के बुलाने पर प्रदीप और कुंदन भी वहां पहुंच गए। श्याम ने प्रदीप और कुंदन से अनिरुद्ध को पकड़ने के लिए कहा। दोनों ने अनिरुद्ध के हाथ को पकड़ लिया। इस पर गुस्से में आकर श्याम पत्थर से अनिरुद्ध के सिर को कुचल दिया।

हमले के बाद अनिरुद्ध वहीं गिर पड़ा। इससे गोलू डर गया और वह वहां से भाग गया। श्याम ने प्रदीप और कुंदन को वहीं रुकने के लिए कहा। श्याम थोड़ी देर बात घर से कुल्हाड़ी लेकर पहुंचा। श्याम ने अनिरुद्ध पर कुल्हाड़ी से हमला किया। सिर को धड़ से अलग कर दिया।

इसके बाद लाश को ठिकाने लगाने के लिए तिरपाल और रस्सी लेकर आया।

लाश को तिरपाल में लपेटकर स्कॉर्पियो में रखकर कोतबा के अंबा कछार के घने जंगल में दफनाया, फिर अंबा कछार से ढाई किलोमीटर दूर सिर को जमीन में गाड़ दिया और वहां से घर लौट आया।

बॉयफ्रेंड के चक्कर में 5 लड़कियों ने युवती को पीटा

चाकू लेकर घर में घुसी, बाथरूम से बाल पकड़कर घसीटा, कैश-गोल्ड चेन गायब

रायपुर, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। रायपुर में बॉयफ्रेंड के चक्कर में 6 लड़कियों ने मिलकर एक युवती को जमकर पीटा। बताया जा रहा है कि, जब वो बाथरूम में नहा रही थी, तब लड़कियां चाकू लेकर घर के अंदर घुसी।

बाथरूम के दरवाजे को लात मार कर खोला, फिर बाल पकड़ा और घसीट-घसीटकर पीटा। मामला खम्हारडीह थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक पीड़िता का नाम रहनुमा है, वह फैशन डिजाइनर है। भावना नगर में किराए के मकान में रहती है। मारपीट के दौरान से घर से कैश, सोने की अंगूठी और चेन भी गायब है।

एफआईआर के मुताबिक, रायपुर में उसकी 6 लड़कियों से पिछले 4 साल से दोस्ती थी। 3 अप्रैल को रहनुमा के पास कोमल का फोन आया। उसने कहा कि, वह उसके घर आ रही है। इसके बाद वह बाथरूम में नहाने चली गई।

इसी बीच शाम करीब 6 बजे मेन गेट से खटखटाने की आवाज आई। घर में एक दूसरी सहेली भी मौजूद थे, उसने दरवाजा खोला, तभी अलीशा, अलीशा एम, दिव्या, मंजू, कोमल और रानी घर के अंदर घुस गए। लड़कियां हाथी में चाकू भी रखी थी।

पीड़िता ने बताया कि, मारपीट के बाद उसके गले में पहनी सोने की चेन गिर गई। इसके अलावा 5 सोने की अंगूठी और घर से करीब 30 हजार कैश गायब है। आरोपी लड़कियों ने उसका आईफोन को भी जमीन पर पटककर तोड़ दिया। रहनुमा ने आरोपी लड़कियों के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, चर्चा है कि यह मारपीट बॉयफ्रेंड के चक्कर में हुई है। लड़कियों का आपस में किसी युवक को लेकर विवाद था। इनमें से एक लड़की का युवक से ब्रेकअप हो चुका है, लेकिन उसके बावजूद युवक की पर्सनल लाइफ में दखलअंदाजी को लेकर विवाद हुआ।

हालांकि, विवाद के पीछे की वजह लड़कियों का आपसी मनमुटाव बताया गया है। फिलहाल पुलिस सभी एंगल से जांच कर रही है। पुलिस जल्द मारपीट की असल वजह का खुलासा करेगी।

लूटपाट के दौरान फायरिंग

एक युवक के पेट में गोली मारी, दूसरे का सिर फोड़ा, बदमाश बाइक के साथ फरार

देवघर, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। देवघर एयरपोर्ट के खिजुरिया मोड़ के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने खिजुरिया गांव के दो लोगों पर हमला किया। बदमाशों ने मृत्युंजय सिंह को गोली मार दी और राजेश रंजन के सिर पर पिस्टल की बट से वार किया। हमले के बाद बदमाश राजेश का मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। भागते समय उनकी बाइक की चाबी घटनास्थल पर गिर गई। हालांकि, वे बिना चाबी के ही बाइक स्टार्ट करके भागने में कामयाब रहे। घायल मृत्युंजय और राजेश पहले गांव पहुंचे और लोगों को घटना की जानकारी दी। ग्रामीणों के साथ जब वे घटनास्थल पर लौटे, तब तक बदमाश जा चुके थे।

20,000 के पर्स में रखे 65 लाख के डायमंड-ज्वेलरी पार

शिवनाथ एक्सप्रेस के एसी कोच में चोरी, राजनांदगांव से दुर्ग के बीच वारदात

दुर्ग, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। गोंदिया से रायपुर जा रही शिवनाथ एक्सप्रेस के एसी कोच से 65 लाख की चोरी हुई है। एक बिजनेसमैन की पत्नी जिसने करीब 20 हजार रुपए कीमती पर्स रखा था उसे चोर उड़ा ले गए। पर्स में हीरे की चार अंगूठी सहित 65 लाख की ज्वेलरी और 45 हजार कैश थे। जीआरपी भिलाई-3 इस मामले की जांच कर रही है।

जीआरपी के मुताबिक महाराष्ट्र-गोंदिया के रहने वाले बिजनेसमैन दिनेश भाई पटेल की पत्नी हिना शिवनाथ एक्सप्रेस से रायपुर आ रही थीं। वो गोंदिया से ट्रेन पकड़ी और ए-1 कोच में सवार हुई थीं। राजनांदगांव से भिलाई-3 स्टेशन के बीच वारदात होने की आशंका है।

हिना ने जीआरपी को बताया

कि, जैसे ही ट्रेन 4 अप्रैल की सुबह 4-4.30 बजे करीब राजनांदगांव पहुंची तब उनकी आंख लग गई। आधे घंटे बाद 5 बजे दुर्ग से ट्रेन छूटने के बाद उन्होंने देखा कि उनका पर्स गायब है। उन्होंने काफी खोजबीन की, लेकिन जब पर्स नहीं मिला तो रायपुर रेलवे स्टेशन में उतरकर मामले की शिकायत दर्ज कराई।

महिला की शिकायत के आधार पर यह वारदात राजनांदगांव से भिलाई-3 रेलवे स्टेशन के बीच हुई है, इसलिए रायपुर में जीरो में अपराध दर्ज करने के बाद जीआरपी थाना भिलाई-3 में मामला दर्ज किया गया। शिकायत दर्ज करने के बाद रेलवे पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है।

महिला ने बताया कि उसके बैग में 35 लाख रुपए कीमत का एक हार, 25 लाख रुपए कीमत का दूसरा हार और लगभग 5 लाख रुपए कीमत की हीरे की चार अंगूठी सहित 65 लाख रुपए की ज्वेलरी रखी थी। इसके साथ ही पर्स में 45 हजार रुपए कैश और मोबाइल फोन भी रखा हुआ था।

ट्रम्प ने अमेरिका में टिकटॉक को बैन होने से फिर बचाया

75 दिन की और मोहलत दी

वाशिंगटन, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने टिकटॉक को अमेरिका में बैन से बचाने के लिए 75 दिन का और वक्त दिया है। यह सीमा 5 अप्रैल को खत्म हो रही थी। यह दूसरी बार है जब ट्रम्प ने टिकटॉक को अमेरिका में बैन से बचाने के लिए समय सीमा बढ़ाई है।

दरअसल, बाइडेन सरकार ने टिकटॉक को अमेरिका में बैन किए जाने का कानून बनाया था। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस पर मुहर लगाते हुए कहा कि टिकटॉक बैन तभी रुक सकता है, जब इसकी पेरेंट चीनी कंपनी 'बाइटडांस' इसे किसी अमेरिकी कंपनी को बेच दे। ट्रम्प प्रशासन टिकटॉक को अमेरिकी कंपनी के हाथों में लाने की डील पर काम कर रहा है, ताकि यह ऐप अमेरिका में चलता रहे। अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट, ब्लैकस्टोन, और कई कंपनियों ने टिकटॉक के अमेरिकी हिस्से को खरीदने में रुचि दिखाई है, हालांकि अभी कोई पक्की डील नहीं हुई। टिकटॉक पर प्रतिबंध की वजह चीनी कंपनी बाइटडांस से जुड़ी सुरक्षा चिंताएं हैं, जिसके चलते अमेरिका इसे नियंत्रित करना चाहता है।

ट्रम्प ने कहा- चीन का कदम गलत और घबराहट भरा

अमेरिकी टैरिफ के जवाब में बीजिंग ने भी लगाया 34% टैरिफ, 10 अप्रैल से होगा लागू

वॉशिंगटन, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन के 34% टैरिफ लगाने के फैसले को घबराहट भरा बताया है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए लिखा, चीन ने गलत कदम उठाया है। वे घबरा गए हैं। यह एक ऐसी चीज है जिसे वे बर्दाश्त नहीं कर सकते। चीन का जवाबी टैरिफ उन्हें बहुत भारी पड़ेगा।

इसके जवाब में चीन ने शुक्रवार को अमेरिका पर 34% जवाबी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। नया टैरिफ 10 अप्रैल से लागू होगा।

चीन सरकार ने एक बयान जारी कर कहा कि अमेरिका का यह कदम अंतरराष्ट्रीय ट्रेड नियमों का उल्लंघन करता है। इससे चीन के कानूनी अधिकार और हितों का नुकसान हो रहा है। यह साफ तौर पर एकतरफा दबाव डालने की कोशिश है।

जनवरी में सत्ता में लौटने के बाद से ट्रम्प ने अब तक चीन से आने वाले सभी इंपोर्ट्स पर दो बार 10% अतिरिक्त शुल्क लगाए हैं। व्हाइट हाउस का कहना है कि यह कदम अमेरिका में चीन से अवैध रूप से आने वाले फेंटेनाइल को रोकने के लिए जरूरी था। इसका मतलब यह है कि अब अमेरिका में आने वाले चीनी सामानों पर प्रभावी रूप से कुल 54% टैरिफ लागू हो गया है।

शुक्रवार को जवाबी टैरिफ का ऐलान करने के साथ चीन ने 11 अमेरिकी कंपनियों को उन कंपनियों की लिस्ट में डाल दिया है जिन पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। इनमें ड्रोन बनाने वाली कंपनियां भी शामिल हैं। इसके अलावा 16 अमेरिकी कंपनियों पर एक्सपोर्ट नियम लागू किए गए हैं, जिससे वे चीनी के दोहरे उपयोग वाले सामान का निर्यात न कर सकें। अर्थशास्त्री और 'द ग्लोबल ट्रेड पैराडाइम' के लेखक प्रो. अरुण कुमार के मुताबिक पहले और दूसरे नंबर की आर्थिक महाशक्ति अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वॉर दुनिया को आर्थिक मंदी में धकेल सकता है, लेकिन ट्रम्प के मनमाने टैरिफ

से चीन का पलड़ा भारी रहने वाला है। कई देश अब ट्रेड के लिए चीन की ओर रुख कर सकते हैं।

34% टैरिफ से चीन के निर्यात, विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी और उपभोक्ता सामान, में बड़ी गिरावट आ सकती है। इससे चीनी अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ेगा। चीन को नए बाजार तलाशने होंगे। अमेरिका पर टैरिफ लगाने से चीनी घरेलू उद्योगों को भी कुछ राहत मिल सकती है, क्योंकि अमेरिकी सामान महंगे होने से स्थानीय उत्पादों की मांग बढ़ सकती है।

इससे पहले कनाडा ने गुरुवार को अमेरिकी कारों पर 25% टैरिफ का ऐलान किया है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अमेरिका में अपने सभी निवेश रोक दिए हैं। मैक्रों ने कहा, ट्रम्प को यूरोपीय यूनियन के ऊपर लगाए 20% टैरिफ को वापस लेना होगा।

ट्रम्प के जैसे को तैसा टैरिफ की घोषणा के बाद भारत की ओर से पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया आई है। भारत के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा है कि वह 26% टैरिफ के प्रभाव का आकलन कर रहा है। एक अधिकारी ने कहा कि इस टैरिफ का कुछ क्षेत्रों पर असर होगा, लेकिन भारत की इकोनॉमी इसे झेल सकती है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक एक अधिकारी ने बताया कि ट्रम्प प्रशासन में ऐसे प्रावधान हैं कि अगर भारत अमेरिका की चिंताओं को दूर करता है, तो टैरिफ में कुछ छूट मिल सकती है। भारत इस दिशा में कदम उठाने पर विचार कर रहा है।

सिंधु नदी पर छह नई नहरों के निर्माण को मंजूरी के खिलाफ जेएसएम का प्रदर्शन

राष्ट्रीय राजमार्ग रोके

कराची, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। जेएसएम के अध्यक्ष रियाज अली चंदियो ने नौशेरो फिरोज जिले के मोरो में राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक विरोध रैली का नेतृत्व किया। इस दौरान रियाज अली ने कहा कि उन्होंने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) द्वारा फैलाए जा रहे दुष्प्रचार को बेअसर करने के लिए विरोध प्रदर्शन शुरू किए हैं, जिसके लिए 4 अप्रैल को चुना गया। उन्होंने कहा, 'जब तक सरकार इन सभी विवादास्पद परियोजनाओं को रद्द करने की अधिसूचना जारी नहीं करती, तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।'

नई नहरों का उद्देश्य सिंध से पानी-जमीन छीनना

रियाज चंदियो ने कहा कि ग्रीन पाकिस्तान इनिशिएटिव और नई नहरों का उद्देश्य सिंध से पानी और जमीन छीनना है। उन्होंने इसे 'सिंध की पूरी आबादी की आर्थिक हत्या' बताया, जो कृषि पर निर्भर है। उन्होंने पीपीपी पर आरोप लगाया कि वे प्रांत में दिखावटी विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि नई नहरों के निर्माण को अपनी मंजूरी दे दी है।

जय सिंध कौमी महाज (जेएसक्यूएम) के नेता नियाज कलानी ने कहा कि शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन में भाग लेने वाले लोगों को जबरन गायब किया जा रहा है। उन पर एफआईआर की जा रही हैं, जिसके लिए नियाज ने सरकार की निंदा की। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विरोध प्रदर्शन को कमजोर करने के लिए रणनीति अपनाई जा रही है। हालांकि, विरोध प्रदर्शन और मजबूत होते जा रहे हैं।

इस बीच, सिंध तरकी पसंद पार्टी ने भी विरोध प्रदर्शन को समर्थन दिया है। पार्टी अध्यक्ष कादिर मैगसी ने कहा कि उनकी पार्टी 10 अप्रैल को प्रांत में राजमार्गों पर धरना शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि राजमार्गों पर हर दिन अलग-अलग स्थानों पर धरना आयोजित किया जाएगा। मैगसी ने कहा, 'नहरों और कॉरपोरेट खेती के खिलाफ चल रहे विरोध प्रदर्शन एक ऐसे आंदोलन में बदल गए हैं जो रुकने वाला नहीं है।'

जापान की 2011 की सुनामी से तीन गुना ज्यादा तबाही

रयो तत्सुकी की भविष्यवाणी ने डराया, इस साल जुलाई में महाविनाश!

टोक्यो, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। जापान की पूर्व आर्टिस्ट और भविष्यवक्ता रयो तत्सुकी इन दिनों चर्चा में है। रयो को उनकी सटीक भविष्यवाणियां करने के लिए पहले ही पहचान मिल चुकी है। रयो की हालिया चर्चा की वजह ये है कि उन्होंने इस साल एक बड़ी तबाही की भविष्यवाणी की है। जापान की बाब वेंगा कही जाने वाली रयो के बारे में दावा है कि 1980 के दशक से उन्हें दुनिया में होने वाली आपदाओं के सपने आ रहे थे। इनको उन्होंने एक डायरी में दर्ज कर दिया। साल 1999 में 'द फ्यूचर आई सॉ' नाम से इसे प्रकाशित किया गया। इसे उनकी भविष्यवाणियों की किताब कहा सकता है। इस किताब मेंदर्ज उनकी कई भविष्यवाणियां सच होने का दावा किया जाता है।

रयो ने 'द फ्यूचर आई सॉ' में इस साल जुलाई में जापान और आसपास के देशों में एक बड़ी सुनामी आने और इससे भारी तबाही होने की चेतावनी दी है। उनका कहना है कि जापान के दक्षिण में समुद्र उबल रहा है और वहां बड़े बुलबुले उठ रहे हैं। यह पानी के नीचे ज्वालामुखी फटने का संकेत हो सकता है। रयो की मानें तो इस साल आने वाली ये सुनामी बेहद भयावह होगी। ये 13 साल पहले 2011 मेंआई सुनामी से तीन गुना बड़ी सुनामी होगी।

रयो तत्सुकी पहले कॉमिक्स बनाती थीं लेकिन बाद में अपनी भविष्यवाणियों के लिए उनको दुनियाभर में पहचान मिली। उनकी भविष्यवाणियां लोगों को हैरान भी करती हैं और डराती भी हैं। पहले भी तत्सुकी के कई सपने सच हो चुके हैं। इसलिए लोग उनकी नई चेतावनी को गंभीरता से ले रहे हैं। नोस्ट्रैडमस और बाबा वेंगा जैसे कई भविष्यवक्ताओं की लिस्ट में अब रयो तातसुकी का नाम जुड़ गया है। साल 1991 में रयो ने क्वीन के गायक फ्रेडी मर्करी के बारे में बुरा सपना देखा था। कुछ महीनों बाद उनकी बीमार होकर मौत हो गई। 1995 में उन्होंने कोबे, जापान में एक बड़े भूकंप की भविष्यवाणी की थी।

अफगानिस्तान में 140 साल का शख्स!

अकील का दुनिया में सबसे बुजुर्ग होने का दावा तालिबान ने शुरू की जांच

काबुल, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। अफगानिस्तान के रहने वाले एक बुजुर्ग ने अपनी उम्र को लेकर बड़ा दावा किया है। अकील नजीर नाम के शख्स का कहना है कि उनकी उम्र 140 साल हो चुकी है। इस पर अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने कहा है कि वह अकील के उम्र के दावे की जांच कर रही है। अकील का अपनी उम्र को लेकर दावा अगर सच साबित होता है, तो वह धरती पर सबसे लंबे समय तक जीने वाले इंसान बन जाएंगे। दुनिया में आज तक किसी इंसान की उम्र 140 साल की नहीं हुई है। अकील अफगानिस्तान के खोस्त प्रांत के रहने वाले हैं।

हूतियों पर कहर बरपा रहे बी-2 परमाणु बॉम्बर

भारत के पड़ोस में अमेरिकी अड्डा बना लॉन्चिंग बेस

सना, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी सेना ने यमन के ईरान समर्थित हूती चरमपंथियों के खिलाफ महाशक्तिशाली बी-2 स्पिरिट स्टील्थ बमवर्षक का इस्तेमाल किया है। डिफेंस मीडिया वेबसाइट द वॉर जोन (टीडब्ल्यूजड) ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से यह जानकारी दी है। परमाणु हमला करने में सक्षम ये बमवर्षक दुनिया का सबसे खतरनाक स्टील्थ बॉम्बर है, जिसे हाल ही में हिंद महासागर के डिएगो गार्सिया में मौजूद अमेरिकी अड्डे पर तैनात गया है। अमेरिकी सेना ने 15 मार्च को लड़ाकू जेट और मिसाइल हमलों के साथ यमन में हूतियों के खिलाफ बड़ा अभियान शुरू किया है और उनके ठिकानों पर 200 से ज्यादा हमले किए हैं।

अमेरिकी अधिकारी ने अब बताया है कि यमन में बी-2 स्पिरिट बॉम्बर्स का इस्तेमाल किया गया है। हालांकि, उन्होंने यह बताने से इनकार कर दिया कि कितने विमानों और कब इस्तेमाल

किया गया। पिछले हफ्ते डिएगो गार्सिया में बी-2 स्पिरिट बमवर्षकों और सहायक टुकड़ियों की बड़ी तैनाती के बारे में जानकारी सामने आई थी। सैटेलाइट तस्वीरों के हवाले से टीडब्ल्यूजड ने सुदूर द्वीप पर कम से कम छह बी-2 और छह केसी-135 विमान दिखाई देने की जानकारी दी थी।

अमेरिकी वायु सेना के पास कुल मिलाकर केवल 20 स्टील्थ बॉम्बर हैं, जिसका अर्थ है कि पूरे बेड़े का 30 प्रतिशत अब हिंद महासागर में तैनात है। बी-2 बेड़े की बड़ी संख्या ये बताती है कि वायु सेना इनका इस्तेमाल महत्वपूर्ण मिशन के लिए कर रही है। परमाणु हमला करने के अलावा बी-2 स्पिरिट अमेरिकी वायुसेना का इकलौता विमान है, जो 30000 पाउंड के जीबीयू-57/बी मैसिव आर्डनेंस पेनेट्रेटर (एमओपी) बंकर बस्टर बमों को संचालित कर सकता है। हूतियों के पास भूमिगत सुविधाओं का व्यापक नेटवर्क है, जिस पर हमला करने के लिए एमओपी की जरूरत हो सकती है। हालांकि, यह अभी पता नहीं कि क्या एमओपी को हूतियों के खिलाफ तैनात किया गया है या नहीं। यमन के हूती चरमपंथी लाल सागर के व्यापारिक मार्ग के लिए बड़ा खतरा बन चुके हैं। हूतियों ने लाल सागर से गुजरने वाले जहाजों पर हमले किए हैं, जिससे व्यापार मार्ग पर असर पड़ा है। हूतियों के खतरे को खत्म करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले महीने नए अभियान की घोषणा की थी।

अमेरिकी अभियान के बावजूद हूती चरमपंथी झुकने के संकेत नहीं दे रहे हैं। इस बीच उन्होंने इजरायल पर भी हमला तेज किया है। हूतियों ने इस दौरान और इसके पहले कई एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को मार गिराने में कामयाबी हासिल की है।

ताइवान की सीमा पर चीनी लड़ाकू विमानों का जमावड़ा

वायु सीमा का किया उल्लंघन, यूएस ने दी चेतावनी

ताइपे, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। चीन और ताइवान के बीच लगातार टकराव बढ़ता जा रहा है। चीन के लड़ाकू विमान लगातार ताइवन की सीमा में घुसकर नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। इसी बीच ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया है कि शुक्रवार सुबह 6 बजे चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के 12 विमान और पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी के 6 पोतों की गतिविधि ताइवान के आसपास दर्ज की हैं। ताइवान का दावा है कि इन 12 विमानों में से 9 ने ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार किया और ताइवान के दक्षिण-पश्चिमी और पूर्वी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में प्रवेश किया।

ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने एक पोस्ट में लिखा, पीएलए के 12 विमान और चीन नेवी के 6 पोत



ताइवान के आसपास सक्रिय पाए गए हैं। इनमें से 9 विमानों ने मध्य रेखा पार कर ताइवान के दक्षिण-पश्चिम और पूर्वी पूर्वी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में प्रवेश किया। हमने स्थिति की निगरानी की और उचित प्रतिक्रिया दी। इससे पहले शुक्रवार को ही ताइवान ने पीएलए के 16 विमानों, 9 नेवी पोतों और 2 आधिकारिक जहाजों की गतिविधि दर्ज की थी। उन 16 विमानों में से 15 ने मध्य रेखा पार कर ताइवान के उत्तरी और दक्षिण-पश्चिमी पूर्वी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में प्रवेश किया था। इससे पहले, ताइपे टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका और यूरोपीय संघ ने ताइवान के आसपास चीन की सेना द्वारा हाल ही में किए गए संयुक्त अभ्यास के बाद ताइवान जलडमरूमध्य में यथास्थिति में किसी भी एकतरफा बदलाव के प्रति अपनी अस्वीकृति दोहराई है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट को ताइपे टाइम्स से बातचीत में कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ताइवान जलडमरूमध्य में शांति बनाए रखने के महत्व को रेखांकित करते हैं और बल या दबाव के जरिए यथास्थिति में किसी भी एकतरफा बदलाव के प्रयास का विरोध किया है। अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने सेंट्रल न्यूज एजेंसी को बताया कि चीन की टकरावपूर्ण सैन्य कार्रवाइयां और बयानबाजी केवल तनाव को बढ़ाती हैं और क्षेत्र की सुरक्षा के साथ-साथ वैश्विक समृद्धि को भी खतरे में डालती हैं।

अमेरिका से चीन जा रही फ्लाइट का पायलट भूला पासपोर्ट

प्रशांत महासागर से लौटा वापस

हांगकांग/न्यूयॉर्क, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका के लॉस एंजिलिस के चीन के शंघाई जा रही फ्लाइट का एक पायलट अपना पासपोर्ट भूल गया। इस कारण दो घंटे उड़ान पूरी करने के बाद फ्लाइट को वापस सैन फ्रांसिस्को हवाई अड्डे पर लौटना पड़ा। इस घटना से यूनाइटेड एयरलाइंस की किरकिरी हो रही है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, यूनाइटेड एयरलाइंस का बोइंग 787 जेटलाइनर 22 मार्च को दोपहर करीब दो बजे लॉस एंजिलिस हवाई अड्डे से उड़ा था। इस विमान में 257 यात्री और 13 क्रू मेंबस सवार थे। जब यह विमान प्रशांत महासागर के ऊपर उत्तर-पश्चिम की ओर पहुंचा तो पायलटों में से एक को अपने पासपोर्ट की याद आई।

कनाडा की राजधानी के पास भारतीय नागरिक की दिनदहाड़े चाकू मारकर हत्या

एक संदिग्ध गिरफ्तार

ओटावा, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। कनाडा के ओटावा शहर के पास एक भारतीय नागरिक की शुक्रवार को चाकू मारकर हत्या कर दी गई। कनाडा की राजधानी ओटावा में स्थित भारतीय दूतावास ने शनिवार सुबह इस बारे में जानकारी दी है।

दूतावास ने घटना पर दुख जताते हुए बताया है कि मामले में पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में ले लिया है। भारतीय उच्चायोग ने बताया कि यह घटना रॉकलैंड इलाके में हुई। मारे गए व्यक्ति के संबंध में कोई जानकारी अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। पुलिस गिरफ्तार संदिग्ध से पूछताछ कर रही है।

भारतीय दूतावास ने शनिवार सुबह एक्स पर एक पोस्ट करते हुए लिखा, 'हमें ओटावा के पास रॉकलैंड में एक भारतीय नागरिक की चाकू मारकर हत्या की जानकारी मिली है। इस दुखद घटना से हमें गहरा दुख हुआ है। हम पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता देने के लिए एक स्थानीय संगठन के जरिए उनके साथ संपर्क में हैं। ये घटना क्यों हुई और इसके पीछे क्या मकसद था। इस पर भी अभी जानकारी नहीं मिल सकी है।

ओंटारियो प्रांतीय पुलिस (ओपीपी) ने बताया है कि शुक्रवार को दोपहर करीब तीन बजे रॉकलैंड में लालोंडे स्ट्रीट के पास गोलीबारी की घटना हुई। यह जगह ओटावा शहर से करीब 40 किलोमीटर पूर्व में है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात को संभाला और एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। हालांकि पुलिस ने अभी तक यह नहीं बताया है कि हिरासत में लिए गए व्यक्ति पर क्या आरोप लगाए गए हैं।

ओपीपी ने कहा कि चूंकि हम जांच के शुरुआती चरण में हैं, इसलिए कोई और जानकारी नहीं दी जा सकती। पुलिस ने साफ किया है कि स्थिति काबू में है और सार्वजनिक सुरक्षा को लेकर कोई चिंता नहीं है। ये घटना ऐसे समय हुई है, जब कनाडा में भारतीय नागरिकों पर हमले की घटनाएं बढ़ रही हैं। कनाडा में रहने वाले भारतीयों ने घटना को लेकर सोशल मीडिया पर गुस्सा निकाला है।

अंडमान में दुनिया की सबसे खतरनाक जनजाति को खत्म कर सकती है कोकाकोला की एक बोतल

अमेरिकी पर्यटक छोड़ आया मौत का सामान

पोर्ट ब्लेयर, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के अंडमान और निकोबार द्वीप समूह से अमेरिकी पर्यटक की गिरफ्तारी के बाद दुनिया की सबसे खतरनाक जनजाति पर खतरे को लेकर आशंकाएं बढ़ गई हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि आशंका है कि इस जनजाति के पास एक कोकाकोला की बोतल है जो पकड़ा गया अमेरिकी उनके द्वीप पर छोड़ गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि कोकाकोला इस जनजाति के अस्तित्व के लिए खतरा बन सकता है। अंडमान के उत्तरी सेंटिनल द्वीप पर रहने वाली सेंटिलन जनजाति का बाहरी दुनिया से कोई संपर्क नहीं है। सेंटिनल लोग किसी भी बाहरी

शख्स से मिलना पसंद नहीं करते हैं। साल 2018 में एक अमेरिकी मिशनरी ने यहां पर जाने की कोशिश की थी, जिसे द्वीपवासियों ने मार दिया था। अब एक अमेरिकी यूट्यूबर ने इस द्वीप की यात्रा करके सभी को चौंका दिया है। अंडमान के अधिकारियों ने मिखाइलो विक्टरोविच पोल्याकोव नाम के अमेरिकी नागरिक को गिरफ्तार किया है। 24 साल के विक्टरोविच ने हाल ही में उत्तरी सेंटिनल द्वीप की यात्रा की थी। इस दौरान उन्होंने सेंटिनलीज जनजाति के लोगों को नारियल और कोक देने की कोशिश की थी। रिपोर्ट के अनुसार, विक्टरोविच एक मोटर बोट के जरिए इस द्वीप पर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने शोर मचाकर द्वीपवासियों को बुलाने की कोशिश की। किसी के न आने पर वह द्वीप पर उतरे और वहां पर नारियल और कोक छोड़कर वापस आ गए। ब्रिटिश मीडिया आउटलेट द सन ने पुलिस सूत्रों के हवाले से बताया है कि कोक का कैन अभी तक बरामद नहीं हुआ है। इसके जल्द बरामद किए जाने की संभावना भी नहीं है, क्योंकि इस द्वीप पर पुलिस का जाना भी प्रतिबंधित है। सेंटिनल जनजाति का बाहरी दुनिया से संपर्क नहीं है, ऐसे में आम बीमारियों के प्रति प्रतिरोधक क्षमता की कमी के चलते बाहरी लोगों से मिलना बेहद खतरनाक हो सकता है।

राफेल फाइटर जेट को जबरदस्त दोहरा झटका

साब ग्रिपेन ने फ्रांसीसी विमान को किया चित, भारत खरीदेगा स्वीडन का ताकतवर जेट?

बोगोटा, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। फ्रांसीसी राफेल फाइटर जेट को दक्षिणी अमेरिकी देश कोलंबिया में बहुत बड़ा झटका लगा है। कोलंबिया ने घोषणा की है कि वो अपने पुराने हो चुके इजरायली फाइटर जेट्स की जगह साब ग्रिपेन लड़ाकू विमानों को अपने बेड़े में शामिल करेगा। कोलंबिया, अब ब्राजील के बाद दूसरा दक्षिण अमेरिकी देश बन गया है, जिसने फ्रांसीसी राफेल फाइटर जेट की जगह साब ग्रिबेन को चुनने का फैसला किया है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने 2 अप्रैल को सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक बयान में इसकी पुष्टि की है। उन्होंने एसएएबी ग्रीपेन-ई/एफ लड़ाकू विमान को चुनने की घोषणा की और कहा कि देश ने स्वीडिश सरकार के साथ एक आशय पत्र

(एलओआई) पर हस्ताक्षर कर लिए हैं। कोलंबिया के राष्ट्रपति की ये घोषणा उस वक्त आई है जब देश के रक्षा मंत्री पेड्रो सांचेज ने एक इंटरव्यू में कहा था कि देश बहुत जल्द नये फाइटर जेट्स के खरीदने की घोषणा करने वाला है। उन्होंने देश के सामने कई विकल्प बताए थे, जिनमें एफ-16, स्वीडिश ग्रिपेन और फ्रांसीसी राफेल शामिल थे। हालांकि उस वक्त उन्होंने नहीं बताया था कि देश कितने विमान खरीदना चाहता है, लेकिन 2023 में उन्होंने संकेत दिया था कि 16 विमानों को खरीदने का इरादा है। जिसके लिए 3.65 बिलियन डॉलर का बजट आवंटित किया गया था। कोलंबियाई वायु सेना के पास फिलहाल 20 से भी कम पुराने इजरायली फाइटर जेट्स बचे हैं। लिहाजा खतरों को काउंटर करने की उनकी क्षमता में काफी कमी आ गई है। कोलंबिया के सामने एफएआरसी, ईएलएन और क्लान डेल गोल्फो जैसे खतरनाक गिरोहों का खतरा है।

इसके अलावा देश का वेनेजुएला के साथ भी तनावपूर्ण रिश्ता रहता है, जिसके साथ वो लंबी सीमा शेयर करता है। पूर्व कोलंबियाई रक्षा मंत्री इवान वेलास्केज ने 2023 की शुरुआत में खुलासा किया कि 2022 में साब और डसॉल्ट के साथ एक अत्याधुनिक लड़ाकू विमान खरीदने के लिए बातचीत शुरू की गई थी, लेकिन वो बातचीत नाकाम हो गई थी।

'राइजिंग राजस्थान' को लेकर भिड़े कांग्रेस और भाजपा के दिग्गज नेता

जयपुर, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म अब सियासी योद्धाओं के लिए युद्ध के मैदान बन गए हैं। एक नेता अगर अपनी बात सोशल मीडिया के जरिए सबके सामने रखता है तो दूसरे नेता तुरंत पलटवार के लिए तैयार रहते हैं। आरोप प्रत्यारोपों का दौर भी सोशल मीडिया पर सुर्खियों में आ जाते हैं। भाजपा और कांग्रेस के दिग्गज नेता पिछले दो दिन से सोशल मीडिया पर आपसी बहस में उलझे हुए हैं। 'राइजिंग राजस्थान' को लेकर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सरकार पर सवाल उठाए तो पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ को उनकी बात अखर गई। राठौड़ ने पलटवार किया तो जूली भी कहां पीछे रहने वाले। जूली ने भी जवाब दे दिया। इसके बाद आरोप प्रत्यारोपों का दौर दो दिन तक चला। राइजिंग राजस्थान पर जूली ने उठाए सवाल नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने गुरुवार 3 अप्रैल की दोपहर को एक ट्वीट किया। इस ट्वीट में उन्होंने 'राइजिंग राजस्थान' पर सवाल उठाते हुए अखबारों में छपी कई खबरों की कटिंग को मर्ज करते हुए पोस्ट लगाई। ये खबरें 'राइजिंग राजस्थान' में निवेश के लिए आ रही परेशानियों से जुड़ी हुई थी। इस पोस्ट के साथ जूली ने लिखा कि 'तराजू नहीं है इनके पास, मेरा सच तोलने को। सवाल उठा रहे हैं वो, जो खुद आदतन हैं झूठ बोलने को।' जूली ने कहा कि जब वे 'राइजिंग राजस्थान' पर सवाल उठा रहे थे, तब सत्ता पक्ष के सदस्य और बीजेपी के नेता सरकार के साथ खड़े होकर जवाब दे रहे थे। अब तो मीडिया में छपी खबरों पर तो विश्वास कर लो।

राजेंद्र राठौड़ को चुभा जूली का तंज

टीकाराम जूली ने अपनी पोस्ट में राजेंद्र राठौड़ का हैशटैग जोड़ा था। ऐसे में उनका यह तंज राठौड़ को चुभ गया। गुरुवार 3 अप्रैल की शाम को राजेद्र राठौड़ ने लंबी चौड़ी पोस्ट लिखते हुए जूली को जवाब दिया। राठौड़ ने कई आंकड़े भी पेश करते हुए पूर्ववर्ती सरकार के समय हुए एमओयूज की याद दिला दी। राठौड़ ने कहा कि जूली जी आपने तर्क संगत सवाल नहीं उठाए। सिर्फ हवा में बातें उछालने से सच्चाई नहीं बदलती। उन्होंने शायराना अंदाज में लिखा कि 'तराजू को हाथ में लेकर खुद बेकसूर बन बैठे, पर इतिहास उठाकर देख लो कितने कसूर कर बैठे।'

जूली ने फिर किया पलटवार

पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के जवाब पर टीकाराम जूली ने फिर पलटवार कर दिया। उन्होंने ट्वीट करते हुए अखबारों में प्रकाशित खबरों का हवाला दिया। यह भी आरोप लगाया कि राज्य सरकार 1.56 लाख करोड़ रुपए का कर्ज लेने वाली है। इससे हर राजस्थानी पर कर्ज का बोझ और ज्यादा बढेगा। जूली ने अपने ट्विटर अकाउंट पर लिखा कि 'झूठ कहने लगा, सच से बचने लगा, हौंसले मिट गए, तजरबा रह गया।'

दूसरे दिन भी जारी रहा वार पलटवार का दौर

गुरुवार 3 अप्रैल से शुरू हुआ वार पलटवार शुक्रवार 4 अप्रैल को भी जारी रहा। पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने एक बार फिर से नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को जवाब दिया। राठौड़ ने लिखा कि 'जो सच के सिपाही थे, वो डटते रहेंगे, झूठ के सौदागर ही पलटते रहेंगे।' राठौड़ ने जूली को इस बात का धन्यवाद दिया कि वे आंकड़ों का अध्ययन कर रहे हैं। इसके बाद राठौड़ ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कुछ आंकड़े गिनाते हुए कांग्रेस को घेरने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि कर्ज तो राज्य सरकार को कांग्रेस की नीतियों के कारण विरासत में मिला है। अगर कांग्रेस सरकार कर्ज कम करती तो उसे बोलने का हक मिलता। जो खुद कर्ज का बोझ बढ़ाकर गए, उन्हें आरोप लगाने का हक ही नहीं है।

10वीं-12वीं बोर्ड में फेल होने पर भी नहीं रुकेगी पढ़ाई

'ऑन डिमांड एग्जाम' शुरू करने की तैयारी, मिलेंगे 4 मौके पास सब्जेक्ट की नहीं देनी पड़ेगी परीक्षा

जयपुर, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान में 10वीं और 12वीं बोर्ड में फेल होने के बावजूद स्टूडेंट्स का पूरा साल खराब नहीं होगा। फेल होने वाले स्टूडेंट्स के लिए शिक्षा विभाग 'ऑन डिमांड एग्जाम कॉन्सेप्ट' लागू करने जा रहा है। इस कॉन्सेप्ट के तहत बोर्ड परीक्षाओं में फेल होने वाले स्टूडेंट्स को कुछ ही दिनों में फिर से एग्जाम देने का मौका मिलेगा। इसका रिजल्ट भी तुरंत जारी होगा। जिसमें पास होने पर उसी साल अगली क्लास में एडमिशन ले पाएंगे।

सीएम स्तर पर मंजूरी, स्टेट ओपन स्कूल कर रहा गाइडलाइन की तैयारी

दरअसल, बोर्ड एग्जाम में फेल होने वाले स्टूडेंट्स को फिर से मौका देने के लिए मुख्यमंत्री स्तर पर मंजूरी मिल गई है। शिक्षा विभाग ने एक जुलाई से 'ऑन डिमांड एग्जाम' शुरू करने का ऐलान कर दिया है। इसके लिए राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल पूरी गाइडलाइन तैयार कर रहा है। माना जा रहा है कि अगले एक सप्ताह में गाइडलाइन पूरी तरह तैयार हो जाएगी। फेल होने वाले स्टूडेंट के फिर से एग्जाम लिए जाएंगे। राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल और अन्य मान्यता प्राप्त 75 बोर्ड के फेल हुए छात्र इन परीक्षाओं में शामिल हो सकेंगे।

कम से कम 10 स्टूडेंट होना जरूरी

'ऑन डिमांड एग्जाम' कॉन्सेप्ट केवल बोर्ड (10वीं और 12वीं) एग्जाम में फेल होने वाले स्टूडेंट्स के लिए है। देशभर के 75 बोर्ड के स्टूडेंट इसमें शामिल हो सकते हैं। लेकिन शर्त है कि स्टेट ओपन बोर्ड यह एग्जाम तभी आयोजित करवाएगा जब एक सब्जेक्ट के कम से कम 10 स्टूडेंट होंगे।

केवल 3 शहरों में बनाए जाएंगे परीक्षा केंद्र

राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल की सचिव डॉ. अरूणा शर्मा ने बताया कि इन परीक्षाओं के केन्द्र प्रदेश के 3 शहरों में बनाए जाएंगे। इनमें राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल जयपुर, माध्यमिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर और राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान उदयपुर शामिल है। तीनों सेंटर पर एक दिन में एक सब्जेक्ट के अधिकतम 50 छात्र परीक्षा दे सकेंगे। मान लीजिए 10वीं विज्ञान में फिर से एग्जाम के लिए 100 बच्चों ने आवेदन किया है। ऐसे में बोर्ड एक दिन में 50 बच्चों की परीक्षा करवाएगा।

भर्ती परीक्षाओं की समीक्षा बैठक में सीएम ने की घोषणा

अब हर तीन महीने में लगेगा रोजगार मेला

जयपुर, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित भर्ती परीक्षाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि युवाओं को रोजगार प्रदान करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार का उद्देश्य है कि हर पात्र युवा को समय पर और पारदर्शी तरीके से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएं।

मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि राज्य सरकार ने अपने अब तक के करीब सवा साल के कार्यकाल में पांच रोजगार मेलों का सफल आयोजन किया है, जिनके माध्यम से 67 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्तियां दी जा चुकी हैं। उन्होंने घोषणा की कि आगामी समय में हर तीन महीने में रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकें।

श्री शर्मा ने बताया कि वर्तमान में राज्य के विभिन्न विभागों में 1 लाख 88 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रियाएं चल रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन भर्तियों को शीघ्रता से पूर्ण करने के लिए आवश्यक संसाधन और कार्मिकों की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि न्यायालयों में लंबित करीब 9,800 पदों पर भर्तियों की प्रक्रिया को प्रभावी पैरवी के माध्यम से आगे बढ़ाया गया है और शेष लंबित मामलों का भी शीघ्र निस्तारण किया जाएगा। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि आगामी वर्षों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए मानव संसाधन की योजना तैयार की जाए और भर्ती प्रक्रियाओं को समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि एक जैसे पदों के लिए अलग-अलग विभागों में आयोजित होने वाली परीक्षाओं को एकरूप किया जा सकता है, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी। मुख्यमंत्री ने नवगठित जिलों में नए पदों के सृजन और शीघ्र नियुक्तियों के निर्देश भी दिए। साथ ही बड़ी भर्ती परीक्षाओं में परीक्षा केंद्रों की कमी को देखते हुए अनुपयोगी कॉलेज भवनों को परीक्षा केंद्रों के रूप में उपयोग में लेने का सुझाव भी दिया।

महामंदिर थाना पुलिस ने देशी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया

जोधपुर, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। पुलिस कमिश्नरेट जोधपुर की महामंदिर थाना पुलिस ने अवैध हथियार रखने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा बरामद किया है। पकड़ा गया युवक आपराधिक प्रवृत्ति का है और उसके खिलाफ पहले से ही कई मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि वह ये अवैध हथियार कहां से लाया और इसके पीछे उसका उद्देश्य क्या था।

पुलिस कमिश्नर राजेंद्र सिंह के निर्देशानुसार शहर में अवैध हथियारों के जरिये आमजन में भय फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में महामंदिर थाना क्षेत्र में थाना अधिकारी देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया, जो अवैध हथियार रखने वालों पर नजर बनाए हुए थी।

धौलपुर कलेक्टर को कॉलर पकड़कर खींचा, धक्का-मुक्की

> कांग्रेस एमएलए के घर के सामने समर्थकों में फंसे > बॉडीगार्ड ने रिवॉल्वर निकाली

धौलपुर, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। धौलपुर में जिला कलेक्टर के साथ धक्का-मुक्की और उनकी कॉलर पकड़ने का मामला गर्माने लगा है। आरोप कांग्रेस विधायक के चाचा और उनके समर्थकों पर हैं। दरअसल, आईएएस श्रीनिधि बीटी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर रहे थे। इस दौरान एमएलए रोहित बोहरा के घर के बाहर उनका विवाद हो गया। मामला बढ़ता देख कलेक्टर के बॉडीगार्ड ने उन्हें भीड़ में से खींच लिया। उसने भीड़ को हटाने के लिए रिवॉल्वर से हवाई फायर की भी तैयारी कर ली थी। घटना शुक्रवार रात करीब 8 बजे डाकखाना चौराहे की है। इस घटना का वीडियो शनिवार (5 अप्रैल) को सामने आया है।

धौलपुर शहर में जल भराव की समस्या को लेकर नगर परिषद, जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा संयुक्त अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जा रहा है। शाम को टीम जब अतिक्रमण हटाते हुए विधायक के घर के पास पहुंची तो उनके चाचा प्रदीप बोहरा समर्थकों ने हंगामा किया। टीम के साथ कलेक्टर भी मौजूद थे। इस दौरान विधायक के समर्थक बुलडोजर के सामने खड़े हो गए थे। कलेक्टर ने समर्थकों को समझाने का प्रयास किया तो एक समर्थक ने धक्का-मुक्की कर दी और उनकी कॉलर पकड़कर खींचा। इस बीच कलेक्टर के बॉडीगार्ड ने भीड़ को हटाने के लिए रिवॉल्वर निकाल ली थी। आज सामने आए वीडियो में बॉडीगार्ड रिवॉल्वर लोड करते भी नजर आ रहा है। वो हवाई फायर करने की तैयारी में था। इससे पहले एसपी सुमित मेहरड़ा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। फिर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई।

विधायक के चाचा से पूछताछ

शुक्रवार रात की घटना के दौरान प्रदीप बोहरा विधायक के घर में घुस गया था। उसके समर्थक भी एसपी और पुलिस फोर्स पहुंचने के बाद पीछे हट गए थे। हालांकि, विधायक के चाचा का दावा है कि उनके द्वारा किसी भी प्रकार की धक्का-मुक्की नहीं की है। अंधेरे में किसी समर्थक ने किसी को धक्का दिया होगा तो उसकी जानकारी नहीं है। घटना को लेकर निहालगंज थाने में मामला दर्ज कराया गया है। शनिवार सुबह प्रदीप बोहरा व उनके कई समर्थकों को पुलिस पूछताछ ने थाने में पूछताछ भी की। उसके बाद प्रदीप बोहरा थाने से निकल गए।

पेट में क्या है, मन में क्या है, वह तो जुबान पर आना नहीं चाहिए : सचिन पायलट

जयपुर, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस के दिग्गज नेता और टोंक विधायक सचिन पायलट इन दिनों राजस्थान की सियासत में काफी सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। इस बीच सचिन पायलट का एक बयान काफी सुर्खियों में है, जहां उन्होंने राजनीति पर टिप्पणी करते हुए इशारों में निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 'पेट में क्या है, मन में क्या है, वह तो जुबान पर आना नहीं चाहिए।' यह बयान उन्होंने राजनीति के चलते असमंजस और विचारों की पारदर्शिता पर बात करते हुए दिया। इधर, राजनीतिक परिपेक्ष को लेकर पायलट का यह बयान सियासी गलियारों में जमकर चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं, राजनीतिक जानकार उनके इस बयान के मायने समझने की कोशिश कर रही हैं। पायलट इन दिनों केंद्र और राज्य सरकार दोनों को जमकर घेर रहे हैं। स्वर्गीय राजेश पायलट की मूर्ति के अनावरण के मौके पर दौसा में पायलट ने केंद्र और राज्य सरकार पर जमकर सियासी हमले किए। उन्होंने कहा कि 'फौजी के जो मन में होता है, वहीं जुबां पर होता है, फौजी तो सीधी बात बोलते हैं, हां तो हां ना तो ना...राजनीति में उल्टा है। लेकिन, पेट में क्या है, मन में क्या है, वो तो जुबां पर आना ही नहीं चाहिए।' पायलट ने कि राजनीति में कभी-कभी लोगों के असल विचार और नीयत सीधे तौर पर सामने नहीं आते हैं, और कई बार राजनीतिक नेता अपने असल मनोभावों को सार्वजनिक तौर पर व्यक्त करने से बचते हैं। सचिन पायलट के इस बयान में उन्होंने यह भी संकेत दिया कि राजनीति में अक्सर संकोच और संयम की जरूरत होती है, ताकि समाज में सही संदेश जाए और एकता बनी रहे।

भारी पड़ी सोशल मीडिया पर अनजान युवक से दोस्ती

नजदीकियां बढ़ाकर किया दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग का भी आरोप

जोधपुर, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। सोशल मीडिया पर अनजान लोगों से दोस्ती करना कितना खतरनाक साबित हो सकता है यह जोधपुर में एक मामले में सामने आया है, जहां एक युवती को इंस्टाग्राम पर एक युवक से दोस्ती करना भारी पड़ गया। युवक ने इलाज का बहाना बनाकर युवती को जोधपुर बुलाया और होटल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। युवती का यह भी आरोप है कि आरोपी ने उसका अश्लील वीडियो बनाकर बाद में उसे ब्लैकमेल किया और बार-बार शारीरिक शोषण किया।

पुलिस के अनुसार पीड़िता ने जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट के पश्चिमी जिले के एक थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। युवती जोधपुर से सटे जिले की रहने वाली है और इंस्टाग्राम पर उसकी आरोपी युवक से पहचान हुई थी। युवक ने पहले सोशल मीडिया पर नजदीकियां बढ़ाईं फिर इलाज के बहाने जोधपुर बुलाकर एक होटल में ठहराया और वहां दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। युवती का कहना है कि आरोपी ने होटल में ले जाकर उसके आपत्तिजनक वीडियो बनाए और फिर उन्हें दिखाकर धमकाता रहा। बार-बार ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर पीड़िता ने अंततः पुलिस से संपर्क किया। थानाधिकारी ने बताया कि युवती की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

डेढ़ साल पुराने मर्डर केस में सनसनीखेज खुलासा

सरकारी टीचर प्रेमी-प्रेमिका गिरफ्तार डीएनए रिपोर्ट से हत्या की पुष्टि

जोधपुर, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। जोधपुर के देचू थाना क्षेत्र में डेढ़ साल पुराने युवक की गुमशुदगी का मामला अब मर्डर मिस्ट्री में तब्दील हो चुका है। पुलिस ने चूरू निवासी नीतेंद्रराज उर्फ प्रदीप की हत्या के आरोप में सरकारी स्कूल के दो शिक्षकों—प्रेमी-प्रेमिका को गिरफ्तार किया है। मामले ने उस वक्त मोड़ लिया जब एक नरकंकाल की डीएनए रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि वह शव नीतेंद्रराज का ही है।

परीक्षा के बहाने निकला, वापस नहीं लौटा

नीतेंद्रराज 5 नवंबर 2023 को जोधपुर में परीक्षा देने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन कभी वापस नहीं लौटा। आखिरी बार उसके पिता की बेटे से 6 नवंबर को शाम 6 बजे बात हुई थी, जिसमें उसने रात 3:30 बजे वाली ट्रेन से लौटने की बात कही थी। इसके बाद उसका कोई अता-पता नहीं चला। 7 नवंबर को जब पिता ने बेटे को कॉल किया, तो फोन देचू थाने में मिला। जांच में सामने आया कि यह मोबाइल जैसलमेर में एक बस कंडक्टर को मिला था। उसने बताया कि एक लड़का और लड़की साथ में बस से उतरे थे, और वहीं यह मोबाइल छूट गया था। फोन में मिले कॉल रिकॉर्ड्स से शक की सुई ममता मीणा पर आकर टिक गई। रिकॉर्डिंग में ममता नीतेंद्रराज को जबरदस्ती मिलने बुला रही थी। जांच में सामने आया कि ममता मीणा जोधपुर जिले के रामसरी स्थित एक सरकारी स्कूल में टीचर है और जयकरण मीणा नामक एक अन्य टीचर के साथ उसके संबंध थे।

नरकंकाल से खुली हत्या की परतें

15 दिसंबर को जुगराज देचू थाने पहुंचे, जहां उन्हें पता चला कि कुछ दिन पहले मोहनपुरी बाबा मंदिर के पीछे एक नरकंकाल मिला था। पुलिस ने पहले इसे जानवरों द्वारा निकाला गया शव मानकर फिर से दफना दिया था। जुगराज के आग्रह पर जब नरकंकाल को दोबारा निकाला गया और डीएनए टेस्ट कराया गया, तो रिपोर्ट में कंकाल नीतेंद्रराज का निकला।

आईपीएस हेमंत कलाल कानून के शिकंजे में...?

मामला पहुंचा राजस्थान हाई कोर्ट, 15 अप्रैल को होगी सुनवाई

जयपुर, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। जोधपुर कमिश्नरेट में तैनात युवा आईपीएस हेमंत कलाल से जुड़ा एक विवाद सामने आया है। कलाल पर अपने पद का दुरुपयोग करते हुए एक व्यक्ति को अवैध रूप से हिरासत में रखने का आरोप लगा है। यह मामला करीब एक महीने पहले का है, लेकिन यह प्रकरण राजस्थान हाईकोर्ट तक पहुंच गया। ऐसे में यह फिर से सुर्खियों में आ गया है। आईपीएस हेमंत कलाल वही अधिकारी हैं, जिन्होंने पिछले दिनों जोधपुर सेंट्रल जेल की पोली थी। अब वे खुद कानूनी शिकंजे में फंसते हुए नजर आ रहे हैं।

बहन के केस में आईपीएस ने दिखाई धौंस

आईपीएस हेमंत कलाल राजस्थान के डूंगरपुर जिले के रहने वाले हैं। उदयपुर में ही उनकी बहन का एक केस चल रहा है। बहन ने अपने पति और ससुराल वालों पर दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज करा रखा है। बहन के पति देवेंद्र मूलरूप से डूंगरपुर के सीमलवाड़ा के रहने वाले हैं। पिछले कुछ वर्षों से वे बैंगलोर में एक कोचिंग इंस्टीट्यूट चलाते हैं। कलाल की बहन का आरोप है कि उनके पति देवेंद्र कलाल ने उन्हें मानसिक और शारीरिक पीड़ा पहुंचाई। पहली पत्नी के होते हुए भी सिरोही निवासी एक युवती के साथ दूसरी शादी करने का भी आरोप लगाया। इस मामले में उदयपुर पुलिस कोर्ट में चालान भी पेश कर चुकी है। आईपीएस हेमंत कलाल पर आरोप है कि वे अपने पद का दुरुपयोग करते हुए देवेंद्र को परेशान कर रहे हैं।

अवैध हिरासत में रखने का आरोप

एडवोकेट एके जैन ने बताया कि आईपीएस हेमंत कलाल ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए देवेंद्र कलाल के मोबाइल को ट्रेकिंग पर ले रखा है। 25 फरवरी को देवेंद्र कलाल किसी काम से जयपुर आए थे। तब उनकी लोकेशन पता करते हुए श्याम नगर पुलिस थाने का एक सिपाही एक प्राइवेट व्यक्ति के साथ आया। देवेंद्र को जबरन पुलिस थाने ले गए। वहां पर करीब 6 घंटे तक अवैध हिरासत में रखा। इस मामले में न्याय पाने के लिए देवेंद्र ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। मामले में कोर्ट ने श्याम नगर थाना प्रभारी, आईपीएस हेमंत कलाल और अन्य पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। इस मामले की सुनवाई अब 15 अप्रैल को होनी है।

जेल की पोल खोलकर सुर्खियों में आए आईपीएस हेमंत कलाल

पिछले दिनों आईपीएस हेमंत कलाल जोधपुर सेंट्रल जेल की पोल खोलकर मीडिया की सुर्खियों में आए थे। जेलों में आए दिन मोबाइल और अन्य प्रतिबंधित सामान मिलते रहते हैं। ऐसे में 30 जनवरी 2025 को वे अपनी टीम के साथ जोधपुर सेंट्रल जेल का औचक निरीक्षण करने पहुंचे थे। जेल के मुख्य द्वार पर ड्यूटी कर रहे इंस्पेक्टर ने आईपीएस और उनकी टीम को जेल में प्रवेश करने की इजाजत नहीं दी।

दो पिस्टल और कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

अजमेर, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। जिले के नसीराबाद सदर थाना क्षेत्र में अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस और जिला स्पेशल टीम की संयुक्त कार्रवाई में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है, जिसके पास से दो देशी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। आरोपी की पहचान मनीष, निवासी घुघरा के रूप में हुई है।

उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। मामले में थाना प्रभारी अशोक बिश्नोई ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार अवैध हथियारों के खिलाफ सभी थानों को सतर्क किया गया था। इसी क्रम में अजमेर एसपी वंदिता राणा के निर्देशन में नसीराबाद सदर थाना पुलिस और डीएसटी की टीम ने कार्रवाई की।

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत बोले-पीछे रह गए लोगों की चिंता करने वाला समाज हमेशा आगे बढ़ता है

जयपुर, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि जो समाज पीछे रह गए लोगों की चिंता करता है, वह हमेशा आगे बढ़ता है। हमें इस पर विचार करना होगा कि कैसे समाज के कमजोर लोगों को संबल प्रदान कर उन्हें भी आगे की कतार में खड़ा किया जा सकता है। शनिवार को अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा, राजस्थान (महिला प्रकोष्ठ) के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा द्वारा प्रदत्त सृजन क्षमता हम सब लोगों के पास में है, जिसके आधार पर ही समाज ने प्रगति भी की है। उसको नए-नए तरीकों से आगे बढ़ाने की जरूरत है, जिससे आने वाले पीढ़ी प्रेरित हो सकें। शेखावत ने कहा कि हमें इस प्रगति के साथ पीछे मुड़कर देखने की आवश्यकता हमेशा महसूस करना होगी, तभी समाज में पीछे खड़े व्यक्ति भी अग्रिम पंक्ति में आ सकेगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि समाज को व्यवसाय के नए क्षेत्रों में भी काम करने की जरूरत है। इस पर विचार करना होगा कि हमारे पैतृक व्यवसाय से आगे निकलकर हमारी आने वाली पीढ़ियां किस तरह नए क्षेत्रों के व्यसाय में समाहित हो सकते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दृढ़संकल्प वह ताकत होती है, जो किसी भी समाज में ट्रांसफॉर्मेशन ला सकता है। दो लोग मिलकर भी यह ट्रांसफॉर्मेशन ला सकते हैं।

उत्तम चावल का वितरण महत्वाकांक्षी निर्णय है: जिला कलेक्टर

कुमरमभीम आसिफाबाद, 5 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे ने कहा कि सरकार ने गरीबों का पेट भरने के लिए बढ़िया चावल वितरित करने का महत्वाकांक्षी निर्णय लिया है।

दक्षिण मध्य रेलवे

हमें @SCRailwayIndia पर फॉलो करें
द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in

ई-निविदा सूचना सं. सी-एसजी-पीटी-एचडीएन-पीएमएस-01 दि.2-4-2025 PUB/0344

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, डीवाय. सीएसटीइ/परियोजनाएं/दूरसंचार/ एससी द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

निविदा सं. व तिथिः सी-एससी-पीटी-एचडीएन-पीएमएस-01, दि.2-4-2025, **कार्य विवरणः दक्षिण मध्य रेलवे(दमरे)** के हाय डेन्सिटी नेटवर्क में कवच तथा 4जी एलटीइ-आर के प्रावधान हेतु ग्राउण्ड इनफ्रास्ट्रक्चर कार्यों के लिए, परियोजना प्रबंधन सेवाएं प्रदान करने हेतु प्राधिकार अभियंता या एथारिटी इंजीनियर की नियुक्ति करना। अनुमानित परियोजना लागतःरु.7,49,85,775.79, बोली सुरक्षाः रु.3,74,900.00, **पूरा करने की अवधिः** 24 महिने, बोली बंद करने की तिथि**(बिड ड्यू डेट) 2-5-2025 के 15.00 बजे, बोली खोलने की तिथिः** 2-5-2025 के 15.00 बजे के बाद, **आफर वैधः** बोली बंद करने की तिथि से लेकर 120 दिन, निविदा पुस्तिका मूल्यःरु. शून्य. सभी बिड्डिंग या बोली, इंडियन रेलवे ई-टेंडरिंग पोर्टल www.ireps.gov.in पर होगी। इस निविदा के प्रति मैन्युएल आफर्स अमान्य हैं।

डीवाय.सीएसटीइ/परियोजनाएं/दूरसंचार/ सिकंदराबाद

ई-निविदा आमंत्रण सूचना (https://ireps.gov.in द्वारा) PUB/0345

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मुख्य बिजली अभियंता, निर्माण, दक्षिण मध्य रेलवे(दमरे), सिकंदराबाद द्वारा निम्न कार्यों हेतु दो पैकेट टेंडरिंग प्रणाली में ई-निविदा आमंत्रित हैं।

क्रम सं.-1, एनआईटी सं.- इ29सीटीआरडीएससी_ 01-2025-26 दि.2-4-2025, **कार्य विवरणः निविदा सं.** इ29सीटीआरडीएससी_ 01-2025-26 दि.2-4-2025, दमरे के तहत सिकंदराबाद डिवीजन में काजीपेट-कोण्डापल्ली सेक्शन के बीच ट्रिपलिन्ग के मध्देनजर, प्रस्तावित डोर्नकल में मौजूदा ओएचइ में परिवर्तन सहित 2x25 केवी, 50एचजेड, सिंगल फेज, ए.सी. ट्रैक्शन ओवरहेड उपकरण के साथ 65 स्के.एमएम कैटेनरी वायर एवं 150/107 स्के.एमएम कान्टैक्ट वायर एल.टी. सप्लाई ट्रांसफार्मर स्टेशन्स की डिजाइन, आपूर्ति, इरेक्शन, परीक्षण तथा स्थापना या कमीशनींग कार्य। विवरणः अनुमानित लागतःरु.13,88,88,072.05, पूधरा/बोली सुरक्षाःरु.8,44,500.00, **दस्तावेज मूल्यः** निविदा दस्तावेज को मुफ्त में आनलाइन में डाउनलोडिंग की व्यवस्था, **पूरा करने की अवधिः** 09 महिने, **बंद करने की तिथिः** 2-5-2025 के 15.00 बजे

1. बोली दस्तावेज व अन्य विवरण हेतु कृपया वेबसाइटः https://ireps.gov.in पर लागिन करें।

2. बोलीदाता द्वारा बोली सुरक्षा राशि को https://ireps.gov.in माध्यम से जमा करना चाहिए अथवा भारतीय अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बाण्ड के रूप में प्रस्तुत करना चाहिए। यह बैंक गारंटी बाण्ड, एप्पेन्डिक्स- VII नुसार होना चाहिए एवं यह बाण्ड, बोली वैध अवधि से परे, 90 दिन की अवधि तक वैध होना चाहिए। इस मामले में डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, डिपाजिट रीसीप्ट्स, एफडीआर आदि के रुप में मैन्युएल पेमेन्ट या भुगतान अमान्य है।

3.निविदादाता द्वारा अपने आफर्स को, आनलाइन रुप में, निविदा प्रस्तुति अवधि के दौरान, निविदा बंद करने की तिथि से लेकर पंद्रह दिन पहले, प्रस्तुत करना चाहिए।

4. निविदादाता, किसी भी शुध्दिपत्र (केवल आनलाइन पर जारी) को, निविदा प्रस्तुति अवधि के प्रारंभिक तिथि तक ही, देख सकते हैं।

उप मुख्य बिजली अभियंता-I/ निर्माण/सिकंदराबाद

ई-निविदा सूचना सं. 40- डिवाय.सीइ/जीएस/जीएनटी का शुध्दिपत्र PUB/0346

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों हेतु दि.7-4-2025 के 15.30 बजे तक आमंत्रित ई-निविदाओं को रध्द या कैंसिल किया गया है।

क्रम सं.1, टेंडर आयडीः 79, सेक्शनः डीवाय.सीइ/जीएस/जीएनटी, कार्य विवरणः गुंटूर डिवीजनः बेमुरु (बीएमयु) गूड्स शेड पर सुविधाओं का विकास कार्य।

तत्संबंधित शुध्दिपत्र को, ई-पोर्टल :www.ireps.gov.in पर अपलोड किया गया है।

उप मुख्य अभियंता, गति शक्ति गुंटूर

निविदा सं.-जीटीएल-इएम-01-2025-26 दि.4-4-2025 PUB/0347

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/ रखरखाव/गुंटकल द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

निविदा सं.जीटीएल-इएम-01-2025-26, कार्य विवरणःगुंटकल डिवीजनः तत्संबंधित डिवीजन में अक्षम, नान-स्टार रेटेड पुराने एयर कंडीशनरों के स्थानपर, स्टार रेटेड इन्वर्टर एयर कंडीशनरों का प्रावधान।
अनुमानित लागतः रु.92,49,517.60

बंद करने की तिथि व समयः 25-04-2025 के 15.00 बजे

टेंडर बिड्डिंग तथा अन्य विवरण हेतु https://www.ireps.gov.in पर लागिन करें। निविदा के शुध्दिपत्र को, यदि कोई हो तो उसे केवल आनलाइन पर ही जारी किया जायेगा। निविदादाता द्वारा, निविदा दस्तावेज को, निःशुल्क रुप में https://www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

टिप्पणीः निविदादाता के पास, इस निविदा में सहभागिता/बोली में भाग लेने के लिए, वैध डीएससी (डिजीटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट) प्रमाणपत्र होना चाहिए।

वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, रखरखाव, गुंटकल
A0433

अतिरिक्त निविदा शर्तों विवरणों के लिए और निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने के लिए कृपया वेबसाइट https://www.ireps.gov.in' या www.scr.indianrailways.gov.in देखें

कांचा गच्चीबावली की जमीनों पर फर्जी वीडियो और फोटो वायरल होने पर राज्य सरकार गंभीर

सरकार एआई फर्जी सामग्री के निर्माण की जांच के लिए न्यायालय से अपील करेगी

हैदराबाद, 5 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार ने सोशल मीडिया नेटवर्क पर फर्जी वीडियो और फोटो के माध्यम से विवाद पैदा करने पर गंभीर चिंता व्यक्त की कि सरकार ने हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय की जमीनों को जब्त कर लिया है। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने सचिवालय में कांचा गच्चीबावली की जमीनों के संबंध में न्यायालय में लंबित मामलों की समीक्षा की। बैठक में उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क, मंत्री-सीतक्का, पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी, मुख्य सचिव शांति कुमारी, डीजीपी जितेंद्र, पीसीसीएफ आरएम डोबरियाल, टीजीआईआईसी के एमडी विष्णुवर्धन रेड्डी और संबंधित विभागों के अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को पिछले 25 वर्षों में कांचे गच्चीबावली में सर्वेक्षण संख्या 25 की भूमि पर विकसित परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी। सर्वे क्रमांक 25 में विश्व प्रसिद्ध आईएसबी, गच्चीबावली स्टेडियम, आईआईआईटी के साथ-साथ निजी भवन, आवासीय अपार्टमेंट और हैदराबाद विश्वविद्यालय भवन का निर्माण किया गया था। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया कि उपरोक्त संस्थानों के निर्माण के दौरान कोई विवाद या चिंता सामने नहीं आई। निर्माण के समय वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण के मुद्दों पर ऐसा कोई विवाद नहीं था। उस मामले में, उच्च स्तरीय बैठक में उसी सर्वेक्षण में 400 एकड़ सरकारी भूमि के विकास पर विवाद के पीछे के कारणों पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस विवाद ने राष्ट्रीय बहस को जन्म दिया क्योंकि कुछ लोगों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके फर्जी वीडियो और तस्वीरें बनाईं और उन्हें सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित किया। अधिकारियों ने सीएम को बताया कि सरकार द्वारा जमीनों पर तथ्यों का खुलासा करने से पहले ही मनगढ़ंत वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं और यह उनके लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है। शीर्ष पुलिस अधिकारियों ने सीएम रेवंत रेड्डी को समझाया कि कुछ निहित स्वार्थों ने रोते हुए मोर और घायल हिरणों के नकली वीडियो और एआई तस्वीरें बनाईं, जिन्हें बुलडोजर से मारा जा रहा था। यहां तक कि विभिन्न क्षेत्रों के कुछ प्रसिद्ध व्यक्तियों ने भी सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाले फर्जी वीडियो और फोटो को सच मान लिया और इससे झूठ को और हवा मिली। बैठक में केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी, पूर्व मंत्री जगदीश रेड्डी, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ध्रुव राठी, फिल्मी हस्तियां जॉन अब्राहम, दीया मिर्जा और रवीना टंडन ने भी सोशल मीडिया पर फर्जी पोस्ट (वीडियो और फोटो) को सच मानकर अपलोड करके समाज को गलत संदेश दिया। जाने-माने पत्रकार सुमित झा ने जमीन पर फर्जी वीडियो पोस्ट किया और कुछ ही समय में पोस्ट को डिलीट कर माफी मांगी। कुछ अन्य प्रमुख व्यक्तियों ने भी इस तथ्य को समझे बिना वही फर्जी वीडियो फैलाया। उच्च स्तरीय बैठक में महसूस किया गया कि कांचे गच्चीबावली की जमीन पर एआई का उपयोग करके पैदा किया गया विवाद लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए एक बड़ी चुनौती है। सीएम और अधिकारियों ने भविष्य में संवेदनशील मुद्दों, खासकर भारत-पाक और भारत-चीन सीमा पर विवादों पर एआई के साथ फर्जी सामग्री बनाने पर बड़े जोखिम के खतरे पर चर्चा की। बैठक में गंभीर चिंता व्यक्त की गई कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्वारा बनाए गए फर्जी वीडियो और फोटो समाज के लिए कोरोना महामारी से भी बड़ा खतरा होंगे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे राज्य सरकार की ओर से न्यायालय में अपील करें कि एआई फर्जी सामग्री के निर्माण की जांच का आदेश दिया जाए, जिसने पूरे समाज को गुमराह किया है। सीएम रेवंत रेड्डी ने पुलिस अधिकारियों को साइबर अपराध विभाग को मजबूत करने का भी आदेश दिया ताकि ऐसी घटनाओं को फिर से होने से रोका जा सके और सुझाव दिया कि एआई फर्जी सामग्री का तुरंत पता लगाने के लिए आवश्यक उन्नत फोरेंसिक हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर उपकरण उपलब्ध कराए जाएं।

एडीजीपी ने डॉ. बाबू जगजीवन राम को श्रद्धांजलि अर्पित की

हैदराबाद, 5 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व उप प्रधानमंत्री डॉ. बाबू जगजीवन राम की जयंती के अवसर पर, कानून एवं व्यवस्था अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक महेश एम. भागवत ने शनिवार को डीजीपी कार्यालय में उनके चित्र पर माल्यार्पण किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बोलते हुए, एडीजीपी महेश एम. भागवत ने कहा कि डॉ. बाबू जगजीवन राम न केवल एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे, बल्कि एक अथक समाज सुधारक भी थे, जो पिछड़े वर्गों से उठकर भारतीय संसद में विभिन्न प्रमुख पदों पर देश की सेवा करने के लिए आगे बढ़े।

उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री के रूप में उनका कार्यकाल राष्ट्र निर्माण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और समर्पण का प्रमाण है। श्री भागवत ने इस बात पर प्रकाश डाला कि ऐसे दूरदर्शी नेताओं के आदर्श और आकांक्षाएँ लोगों के दिलों में जीवित हैं। उन्होंने सभी से, विशेषकर युवाओं से, डॉ. जगजीवन राम के जीवन से प्रेरणा लेने तथा सामाजिक न्याय, समानता और राष्ट्र सेवा की उनकी विरासत को आगे बढ़ाने का प्रयास करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में डीजीपी कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी भाग लिया।

आदिलाबाद के ममीदीगुडा गांव में गंभीर पेयजल संकट

आदिलाबाद, 5 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। इंदरवेल्ली के अंधगुडा गांव के अंतर्गत ममीडिगुडा गांव में मिशन भागीरथ योजना के तहत जलापूर्ति नहीं होने के कारण निवासियों को पिछले कुछ दिनों से गंभीर पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। निवासियों ने बताया कि उनके पास दो किलोमीटर दूर खेत में स्थित बोरवेल से कुछ घड़े पीने का पानी लाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने बताया कि पेयजल योजना के नलों से पानी की आपूर्ति नहीं होने के कारण उन्हें बोरवेल पर निर्भर रहना पड़ता है। महिलाएं हर रोज गर्मी की तपती धूप में सिर पर बर्तन ढोती हैं।

पुरुष पानी से भरे प्लास्टिक के ड्रमों को बैलगाड़ी में लादकर नहाने और बर्तन साफ करने के लिए ले जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि किसान ने उन्हें अपने बोरवेल से पानी इस्तेमाल करने की अनुमति देकर उनकी मदद की। निवासियों ने अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे जल्द से जल्द उनकी समस्या का समाधान करें। उन्होंने कहा कि अगर पारा जल्दी ही बढ़ गया तो वे लंबी दूरी तय नहीं कर पाएंगे।

एनआईआरडीपीआर और किस-डीयू ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

हैदराबाद, 5 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)।एनआईआरडीपीआर और किस-डीयू के बीच साझेदारी से ग्रामीण और आदिवासी विकास, गरीबी उन्मूलन और गांव स्तर पर सामाजिक सुरक्षा पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। दोनों संस्थान अपने साझा लक्ष्यों को प्राप्त करने और ग्रामीण क्षेत्रों में आदिवासी समुदायों के लिए बेहतर भविष्य बनाने के लिए एक-दूसरे की ताकत का लाभ उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) हैदराबाद और कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी (किस-डीयू) भुवनेश्वर ने आदिवासी क्षेत्रीय/क्षेत्रीय विकास मुद्दों पर साक्ष्य-आधारित अनुसंधान और क्षमता निर्माण को मजबूत करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। 4 अप्रैल, 2025 को हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन का उद्देश्य आदिवासी विकास पर पाठ्यक्रम, ग्रामीण उद्यमिता विकास में अनुभवात्मक शिक्षा, एनटीएफपी मूल्य श्रृंखला विकास, स्वदेशी सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना, पहचाने गए ग्रामीण कौशल का विस्तार और आदिवासी आजीविका जैसे क्षेत्रों में दो प्रमुख संस्थानों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर बोलते हुए, एनआईआरडीपीआर के महानिदेशक डॉ जी नरेंद्र कुमार आईएएस ने रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने और ज्ञान, कौशल और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान को सक्षम करने वाले अनुसंधान की पृष्ठभूमि में दोनों संस्थानों के बीच सहयोग पर जोर दिया। केआईएसएस-डीयू के रजिस्ट्रार डॉ प्रशांत कुमार राउत्रे ने दोनों संस्थानों द्वारा आदिवासी सशक्तीकरण, हाइब्रिड मोड के माध्यम से सीखने और अनुभवों को साझा करने के लिए मिलकर काम करने की इच्छा व्यक्त की। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर समारोह में दोनों संस्थानों के प्रमुख सदस्यों ने भाग लिया। एनआईआरडीपीआर के रजिस्ट्रार और निदेशक प्रशासन मनोज कुमार और केआईएसएस-डीयू के रजिस्ट्रार डॉ. प्रशांत कुमार राउत्रे ने एनआईआरडीपीआर के प्रो. आर एस गवली, प्रो. ज्योतिष सथपालन, डॉ. दिगंबर ए चिमनकर, डॉ. केशव राव और केआईएसएस डीयू के डॉ. सरोज दास और अन्य संकाय सदस्यों की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

मंत्री पोन्नम प्रभाकर आज उत्तराखंड जाएंगे

हैदराबाद, 5 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। सामाजिक न्याय के सशक्तिकरण पर केंद्रीय सामाजिक न्याय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में इस महीने की 7 और 8 तारीख को देहरादून में चिंतन शिविर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। चिंतन शिविर में देशभर के विभिन्न राज्यों से पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के मंत्री भाग लेंगे। मंत्री पोन्नम प्रभाकर दो दिनों के लिए देहरादून में आयोजित होने वाले चिंतन शिविर में तेलंगाना लोक प्रशासन सरकार के तहत पिछड़े वर्गों के कल्याण विभाग द्वारा कार्यान्वित योजनाओं, उनके कल्याण और विकास, देश के लिए दिशा-निर्देश के रूप में जाति गणना, बीसी के लिए राजनीतिक शिक्षा नौकरियों में 42 प्रतिशत आरक्षण पर भाषण देंगे।इस चिंतन शिविर के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा कल्याण विभागों, राज्यों और केंद्र के मिलकर कार्यान्वित किए जा रहे कानूनों, योजनाओं पर चर्चा होती है। चिंतन शिविर में पिछड़े वर्गों, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, वरिष्ठ नागरिकों, नशा करने वालों, नशीली दवाओं के दुरुपयोग के पीड़ितों, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों, भिखारियों, मैनुअल स्कैवेंजर्स, खानाबदोश जनजातियों, आर्थिक रूप से पिछड़े विकलांग व्यक्तियों के कल्याण के लिए विभिन्न कानूनों और योजनाओं के कार्यान्वयन पर चर्चा होगी।

जमीन बचाने के लिए यूएचटीए ने सभी की सराहना की

यूएचटीए ने सरकार के सामने कई मांगें रखी

